ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 5, अंक 80, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



करण की किल का ट्रेलर रिलीज 16

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 15

## एक नजर

### फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर गुरुवार को रोक लगा दी। फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी। कोर्ट ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली के वकील फौजिया शकील की दलीलों पर बम्बई हाईकोर्ट से याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने को कहा। पीठ ने कहा, हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा और सभी आपत्तिजनक संवाद अब भी बरकरार हैं।

### चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यह विकास अन्य अनुमानों से अधिक है लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने शुरुआती अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### पराग दूध आज शाम से दो रुपये प्रति लीटर महंगा

**लखनऊ।** लखनऊ दुग्ध संघ ने 14 जून की शाम से पराग दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। कीमतों में वृद्धि सभी वैरायटी में की गई है। इनमें पराग गोल्ड, टोंड समेत सभी तरह के दूध हैं। लखनऊ कार्यक्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में दूध की ये नई दरें शुक्रवार शाम से प्रभावी हो जाएंगी। कंपनी के महाप्रबंधक विकास बालियान ने बताया कि एक लीटर पराग गोल्ड की नई कीमत अब 68 रुपये होगी। पहले यह 66 रुपये लीटर था। 54 रुपये में मिलने वाला टोंड मिल्क 56 रुपये लीटर मिलेगा। लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में बिक रहे दूध पर नई कीमतें प्रभावी होंगी।

## अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति


अजीत डोभाल


डॉ. पीके मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।

## हसनपुर के एसडीएम का तबादला, ईओ को किया निलंबित

### जिंदा गोवंशीय पशुओं को दफनाने के मामले में निदेशक नगर निकाय और जिलाधिकारी ने की कार्रवाई

**संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)/लखनऊ**

- मामला शासन तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी ने की सख्ती
- सुनीता सिंह को सौंपा गया हसनपुर की एसडीएम का कार्यभार

**अमृत विचार :** हसनपुर की कान्हा गोशाला में मृत सात गोवंशीय पशुओं के साथ कुछ जिंदा गोवंश को दफनाने का मामला शासन तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने एसडीएम भगत सिंह का तबादला कर दिया। इनकी जगह एसडीएम सुनीता सिंह को हसनपुर तहसील क्षेत्र का कार्यभार सौंपा है। जिलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद शासन से ईओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

हसनपुर नगर के मोहल्ला खेवान स्थित कान्हा गोशाला में बुधवार रात सात गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद अधिकारियों के कहने पर गोशाला के कर्मचारी मृत गोवंशीय पशुओं के साथ जिंदा पशुओं को भी जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दफना रहे थे, तभी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। उन्होंने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। गुरुवार को जिलाधिकारी ने घटना की रिपोर्ट शासन को भेजी। इसमें गोवंशीय पशुओं को जिंदा दफनाने को लेकर अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई।

> हमारी संस्कृति एवं परम्परा किसी भी रूप में पशु क्रूरता के खिलाफ है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता के प्रति सरकार की सहनशीलता शून्य है। इसी के तहत संबंधित दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गई।
> **-एके शर्मा,** नगर विकास मंत्री

उधर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर निदेशक नगरीय निकाय डॉ. नितिन बंसल ने डीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। प्रदीप नारायण दीक्षित द्वारा हसनपुर नगर पालिका परिषद के अंतर्गत संचालित कान्हा गोशाला में गोवंशों के रखरखाव, संरक्षण और इनके स्वास्थ्य के प्रति घोर अनियमितता बरतने के साथ पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उदासीनता और लापरवाही बरतने के दोषी पाए गए हैं। निलंबन की अवधि में अधिकारी को मण्डलायुक्त कार्यालय मुरादाबाद से संबंद्ध कर दिया गया है। मामले में

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी का कहना है कि मृत गोवंशीय पशुओं के शवों का सही तरीके से निस्तारण नहीं किया गया। जिसमें एसडीएम व ईओ की लापरवाही सामने आई है।

# नीट-यूजीः ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

## छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

### प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

### कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

# कानपुर में पांचवीं मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत

### बुधवार देर रात मेडिकल कॉलेज में परीक्षा भवन की 5वीं मंजिल से डक्ट में गिरी

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- छत पर दो बैचमेट डॉक्टरों के साथ चल रही थी पार्टी, बैचमेट पर हत्या का आरोप
- सुरेश शर्मा नगर बरेली की थी निवासी, मेरठ मेडिकल कॉलेज में 25 को थी ज्वाइनिंग
- डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं, पेट में अल्कोहल भी पाया गया



**अमृत विचार :** स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में बने परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से महिला एमबीबीएस डॉक्टर की मौत हो गई। बरेली निवासी महिला डॉक्टर अपने दो साथी पुरुष डॉक्टरों के साथ पांचवीं मंजिल पर पार्टी कर रही थी। पुलिस ने दोनों साथी डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। परिजनों ने दोनों डॉक्टरों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम में महिला डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटों का पता चला है। पेट में अल्कोहल भी मिला है। आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के ग्राम अजनौरा के रहने वाले रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर बरेली में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने वहां बरेली के थाना बारादरी के सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने वाले उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी (24) के साथ रह रहे हैं। पिता के अनुसार बेटी दीक्षा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया था। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। वह तीन दिन पूर्व मेरठ गई थी। 25 जून से उसे नौकरी पर रेगुलर होना था। वह अपना सामान लेने कानपुर गई थी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा आर्यनगर में किराए पर कमरा लेकर रह रही थीं। वह एक डॉक्टर के रिलेशनशिप में थीं। मेरठ जाने से पहले उनके बैचमेट डॉक्टर मयंक और डॉक्टर हिमांशु ने आर्य नगर में एक रेस्टोरेंट में पार्टी की। इसके बाद बुधवार देर रात करीब 1 बजे वह लोग मेडिकल कॉलेज कैंपस में परीक्षा भवन में गए और पांचवीं मंजिल पर फिर से पार्टी शुरू की। तीनों डॉक्टर डक्ट की पांच फुट ऊंची दीवार पर चढ़कर बैठ गए। पुलिस ने बताया कि दीक्षा बीच में बैठी थी और दोनों डॉक्टर अगल-बगल बैठे थे। तभी दीक्षा डक्ट की ऊपरी सतह की स्लैब तोड़ते हुए डक्ट में नीचे जा गिरी। दोनों डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान अवस्था में दीक्षा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी शिखर और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया। पिता प्रदीप तिवारी, अजीतमल निवासी मौसा अरुण दुबे, फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि दोनों साथी डॉक्टरों ने पार्टी के बाद उसकी हत्या करके डक्ट में फेंक दिया। आरोप है कि पुलिस की कहानी फिल्मी है।

## पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री


कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

**दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी**

**मंगाफ अग्निकांड**

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 45 भारतीय

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए थे। कुवैत के प्रथम उपप्रधानमंत्री शेख फहद के मुताबिक 48 शवों की पहचान कर ली गई है जिसमें 45 भारतीय और 3 फिलीपीन के हैं। एक शव की पहचान के प्रयास जारी है।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

### मृतकों में तीन उप्र. के

**लखनऊ।** कुवैत में आग की घटना में मरने वाले 45 भारतीयों में तीन उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य के आलाधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। मृतकों में प्रवीण माधव सिंह (वाराणसी), जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता (गोरखपुर) के हैं।

## आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।

### जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। जारी परिपत्र में कहा गया कि सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हो।

## लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 को

**नई दिल्ली।** लोकसभा 26 जून को नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को नोटिस दे सकते हैं। अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

## मुरादाबाद व गाजियाबाद के 3 अभियंता समेत 4 निलंबित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- बिजली आपूर्ति में लापरवाही पाए जाने पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मुरादाबाद व गाजियाबाद के तीन अभियंता समेत चार बिजली कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन पर बिजली आपूर्ति के लिए खराब गुणवत्ता की एलटी केबिल लगाने का आरोप है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन द्वारा निलंबित किए गए कर्मियों में अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खंड-तृतीय गाजियाबाद शेर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद रोहताश सिंह जंगपंगी, सहायक अभियंता विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद मनोज कुमार व भंडार अधीक्षक विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद अमित कुमार शामिल हैं। मुरादाबाद के विद्युत वितरण उपखंड-तृतीय बिलारी में एलटी केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली आपूर्ति लंबी अवधि के लिए बाधित हुई। जांच में केबल मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। केबल मेसर्स वी मार्क इंडिया लिमिटेड ने आपूर्ति किया था। अभियंताओं पर कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन न करने, निगम की छवि धूमिल करने, विभाग को वित्तीय हानि पहुंचाने का आरोप है।

## जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है।

# 25 प्रतिशत तक कम होगीं फ्लैट्स की कीमतें

### उप्र. के विभिन्न शहरों में विकास प्राधिकरणों के मकानों के लिए नई कास्टिंग गाइडलाइन तैयार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- कमेटी की तैयार रिपोर्ट शासन के पाले में, कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा

> मुख्यमंत्री की मंशानुरुप जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को लेकर दिए सुझाव व्यापक अर्थों में हैं। कैबिनेट से पास हो जाने पर आगे इसे लागू करने पर अमल किया जाएगा। - **नितिन रमेश गोकर्ण**, अपर मुख्य सचिव आवास

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में अलग-अलग आय समूहों के लिए तैयार प्राधिकरणों के फ्लैट्स की कीमतें 15 से 25 प्रतिशत तक कम हो सकतीं हैं। कीमतें कम करने के मद्देनजर कम्पाऊंड चार्ज कम करने के सुझाव के साथ एक कास्टिंग गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेजी गई है।

मार्च में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी ओवरहेड और कंटीजेंसी चार्ज कम कर 1000 फ्लैट बेचने की योजना बनाई थी, आने वाले समय में पूरे राज्य में यह प्रयोग लागू हो सकता है। दरअसल, राज्य में फिलहाल सम्पत्तियों की कीमतों की गणना साल 1999 में बनी कास्टिंग गाइडलाइन पर आधरित है। इसमें कई ऐसे चार्ज जुड़े हैं जिससे सम्पत्तियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अलग-अलग आय समूहों के लिए बने फ्लैट्स के बेसिक मूल्य पर कंटीजेंसी और ओवरहेड चार्ज लिया जाता हैं। एलडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कास्टिंग गाइड लाइन में बड़ा सुधार करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव शासन के पाले में है, अगर इस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली और बाद में इस प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करा लिया गया तो फलैट्स की कीमतें दो से पांच लाख रुपये तक कम हो सकतीं हैं।

अगर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो गया तो एचआईजी, एमआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के मकानों के कंटीजेंसी शुल्क में 8 जबकि ओवरहेड चार्ज में 7.50 फीसद की कमी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भूखण्डों पर लगने वाली ब्याज दरों में भी कमी होगी। इस कड़ी में शासन को भेजी गई गाइडलाइन में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी पर सात, एमआईजी पर आठ, एचआईजी पर 9 जबकि व्यावसायिक भवन भूखण्ड होने पर 11 फीसद ब्याज लेने का सुझाव दिया गया है। विलम्ब से भुगतान करने पर 2 फीसद अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

इसी तरह लीज होल्ड भवनों में भूमि के अतिरिक्त भवनों के निर्माण लागत पर फ्री होल्ड चार्ज न लेने का सुझाव दिया गया है। वहीं, आवंटी को 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर छह, 60 दिन में पूरे पैसे जमा करने पर पांच फीसद छूट जैसी सुविधा भी दी जाएगी।

## शहर में आज

☞मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में संतोषी मां की पूजा-अर्चना सुबह 7 बजे।

☞भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

## एक नजर

### टूर्नामेंट में राइजिंग स्टार्स 69 रन से दर्ज कराई जीत

**टांडा, अमृत विचार :** मंसब अली स्टेडियम में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में राइजिंग स्टार्स ने आजाद क्रिकेट क्लब को 69 रन से हरा कर मैच जीत लिया और दूसरे चक्र में प्रवेश कर लिया। राइजिंग स्टार्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 16 ओवर की समाप्ति पर आठ विकेट खोकर 142 रन का स्कोर किया। मौलाना शाह फहद ने चार चौके और दो छक्के की मदद से 14 गेंदों में 29 रन का योगदान दिया। आजाद क्लब के गौहर उर्फ कातिया दो ओवर के स्पेल में 14 रन देकर तीन विकेट चटका कर हैट ट्रिक हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने आयी आजाद क्लब की शुरूआत काफी खराब रही। उन्होंने पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए। इसको नुकसान यह हुआ कि उन्होंने यह मैच 69 रन से गंवा दिया। मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार शुऐब कुरैशी को पालिकाध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम ने दिया।

### उद्यमियों तक नहीं पहुंच रहीं सरकार की योजनाएं : श्रीष

**रामपुर, अमृत विचार :** आईआईए के सचिव श्रीष गुप्ता ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्यात प्रोत्साहन के लिए घोषित नीतियां निर्यातकों तक नहीं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी, ट्रेनिंग, एक्सपर्ट की सुविधा आदि केंद्र सरकार दे रही है। लेकिन निर्यातकों को इसकी जानकारी नहीं दी जाती। हाईवे स्थित होटल द रेडियंस पार्क में आईआईए की बैठक हुई। बैठक की शुरूआत आईआईए के चेयरमैन विपिन गुप्ता ने दीप जलाकर की। इसके बाद निर्यातक एसके गुप्ता ने मिंट के निर्यात में होने वाली समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। चंदौसी से आये फूल प्रकाश ने मिंट, मैंथा उद्योग से मंडी हटाने एवं जीएसटी पांच प्रतिशत कम करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

# समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोश

## व्यापारी बोले-भमरौआ मंदिर से आज तक नहीं हट सके बिजली के पोल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने बिजली विभाग के एसई को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** समस्याओं का समाधान नहीं होने पर व्यापारी नेता खूब गरजे। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी अधीक्षण अभियंता से मिले। उन्हें ज्ञापन देकर बताया कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। अभी तक भमरौआ मंदिर से बिजली के खंभे नहीं हट सके। इसके अलावा लोड बढ़वाने के लिए दी गई फाइल भी ऐसे ही पड़ी है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में व्यापारी गुरुवार को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय गर्ग से मिले। व्यापारियों पर हो रहे लगातार जुल्म और ज्यादती के बारे में अवगत कराया। कहा कि विकास



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

हित में लघु उद्योग स्थापित करने के संबंध में व्यापारी जुनैद अली खान का ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद का 50 किलोवाट लोड स्वीकृत करने के लिए चार माह पहले आवेदन कराया गया था। इसके संबंध में संगठन ने कई बार अधिकारियों को अवगत कराया। मगर उनके कनेक्शन का लोड स्वीकृत नहीं किया गया है। इसके कारण व्यापारी का कारोबार नहीं बढ़ पा रहा है।

जो व्यापारी लकड़ी का कारोबार करना चाहता हैं। उनका काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। व्यापारी समाज को लगातार नई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी व कर्मचारी मनमानी और ज्यादती पर आमादा हैं। आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार इस चरम पर है। श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट भमरौआ का विद्युत पोल नहीं हटवाए गए हैं। नहर की पुलिया पर लगे पोल हटवाने के लिए भी लगातार विभाग से पत्राचार किया गया लेकिन स्थिति जस की तस है। पोल नहीं हटने से समाज में आक्रोश है। निगम के अधिकारी समस्याओं का निस्तारण नहीं करते हुए तानाशाही पर अमादा है। ऐसा लगता है कि विद्युत निगम के अधिकारियों पर तानाशाही पूरी तरह हावी हो चुकी है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संज्ञान लेना चाहिए। इस अवसर पर पुलकित अग्रवाल, अब्दुल बासिक, इमरान खान, कन्हैया लाल पटवा, दिलशाद हुसैन, महेंद्र चंद्रा, हरिओम सैनी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



कार्यालय में मौजूद जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी।

## अधिकारी व्हाट्सएप से डीएम को दे रहे कार्यालय पहुंचने की जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को पुनः प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए प्रशासनिक स्तर से कवायद की जा रही है। अधिकारी व्हाट्स एप से कार्यालय पहुंचने की जानकारी जिलाधिकारी को दे रहे हैं।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर सभी अधिकारी तय समय से अपने कार्यालय पहुंच रहे हैं। इसकी जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दे रहे हैं। डीएम ने आचार संहिता समाप्त होने के बाद हुई पहली बैठक में अधिकारियों को समय से कार्यालय पहुंचकर जन समस्याएं सुनने और जनसुनवाई का फोटो व्हाट्सऐप ग्रुप पर शेयर करने के निर्देश दिए गए थे।

# मंडी का दूसरा गेट खुलवाएं : तनवीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● गेट बंद होने से रोजाना एक घंटे लगता है जाम

**अमृत विचार :** मंडी समिति का एक रास्ता बंद होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। फल सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर खां गड्डू ने मंडी समिति के सचिव को पत्र देकर दूसरा बंद पड़ा गेट भी खुलवाने की मांग की है। इसके लिए पहले भी कई बार अधिकरियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया जा चुका है।

फल, सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने मंडी समिति के सचिव को पत्र देकर कहा कि इस समय आम का सीजन चल रहा है। मंडी समिति में सुबह एक घंटे जाम लग रहा है। कुछ लोगों ने अपनी आढ़तों को रोड पर लगा रखा है। मंडी समिति आने वाले लोगों के लिए दो रास्ते हैं। इसमें से एक रास्ता बिल्कुल बंद है। एक ही रास्ते से ठेले वाले और किसान आते-जाते हैं। इससे जाम लग जाता है। गुरुवार की सुबह भी करीब एक घंटे जाम लगा रहा। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। मंडी सचिव से मांग की है कि मंडी के दोनों गेट खुलवाए जाएं। लोगों को इस भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म की जांच शुरू

**मसवासी, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर किशोरी से चार माह तक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने मां के साथ मिलकर किशोरी को धक्के मारकर घर से निकाल दिया था। हालांकि पुलिस ने इस मामले में अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी उत्तराखंड के एक गांव निवासी युवक से कुछ माह पहले से प्रेम-प्रसंग हो गया था। युवक ने शादी का झांसा देकर चार माह तक किशोरी को किराये के मकान में रखा था। शादी का दबाव बनाने पर युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भर दिया था। बाद में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शादी न करने का हवाला देकर किशोरी को घर से निकाल दिया था। किशोरी के परिवार में मात्र पिता है। वह भी नशेड़ी है। चौकी पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आपबीती बताते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



शिशु सदन में रसोई का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

# शिशु सदन में अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम हुए नाराज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने शिशु सदन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम को अव्यवस्थाएं मिलीं। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई।

राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज स्थित राजकीय शिशु सदन का गुरुवार को जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिशु सदन परिसर में पर्याप्त साफ सफाई न होने पर नाराजगी जताई। अधीक्षक सहित पूरे स्टाफ को जमकर फटकार लगाई। बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए डॉक्टर के आने की स्थिति तथा प्रतिदिन मेन्यू के अनुसार बनने वाले भोजन के बारे में भी शिशु सदन अधीक्षक से जानकारी की। परिसर में मिली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ एसडीएम सदर मोनिका सिंह भी मौजूद रहीं।

## किसानों ने की बिजली दरें न बढ़ाने की मांग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला भट्टी टोला स्थित सैय्यदों वाले घेर में भाकियू-भानु के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सरकार से मांग की है कि वह घरेलू बिजली कनेक्शन पर प्रस्तावित 44 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को लागू न करें। न ही विद्युत संबंधी कोई अन्य वृद्धि थोपी जाए।

यूनियन के राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष हनीफ वारसी ने पंचायत में कहा कि इससे गरीब व मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ेगा। हरिद्वार के चिंतन शिविर व महापंचायत के लिए रवाना होने का निर्णय लिया गया। वहां प्रस्तुत करने के लिए किसानों की समस्याओं व मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायत में राहत खान, सैय्यद मुशीर मियां, फैजान अली, राजीव कुमार, रोशन लाल, आदिल मियां, अशोक कुमार, करीमुद्दीन, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# वकीलों ने लिया अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित विभिन्न अनियमितताओं को लेकर गुरुवार को भी अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी। इसके चलते अधिवक्ताओं ने बैठक कर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

तहसील में भ्रष्टाचार सहित अन्य अनियमितताओं के खिलाफ अधिवक्ता तीन दिन से सांकेतिक हड़ताल पर हैं। गुरुवार को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह व बार वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज एवं महासचिव दिनेश कुमार चौहान के बीच वार्ता हुई। दोनों पक्षों के बीच हड़ताल समाप्ति को लेकर कोई सहमति न बन सकी। इसके बाद बार एसोसिएशन की बैठक हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर



टांडा में हड़ताल के दौरान चैंबर पर बैठे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

> टांडा तहसील प्रशासन द्वारा वकीलों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। नतीजतन बार एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है। जनपद की समस्त तहसीलों की बार एसोसिएशन के जिम्मेदारों को पत्र भेजकर सहयोग मांगा गया है।
>
> **-अनिल भारद्वाज**, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन तहसील टांडा

होने के कारण तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया। अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित किया कि प्रशासन एवं अधिकारी समस्याओं से जान बूझकर अनभिज्ञ बने हुए हैं। इसके कारण बार के समस्त अधिवक्ता 14 जून से अनिश्चित काल तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। शुक्रवार दोपहर 12 बजे अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर समर सिंह, तारिक हुसैन, जफरूददीन, जयप्रकाश सैनी, खुर्शीद अहमद, सतपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजीव कुमार, प्रेम सिंह, प्रथि सैनी, तेजवीर सिंह, केपी सिंह, कुंवर संजय सिंह, सोमपाल सिंह, कुंवर पाल, सतवीर सिंह, विजयपाल यादव, भोला सिंह, वाजिद अली, रघुवीर सिंह, सोमवीर सिंह, भगीरथ सिंह, अमित कुमार, आलम हुसैन, प्रताप सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### आसपास की तहसीलों से मांगा सहयोग

बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने जनपद की स्वार, बिलासपुर, शाहबाद एवं मिलक की बार एसोसिएशन के जिम्मेदारों को पत्र भेजकर हड़ताल में सहयोग मांगा है। पत्र में कहा है कि टांडा तहसील में स्थित न्यायालयों एवं कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। अधिकारी मनमानी पर उतारू हैं। इसके कारण अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को परेशानी का सामना है। तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल के बावजूद प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है। नतीजतन टांडा बार एसोसिएशन ने अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।



स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

# क्षय रोगियों को नहीं मिल रहीं दो दिन से ज्यादा की दवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली से जुड़े किसान गुरुवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे। सीएमओ के नहीं मिलने कार्यालय में अधिकारी को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया।

भारतीय किसान यूनियन असली के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रफीक के नेतृव में किसान एकत्र होकर सीएमओ कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन देकर अवगत कराया कि सीएचसी शाहबाद में मरीजों को काफी परेशानी है। डाक्टरों की व्यवस्था अच्छी नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है। टीबी के मरीजों को दो दिन से ज्यादा की दवाई नहीं मिलती है। क्षेत्र में झोलाछाप क्लीनिक चला रहे हैं। सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की। इस मौके पर खलील अहमद, भूरे खां, पप्पू सिंह, नोनीराम आदि मौजूद रहे।

# खराब नलकूपों को समय से सही कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने नलकूप विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनपद के कई गांवों में नलकूप खराब हैं। किसानों ने अधिशासी अभियंता के यहां इन्हें ठीक कराने के लिए काफी चक्कर लगाए। गेहूं की फसल कट गई और अब धान की फसल लगने वाली है। मगर इन्हें ठीक नहीं कराया गया है। गांवों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा है।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अकीन शाह के आवास खानपुर में गुरुवार को पंचायत हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नलकूप विभाग के अधिकारी किसानों की समस्या पर गौर नहीं कर रहे हैं। नलकूप विभाग द्वारा हर तीन साल में ट्यूबवेल की पाइपलाइन 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रावधान है। ताकि किसानों के खेतों में पानी आसानी से



पंचायत में बोलते भाकियू के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार। ● अमृत विचार

पहुंच सके। लेकिन नलकूप विभाग व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए लाइन डाल दी जाती है। किसानों की आड़ में नलकूप विभाग कुछ लोगों का फायदा करने में लगा है। इसलिए पूरे जिले में खराब पड़े नलकूप जल्द से जल्द सही होने चाहिए।

किसानों की आड़ में व्यक्ति विशेष का फायदा कराने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर समय रहते ट्यूबवेल सही कराए गए और पाइपलाइन नहीं डाली गई तो भाकियू अराजनैतिक की जिले की पंचायत के बाद नलकूप विभाग के जिला कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन का काम भी अधिकांश गांवों में अधूरा है। पंचायत में हरपाल सिंह, वीरेंद्र गंगवार, दानिश, महेश बाबू गंगवार, लखविंदर सिंह, राकेश गंगवार, अकीन शाह, अबरार, नरेश गंगवार, राजू गंगवार आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में 922 रोगियों की हुई ओपीडी

**रामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे ज्यादा मरीज डायरिया के आ रहे हैं। इसे देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने वार्ड में बेड की संख्या बढ़ा दी है।

गुरुवार को जिला अस्पताल में 922 रोगियों की ओपीडी हुई। इनमें सबसे ज्यादा मरीज उल्टी, दस्त और बुखार के रोगी रही। चिकित्सकों ने उन्हें परामर्श दिया। यही हाल पैथोलॉजी लैब का रहा। सुबह होते ही लैब पर जांच कराने को रोगियों की कतार लग गई। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह, डॉ. शशांक झा, डा. डीके वर्मा और बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंहल ने रोगियों को देखा। चिकित्सकों के अनुसार रोगियों को भीषण गर्मी को देखते हुए एहतियात बरतने की सलाह दी। कहा कि गर्मी में घर से बाहर कम निकलें। यदि घर से निकलना ही पड़े तो चेहरा ढंककर ही निकलें, ताकि लू से बचा जा सके।

# जिले में 31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी अपने ग्राम के अभियान में नोडल रहेंगे। इसके अलावा गांव निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य व्यक्ति जनित रोगों और जल जनित रोगों के बारे में जागरूकता अभियान संचालित होंगे। ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई, घर से जल निकासी के लिए जन जागरण के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

दिमागी बुखार एवं अन्य व्यक्ति जनित रोगों के रोकथाम के लिए क्या करें क्या न करें इसके लिए सघन अभियान चलाया जाएगा। पेयजल स्रोतों संसाधनों से शौचालय की दूरी के उपाय और सीवर से पेयजल प्रदूषित न होने के बारे में जागरूक किया जाएगा। अपशिष्ट, रुके हुए पानी और मच्छरों के प्रजनन की समस्या को रोकने के लिए जल भराव और मकान के बीच कंक्रीट, पक्की ईंट वाली सड़क का निर्माण कराया जाएगा। झाड़ियों की कटाई-छंटाई कराई जाएगी।

**परेशानी** बच्चों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए 30 जून तक स्कूल बंद कराने की उठाई मांग

# शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया। स्कूल 30 जून तक बंद करने की मांग की, ताकि बच्चों को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सके।

एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर अन्य शिक्षकों के साथ बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बीएसए संजीव कुमार को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए जनपद में कक्षा एक से



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

आठ तक के विद्यालयों में 30 जून तक छुट्टियां की जाएं।

शिक्षकों की पदोन्नति लम्बे समय से नहीं की गई है। शिक्षकों की पदोन्नति समय से की जाए। शिक्षकों के अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। प्रधानाध्यापक का चार्ज संभाल रहे कार्यवाहक प्रधानाध्यापक को हाईकोर्ट द्वारा एरियर सहित ग्रेड पे देने के आदेश का पालन कराया जाए। प्रत्येक स्कूल में कुशल प्रबंधन के लिए प्रधानाध्यापक की व्यवस्था की जाये। परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के 19 पैरामीटर पूर्ण किए गए हैं। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाये। एमडीएम और एसएमसी आदि के संचालन से हो रहे शिक्षकों के उत्पीड़न से शिक्षकों को मुक्त किया जाए। राष्ट्रीय स्तर की समस्त कर्मचारियों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन जल्द से जल्द बहाल की जाए।

### यह लोग रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम, जिला आडिटर जंग बहादुर, जंग औतार, जबर सिंह, प्रेमचंद, रमेश पाल सिंह, चमन सिंह गौतम, राजाराम, राजेश कुमार, आशा राम सागर, वीर सिंह, अशोक कुमार, प्रसन्न प्रकाश, नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, प्रभाकर गौतम, उमाकांत, अजब सिंह, बाबूराम, दिनेश कुमार, ज्ञान सिंह, मनोज कुमार, मुनेंद्र प्रताप सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## निशुल्क शिक्षण के लिए 22 तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत कोचिंग का संचालन राजकीय रजा इण्टर कॉलेज में हो रहा है। हसमें शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए सिविल सेवा परीक्षा, नीट, यूजी, एनडीए, सीडीएस तथा आईआईटी-जेई की कक्षाएं संचालित की जानी है। योजना के तहत अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। अभ्यर्थी राजकीय रजा इंटर कॉलेज में प्रातः 10 से शाम पांच बजे तक स्वयं अपना पासपोर्ट साइज फोटो तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति लाकर आवेदन कर सकते हैं। योजना पूर्णतः निःशुल्क है। इसके तहत अभ्यर्थियों को निःशुल्क शिक्षण कार्य के साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। बताया कि अभ्यर्थी 22 जून तक राजकीय रजा इंटर कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं।

अमृत विचार

सूचना

प्रिय पाठक,

यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।

मो0:- 9027872845, 9838333303

पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-.........

Resonance®
Educating for better tomorrow

KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD

Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE

JEE (Advanced) Top Rankers


AIR 6
KARTHIKEYA POLISETTY
JEE (Adv.) 2022


AIR 7
BIKKINA A. CHOWDARY
JEE (Adv.) 2023


AIR 8
DHEERAJ KURUKUNDA
JEE (Adv.) 2022

NEET (UG) Top Rankers


AIR 13
VRAJESH V. SHETTY
NEET (UG) 2022


AIR 27
RISHIT AGARWAL
NEET (UG) 2022


AIR 60
RISHIT AGARWAL
NEET (UG) 2023

upto
100%
Scholarship

Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

42.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:13

## एक नजर

### गोदाम के बाहर खड़ा कैंटर चोरी

**सैफनी, अमृत विचार :** चोरों ने शाहबाद-बिलारी रोड पर स्थित कंबल के गोदाम के बाहर खड़ा कैंटर चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कैंटर की तलाश करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। नगर के कोठी मोहल्ला निवासी जाहिद हुसैन ने दी तहरीर में बताया कि उसका शाहबाद-बिलारी मार्ग पर पुरानी कर्बला के पास कंबल का गोदाम है। 11 जून की रात गोदाम के पास उसका कैंटर खड़ा था। किसी समय चोर उसकी गाड़ी चुराकर ले गए। सुबह देखा तो गाड़ी गायब थी। पीड़ित ने लगातार खोजबीन की लेकिन गाड़ी का सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर गाड़ी को तलाशकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# भाजपा के बूथ अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## खेत में बने कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



**अमृत विचार :** भाजपा के बूथ अध्यक्ष का गांव से 100 मीटर की दूरी में खेत में बने कमरे में चारपाई पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि उन्होंने अभी किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। भाजपा के बूथ अध्यक्ष की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

केमरी के शिव नगर निवासी डालचंद्र (32) भाजपा के 252 का बूथ अध्यक्ष था। वह गांव में ही शराब की दुकान पर काम करता था। रात को वह घर से 100 मीटर की दूरी पर एक खेत की चौकीदारी करता था। गुरुवार सुबह सात बजे तक भी जब वह घर नहीं आया तो परिजन खेत पर बने कमरे में देखने चले गए। कमरे का दरवाजा खुला था। परिजनों ने अंदर झांका तो डालचंद्र का शव चारपाई पर पड़ा देख उनके होश उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही भाजपा के बूथ अध्यक्ष की मौत का खुलासा हो सकेगा।

उधर भाजपा के बूथ अध्यक्ष की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि अभी तक परिजनों ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। मृतक के पिता चुन्नी लाल का कहना है कि वह बुधवार को थाने में हुई बैठक में शामिल होने गया था। इसके बाद रात को चौकीदारी करने चला गया। सुबह देर तक नहीं आने पर उसे देखने के लिए खेत पर बने कमरे में गए तो वहां चारपाई पर उसका शव पड़ा था।



घर में रोती-बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### पत्नी व बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल

डालचंद्र की मौत के बाद उसकी पत्नी कमलेश व तीनों बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। पति की मौत पर बिलखते ही कमलेश बार-बार यही कह रही थी कि अब बच्चों की देखभाल कौन करेगा। डालचंद्र की तीन बेटियां सात साल की करिश्मा, पांच साल की अंजलि और तीन साल की ज्योति हैं। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी।

> केमरी निवासी डालचंद्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने के बाद जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।
>
> -हिमांशु चौहान, प्रभारी, केमरी



डंपर की टक्कर से टूटा पड़ा टीन शेड। ● अमृत विचार

# मसवासी में दुकानों व मकान से टकराया खनन से भरा डंपर

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** बिजारखाता में बुधवार की रात रेत से लदे अनियंत्रित ओवरलोड डंपर ने एक मकान को टक्कर मार दी। इससे दुकानों के टीन शेड और शटर टूट गए। दुर्घटना होते हड़कंप मच गया। मध्य रात के कारण दुकानें बंद थीं। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

बुधवार की मध्य रात्रि रेत से लदा ओवरलोड डंपर स्वार की ओर जा रहा था। अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बेकाबू डंपर ईश्वर देव के मकान से टकरा गया। पास में ही स्थित दुकानों के टीन शेड और शटर टूट कर गिर गए। मकान को भी काफी क्षति पहुंची है। आधी रात होने के कारण दुकानदार नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने डंपर समेत चालक को घेर लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। चालक और डंपर को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

प्रशासन ने रेत के ओवरलोड वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगा दिए हैं। लेकिन इसके बाद भी डंपर चालक लगातार हादसों को अंजाम दे रहे हैं। मसवासी क्षेत्र में रात को किसी भी रूट से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। सभी सड़कों पर रेत के ओवरलोड डंपर धड़ल्ले से गुजर रहे हैं।

# ऑटो में छूटा ठेकेदार का रुपयों से भरा बैग, पुलिस ने लौटाया

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** गुरुग्राम से आए फर्नीचर ठेकेदार का रुपयों एवं कपड़ों से भरा बैग ऑटो में छूट गया। उसने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बैग बरामद कर उसके मालिक को लौटा दिया।

कोतवाली क्षेत्र के नया गांव निवासी महबूब अली गुरुग्राम में लकड़ी के फर्नीचर की ठेकेदारी करता है। वह ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाने के लिए गुरुवार को तड़के गुरुग्राम से घर आ रहा था। महबूब अली बस द्वारा मुरादाबाद पहुंचा। वहां से टांडा के लिए ऑटो में बैठ गया। वह बादली में मेडिकल स्टोर के पास ऑटो से उतर गया। इस दौरान उसका काले रंग का बैग ऑटो में ही छूट गया। बैग में दो लाख रुपये और कुछ कपड़े थे। बैग छूटने का ध्यान आते ही वह परेशान हो गया। उसने ऑटो में बैग छूटने की सूचना तत्काल थाने पहुंचकर पुलिस को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने तत्काल फैन्टम 22 पर तैनात कांस्टेबल जितेंद्र सिंह व भूपेंद्र सिंह को बैग की तलाश करने के लिए रवाना कर लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ऑटो को खोज निकाला। उन्हें कस्बे के चौराहे पर ऑटो खड़ा मिला। पुलिस ने बैग बरामद कर पीड़ित व्यक्ति के सुपुर्द कर दिया।



ठेकेदार को बैग सौंपते पुलिसकर्मी।

## डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में एक गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में अभियोजन पक्ष ने बचाव पक्ष के एक गवाह से जिरह की। अब इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

डूंगरपुर से जुड़े एक मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। इसमें सपा नेता आजम खां पर मकानों पर बुलडोजर चलवाने के साथ मारपीट और लूटपाट करने का भी आरोप लगा था। इस मामले में सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस ने इस मामले में विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। बुधवार को बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह इकराम और फुरकान पेश किए थे। गुरुवार को अभियोजन की ओर से फुरकान से जिरह की गई। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

# किशोरी के अपहरण का एक आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, स्वार

- किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दे रही दबिश

**अमृत विचार :** प्रेम-प्रसंग के चलते किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक अपने रिश्तेदारों की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली के एक गांव निवासी किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक लगभग दो सप्ताह पूर्व परिजनों एवं रिश्तेदारों की मदद से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों ने किशोरी को रिश्तेदारी एवं परिचितों में काफी तलाश किया था, लेकिन उसका पता नहीं लग सका था। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर सूरज, राजकुमार, मेजर, संजय, अंकित, चंचल, मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव खईया खददार निवासी शक्तिमान, हरपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। मामला दो संप्रदाय का होने के कारण गांव में तनाव था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शक्तिमान भागने की फिराक में नगर के मुख्य चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिशु सदन में हुई बच्चे की मौत में भी घपला डीपीओ ने बदलवाई थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शिशु सदन में बच्चे की मौत में भी घपला हुआ। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ही बदलवा दी। जनवरी में सर्दी की वजह से हुई चार माह के बच्चे की मौत जिला प्रोबेशन अधिकारी की लापरवाही के कारण हुई थी। क्योंकि, उस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। उस बच्चे के कमरे का दरवाजा तक नहीं था। यही नहीं डीपीओ ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए मृत बच्चे के स्थान पर जिंदा बच्चे को जिला अस्पताल में दिखाया। ताकि उपचार को लेकर सवाल खड़े न कर सकें। डीपीओ ने बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक बदलवा दी। इस मामले की शिकायत शहर विधायक ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार से की है।

मामला राजकीय शिशु सदन से जुड़ा है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया है कि डीपीओ लवकुश भार्गव जब से रामपुर आए हैं, तब से राजकीय शिशु सदन में बच्चों की देखभाल में व्यापक लापरवाही बरती जा रही है। शहर विधायक ने मंडलायुक्त से की शिकायत में कहा है कि डीपीओ के स्तर पर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। बताया कि 22 जनवरी को राजकीय शिशु सदन में चार माह के बच्चे को गार्डन के सामने वाले कमरे में रखा गया था। इस कमरे में दरवाजा भी नहीं था। घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी के बाद भी बच्चे को कमरे में ऐसे ही छोड़ दिया गया। इसी लापरवाही की वजह से सर्दी लगने से बच्चे की मौत हो गई थी।

उन्होंने कहा कि इस लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए एक और अमानवीय कुचक्र रचा गया। डीपीओ ने मृत बच्चे के स्थान पर चार माह के दूसरे जिंदा चार माह के बच्चे का जिला अस्पताल से पर्चा बनवा लिया, ताकि यह प्रतीत हो कि जिस बच्चे की मौत हुई है, उसका उपचार कराया गया था।

बाद में बच्चे की मौत की जानकारी दी गई और किसी तरीके से बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भी बदलवा दिया गया था। यह सभी कार्य अंजाम देने के लिए सीसीटीवी कैमरों का बैकअप गायब होने का इंतजार किया गया था। शहर विधायक के अनुसार शिशु सदन के स्टॉफ को इस मामले की पूरी जानकारी है। उन्होंने मंडलायुक्त से मामले की गहनता से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कहा है।

> शिशु सदन में चार माह के बच्चे की प्राकृतिक मौत हुई थी। इस मामले में जुडिशियल जांच हो चुकी है।
>
> -लव कुमार भार्गव, जिला प्रोबेशन अधिकारी

**अनदेखी** — यात्रीकर अधिकारी नहीं चलाते अभियान, ऑटो के पीछे लटक कर करते हैं लोग सफर

# नियम ताक पर रख सवारी ढो रहे डग्गामार वाहन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** थाने के सामने से लेकर आंबेडकर पार्क के सामने तक ऑटो व डग्गामार में ठूंस-ठूंस सवारियां भरी जाती हैं। इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। उपसंभगीय विभाग के अधिकारी भी चेकिंग अभियान नहीं चलाते हैं। जरा सही लापरवाही से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर इन वाहनों के पीछे लटक कर सफर करते हैं।

लगातार किसी न किसी क्षेत्र में रोजाना डग्गामार वाहनों की वजह से हादसे होते रहते हैं। इसके बाद भी इनके चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। नियम-कानून को ताक पर रखकर वाहनों में भूसे की तरह ठूंस-ठूंस कर सवारियां बैठाते हैं। इसके चलते हादसे होने का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं सवारियां अधिक होने पर उन्हें पीछे खड़ा कर लेते हैं। इससे भी कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी चालक सुधरने को तैयार नहीं हैं। एआरटीओ और पीटीओ इन वाहनों शिकंजा नहीं कस पा रहे हैं। सुबह छह बजे से ही सिविल लाइन से लेकर आंबेडकर पार्क तक डग्गामार वाहन ही नजर आते हैं। लेकिन कोई भी अधिकारी इन पर कार्रवाई नहीं करता। लोगों का कहना है कि यह डग्गामार वाहन अधिकारियों की साठगांठ से चल रहे हैं।



डग्गामार वाहन के पीछे लटके यात्री। ● अमृत विचार



हाईवे पर ऑटो में यात्रियों को बैठाता चालक। ● अमृत विचार

### मालगोदाम और रोडवेज के सामने भी भरी जाती हैं सवारियां

आंबेडकर पार्क की बात छोड़िए जनाब मालगादोम और रोडवेज के गेट के सामने सुबह से लेकर रात तक ऑटो ओर टेंपो चालक नियम ताक पर रखकर जमकर सवारियां भरते हैं। जल्दी के चलते लोग ऑटो में सफर करते हैं। सवारियां अधिक होने के कारण चालक एक सवारी को अपनी सीट पर ही बैठा लेते हैं। इसके चलते पलभर में हादसा होने का खतरा बना रहता है। मालगोदाम तिराहे पर दिन भर होमगार्ड तैनात रहते हैं। लेकिन वह इन्हें रोकने या टोकने की जहमत नहीं उठाते।

> जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। केमरी और स्वार रोड पर अभियान चलाकर कई वाहन बंद सीज गए हैं। यहां भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ

## 24 स्थानों से 33 बच्चों को कराया बालश्रम से मुक्त

**रामपुर, अमृत विचार :** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग यूनिट (एएचटीयू) प्रभारी आशाराम ने टीम के साथ मिलकर अभियान चलाकर बिलासपुर में होटल] ढाबा, रेस्टोरेंट व दुकानों आदि 24 स्थानों से 33 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया।

गुरुवार को एएचटीयू प्रभारी आशाराम ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा व अभिषेक गुप्ता, सहायक मोहित व राजवीर सिंह तथा बाल संरक्षण इकाई के विक्रम वर्मा साथ बिलासपुर में अभियान चलाया। बिलासपुर में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व दुकानों आदि 24 स्थानों से 33 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक कार्रवाई की। इस दौरान बाल भिक्षा वृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ जनजागरूकता अभियान भी चलाया। दुकानदारों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया। बालश्रम की रोकथाम से सम्बन्धित, मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल व ढाबा मालिकों को हिदायत दी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए। ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

# क्रॅशर पर गड्ढे में गिरकर चालक की मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** स्टोन क्रॅशर पर गहरे गड्ढे में बाइक समेत गिरे चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

नगर के मोहल्ला भूबरा वार्ड संख्या तीन निवासी अवधेश सक्सेना क्षेत्र के गांव कुंदनपुर स्थित गुरुदास स्टोन क्रॅशर पर चालक थे। पानी की निकासी के लिए क्रॅशर पर गहरा गड्ढा खोदा गया था। इसकी जानकारी अवधेश सक्सेना को नहीं थी। ड्यूटी पर गये अवधेश सक्सेना बाइक समेत उसी गहरे गड्ढे में गिर गए। अवधेश के ड्यूटी से वापस घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने संपर्क किया लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ था।



स्टोन क्रॅशर पर तलाश करने पर गड्ढे में शव उतराता हुआ मिला। इससे हड़कंप मच गया। सूचना पर एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संदीप त्यागी, तहसीलदार आकाश संत, चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर तथ्य जुटाए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद गड्ढे से पानी निकाला गया। इसके बाद बाइक को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। स्टोन क्रॅशर पर पहुंचे परिजनों की कर्मियों से तीखी नोकझोक भी हुई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से घटना की वजह तलाशने की कोशिश की है। अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।



गुरुदास स्टोन क्रॅशर पर चालक की मौत के बाद जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल, परिजनों ने अभी नहीं दी तहरीर

# ईल उल अजहा के लिए तैनात किए गए अधिकारी

## 17,18 और 19 जून को मनाया जाएगा ईद उल अजहा का त्योहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा के लिए जिले में अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। 17, 18 और 19 जून को ईद उल-अजहा मनाई जाएगी। इसके देखते हुए अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी अधिकारियों की तैनाती के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। तीन दिन तक कुर्बानी का सिलसिला चलेगा।

चांद के अनुसार ईद उल-अजहा (बकरीद) 17, 18 और 19 जून को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा प्रमुख ईदगाहों व मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाती है। जानवरों की कुर्बानी की परम्परा है। कुर्बानी तीन दिन तक चलती है। इस दौरान छोटी-छोटी बातों को लेकर एकाएक तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अवांछनीय तत्व स्थिति का लाभ उठाकर साम्प्रदायिक दुर्भावना फैलाने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी दृष्टि रखी जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाए। संवेदनशील स्थानों पर चौकसी एवं जिले में सौहार्द का वातावरण कायम रहे। इसके लिए समुचित प्रबन्ध पूर्व से ही सुनिश्चित कर लें। ताकि त्योहार पर अमन-चैन कायम रहे। कट्टरपंथियों, असामाजिक तत्वों एवं समाज विरोधी ताकतों द्वारा कुत्सित उद्देश्यों की पूर्ति न हो सके। कानून व्यवस्था व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित न हो। इसलिए उन्हें चिन्हित करके उनकी गतिविधियों पर निरन्तर कड़ी दृष्टि रखना आवश्यक है।

### यह अधिकारी किए गए तैनात

ईदगाह डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय, जामा मस्जिद पर नायब तहसीलदार गौरव विश्नोई, ईदगाह टांडा में डिप्टी कलेक्टर अंकुर अंतल को तैनात किया है। ईदगाह स्वार में नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह, ईदगाह शाहबाद में अरविन्द कुमार शर्मा, ईदगाह मिलक में नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, केमरी में सचिन कुमार को तैनात किया है। ईदगाह बिलासपुर में नायब तहसीलदार राजेश कुमार, थाना कोतवाली में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार, थाना गंज में डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार सोनी, थाना सिविल लाइन में डिप्टी कलेक्टर अमन को तैनात किया है। थाना स्वार में खंड विकास अधिकारी ऋषिपाल, थाना टांडा में अधिशासी अभियंता कृष्णवीर, थाना अजीमनगर में खंड विकास अधिकारी सैदनगर पीयूष वर्मा, थाना मिलकखानम में नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, थाना बिलासपुर में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार चौधरी, थाना खजुरिया में उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, केमरी थाना क्षेत्र में कृषि विभाग के अवर अभियंता शिव कुमार शिव, भोट में जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल को तैनात किया गया है। थाना मिलक में खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्र पाल चौहान, थाना शहजादनगर में उप निदेशक कृषि शैलेन्द्र कुमार, थाना पटवाई में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, थाना शाहबाद में खंड विकास अधिकारी नरेंद्र पाल गंगवार और थाना सैफनी में नायब तहसीलदार को तैनात किया है।

### बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ें अधिकारी

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि ईद उल अजहा के दौरान सभी अधिकारी अपना मोबाइल 17, 18 और 19 जून को (24 घंटे) चालू रखेगें। कोई भी अधिकारी पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा लगाए गए अधिकारियों के साथ आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था समय पूर्व अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें। सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उत्तरदायी एवं प्रभारी रहेंगे। अपने क्षेत्रों में ईदगाह के आसपास तथा ईदगाह को आने-जाने वाले मार्गों की समुचित सफाई समय से पूर्व कराना तय करें। यह भी सुनिश्चित कर लें कि नमाज के समय कोई भी अवांछनीय तत्व या जानवर ईदगाह में न घुसने पाए। इस दौरान कोई नई परम्परा शुरू करने की अनुमति किसी भी सूरत में न दी जाये। शरारती तत्वों को चिह्नित कर लें और उन पर पैनी नजर रखें।

## एक नजर

### स्पीड ब्रेकर पर बाइक फिसली, युवक घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** मिलक नौखरीद में काशीपुर मसवासी संपर्क मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार स्पीड ब्रेकर से छिटककर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी। गंभीर अवस्था में उसे काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। चौकी क्षेत्र के गांव मंसूरपुर निवासी मनोज कुमार बुधवार को सुल्तानपुर पट्टी जा रहा था। मिलक नौखरीद गांव के पास स्पीड ब्रेकर पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसमें उसके सिर में गंभीर चोट लगी। दुर्घटना होते ही आसपास के लोगों ने उसे एक वाहन से काशीपुर के अस्पताल भेज दिया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बहेटा के गांव खड़गपुर निवासी राकेश कुमार अपने भाई रघुवीर के साथ शाहबाद की ओर आ रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे जनपद संभल के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र निवासी साबिर की बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### उचक्के महिला से कुंडल और 25 हजार लूटकर फरार

**मिलक, अमृत विचार :** राह चलते उचक्के महिला से 25 हजार रुपये व कानों के कुंडल छीन फरार हो गए। पुलिस ने बैंक सहित हाईवे के किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। क्षेत्र के परम गांव निवासी महिला गुरुवार को मिलक आई थी। उसके पर्स में 25 हजार रुपये थे। स्टेट बैंक शाखा परिसर में प्रवेश करते ही दो लोग आए और उसे अपनी बातों के झांसे में लिया। आरोपी उसे तहसील ले गए और उसके 25 हजार रुपये छीन लिए। इसके बाद वह महिला को उपनिबंधक कार्यालय ले गए। वहां उनका तीसरा साथी भी आ गया। तीनों ने उसके कान के कुंडल उतरवा लिए, फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से घटना की जानकारी की। इसके बाद स्टेट बैंक व सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। महिला ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। कस्बा इंचार्ज दयानंद ने बताया की जांच की जा रही है।

## अपनी अना, तकब्बुर, हसद और बुगज की भी दें कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ईद उल अजहा 17, 18 और 19 जून को मनाई जाएगी। सभी लोग मोहब्बत और भाईचारे से ईद का त्योहार मनाएं। इस अवसर पर अपनी अना, तकब्बुर, हसद और बुगज की भी कुर्बानी दें। ताकि आपस में मोहब्बत बढ़ें। गरीबों पर दया करें और कुर्बानी का गोश्त सबसे पहले उनके हिस्से का निकालें। - मौलाना मुफ्ती महबूब अली, शहर इमाम

**अमृत विचार :** हजरत इब्राहीम ने तीन दिन ख्वाब में अपने बेटे हजरत इस्माईल को मिना के मैदान में अपने बेटे हजरत इस्माईल को अल्लाह की राह में जिबह करते हुए देखा और इसके बाद अमल करते हुए यह काम अंजाम देने के लिए अपने बेटे इस्माईल को लेकर मैदान ए मिना आए। क्योंकि, नबी का ख्वाब-ख्वाब नहीं बल्कि, अल्लाह का हुक्म होता है। इस इम्तेहान से अल्लाह के नबी गुजर गए, मुसलमान जो कुर्बानी करते हैं इसी की याद है। इस्लामी कैलेंडर के 12वें महीने की 10 तारीख को मुसलमान मक्का ए मुकर्रमा में हज के लिए जाते हैं और कुर्बानी करते हैं। इसके अलावा सारी दुनिया में मुसलमान सुन्नते इब्राहीमी को अदा करते हैं जो जनाब ए इस्माईल की तासीस है।

जानवर की कुर्बानी के साथ इंसान को अपनी अना, तकब्बुर, हसद, बुगज और इसी तरह की रुहानी बीमारियों को भी कुर्बान कर देना चाहिए। याद रहे कि ऐसे-ऐसे जानवर जिबह करें जिसकी वजह से मुल्क के अमनो अमान में खलल न पड़े। कुर्बानी का गोश्त जितना ज्यादा हो सके उन लोगों तक पहुंचाएं जो कुर्बानी पेश नहीं कर सके हैं। अपने रिश्तेदारो को भी कुर्बानी का गोश्त पहुंचाएं।

## डंपर की टक्कर से बिजली के दो खंभे क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खनन से लदे ओवरलोड डंपर ने टक्कर मारकर सड़क किनारे लगे बिजली के दो खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसे गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की। उधर, रात दो बजे टूटे खम्भे अगले दिन देर शाम तक सही नहीं किए गए।

गांव गोकुल नगरी-मानपुर ओझा में बुधवार रात दो बजे मिट्टी से भरे डंपर ने सड़क किनारे लगे बिजली के दो खंभों को टक्कर मारकर ध्वस्त कर दिया। खंभे टूटने से गांव की आपूर्ति बाधित हो गई। गुरुवार की शाम तक गांव की आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी। देर शाम ग्रामीणों ने मामले से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया। आक्रोशित ग्रामीणों ने डंपरों को रोक कर हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के निकट खेतों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। रात में नौ बजे के बाद डंपर और जेसीबी से खनन चालू हो जाता है। रात्रि में डंपर ने दो खंभों को टक्कर मार कर ध्वस्त कर दिया। इसकी वजह से फाल्ट हो गया और गांव की आपूर्ति बाधित हो गई। इस मौके पर करन हलदर, सोनू बाइन, सुशांत कुमार, विप्लप घरामी, विशाल वाइन, प्रणब, नर्मदा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## नहीं डालने दी जाएगी नई परंपरा : एसडीएम

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा लेकर शांति समिति की बैठक में एसडीएम व सीओ ने संयुक्त रूप से कहा कि कुर्बानी के नाम पर कोई नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी नहीं करने दी जाएगी।



शांति समिति की बैठक में बोलते एसडीएम अवनीश कुमार। ● अमृत विचार

- कोतवाली परिसर में ईद उल अजहा को लेकर हुई सभ्रांत लोगों की बैठक

गुरुवार को कोतवाली में ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम अवनीश कुमार व सीओ अतुल कुमार पांडेय ने कहा कि नमाज ईदगाह के अंदर पढ़ें। सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने दी जायेगी। कुर्बानी अपने घर के अंदर करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी कीमत पर नहीं करने दी जाएगी। कुर्बानी के नाम पर कोई नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी।

बिजली विभाग व पालिका प्रशासन को बिजली-पानी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी त्योहार मिल जुलकर मनाने चाहिए। अगर कहीं कोई परेशानी आती है तो पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। तहसीलदार अशोक संत, कोतवाल संदीप त्यागी, नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, शहर इमाम मोहम्मद खतीबी, हाजी मोहम्मद असलम, मौलाना नाजिम खां, कारी मोहम्मद याकूब, भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनवर अली, शिवऔतार सक्सेना मन्नू, इरफान अली, प्रमोद कुमार, गुड्डू अली, वीरेन्द्र राठौर आदि मौजूद रहे।

## ईद पर न हो प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी : अविनेन्द्र

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** गुरुवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति में अधिकारियों ने सभी से आगामी त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। खुले में कुर्बानी न करने व साफ-सफाई की अपील की। तहसीलदार अविनेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए।



बैठक को संबोधित करते कोतवाल। ● अमृत विचार

ईद-उल-अजहा के मद्देनजर कोतवाली में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। तहसीलदार अविनेन्द्र कुमार ने कहा कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। कुर्बानी के जानवरों के अवशेष व रक्त इधर-उधर न डालें।

प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी धर्म के व्यक्ति की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य न करें। अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने ईद के मौके पर पालिका की ओर से बेहतर साफ-सफाई सहित पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एसडीओ विद्युत शिवम कुमार ने निर्बाध रूप से आपूर्ति करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कस्बा चौकी इंचार्ज बलराम सिंह, दढ़ियाल चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार, नगर पंचायत के अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, जामा मस्जिद के खतीब मौलाना मोहम्मद खालिद, इमाम मौलाना जलीस अहमद, हाफिज जमील ने भी विचार व्यक्त किए। सभासद तस्लीम पहलवान, एम सगीर, मेराजुल इस्लाम, मोहम्मद तस्लीम, महमूद अली नायक, शिव प्रसाद सैनी, नेता तस्लीम, सभासद गोकल सैनी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, हाजी मुशर्रफ अली, अब्दुल समद, नेता अकीलुर्रहमान, हाफिज शकील कुरेशी सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, धर्मगुरु एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतराज सिंह ने किया।

### ईद उल अजहा पर खुले में न कराएं कुर्बानी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी थाने में ईद-उल-अजहा को लेकर गणमान्य नागरिकों की बैठक हुई। इसमें शासन व उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। कहा कि ईद उल अजहा पर खुले में कुर्बानी न करें। त्योहार से सम्बंधित जानकारी व समस्याओं की जानकारी की गई। अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने शांति व सद्भाव का परिचय देने व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने का आग्रह किया। अपील की गई कि खुले में कुर्बानी न कराई जाए। अवशेषों को निर्धारित स्थान पर ही डाला जाए। त्योहार के दिन युवाओं के बाइकों पर स्टंट या अन्य प्रदर्शन न करने देने की भी बात कही गई। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गौतम समेत क्षेत्र के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि व अन्य संभ्रांत लोग शामिल रहे।

## व्यवहार में सुधार लाएं बिजली अधिकारी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी अपने रवैये में सुधार लाएं। उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक नगर उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर के प्रतिष्ठान पर हुई। इसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिजली के बिल में बहुत ज्यादा शिकायत आ रही हैं। मीटर में रीडिंग कम होना और बिल ज्यादा रीडिंग का निकलना या मीटर के बिना देखे बिल निकाले जा रहे हैं। बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है। जगह-जगह तारों में फाल्ट हो रहे हैं।



व्यापार मंडल की बैठक में बोलते नगर अध्यक्ष अनवर अली। ● अमृत विचार

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में गूंजा बिजली का मुद्दा

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री शिव अवतार सक्सेना ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को अपना रवैया सही करना चाहिए। देखभाल करके बिजली का बिल निकालें, जिससे जनता को परेशानी न हो।

कर्मचारियों को भी दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मौके पर नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिवऔतार सक्सेना मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, नगर मंत्री फुरकान अली, ब्लॉक अध्यक्ष हाशिम शान, भूरा, हामिद आदि मौजूद रहे।

## फील्ड ऑफिसर व निजी कर्मी को गाजियाबाद ले गई टीम

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के परम गांव में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में बुधवार को टीम ने फील्ड ऑफिसर व बैंक के एक प्राइवेट कर्मचारी को 3500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। टीम की कार्रवाई से बैंककर्मियों में हड़कंप मच गया था। टीम द्वारा लगातार 12 घंटे की कार्रवाई की गई। गुरुवार को सुबह चार बजे टीम शाखा के फील्ड ऑफिसर दिनेश कुमार व प्राइवेट कर्मचारी भीम सिंह को अपने साथ ले गई।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव परम निवासी मुन्नालाल ने बताया कि उसके पिता के नाम से शाखा में केसीसी लोन चल रहा है। लोन का नवीनीकरण करने के लिए उसने बैंक में आवेदन किया था। फील्ड ऑफिसर दिनेश कुमार ने नवीनीकरण के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की थी। परेशान किसान ने भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार से शिकायत की। किसान नेता ने गाजियाबाद स्थित सीबीसीआईडी कार्यालय को मामले से अवगत कराया। टीम ने बुधवार रिश्वत मांग रहे बैंक कर्मियों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया।

जैसे ही किसान ने प्राइवेट कर्मचारी भीम सिंह को चार हजार रुपये दिए टीम ने भीम सिंह व फील्ड ऑफिसर दिनेश कुमार को रंगे हाथ दबोच लिया। पाउडर लगे नोट भी बरामद कर लिए। टीम ने बुधवार की शाम चार बजे से गुरुवार की सुबह चार बजे तक कार्रवाई की। इसके बाद दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई।

## कार्य क्षमता को बढ़ाता है योग : योगिता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** योगाभ्यास के 13वें दिन योग प्रशिक्षक योगिता रस्तोगी ने सबसे पहले प्रार्थना कराई। इसके बाद ग्रीवा संचालन, स्कन्द संचालन, कटी संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन व वज्रासन आदि कराया।

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं। इसी के चलते फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में भी योग प्रशिक्षण शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसके 13वें दिन महिला पतंजलि योग समिति की मिलक प्रभारी कमलेश गंगवार, सदर तहसील प्रभारी महिला योगिता रस्तोगी एवं जिला महिला पतंजलि समिति की प्रभारी अंतरा यादव ने सामान्य योग प्रोटोकॉल में उस्ट्रासन, शशकाशन, अर्ध मंडूकासन, उत्तान, मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, बंधआसन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पवन मुक्ता, सन शवासन, कपालभाती, नाड़ीशोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान और शांति पाठ का अभ्यास कराया।



राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में योगाभ्यास करतीं महिलाएं।

- 13 दिन से फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में किया जा रहा योगाभ्यास

बताया कि योगाभ्यास के लिए सही समय क्या है। इसके लाभ क्या है, किसको नहीं करना चाहिए। योग के लिए मीत आहार क्या होने चाहिए। इस अवसर पर रूपा अग्रवाल, दुलारी यादव, बब्ली, दिव्या, जिलेश कुमार, मनोज कुमार, रईस अहमद, मनीष यादव, अंकित योगेश एवं काफी संख्या में महिलाओं ने योगाभ्यास का लाभ प्राप्त किया।



कॉलेज में पौधरोपण करतीं इंस्पेक्टर ज्योति सिंह। ● अमृत विचार

## पर्यावरण संवारने के लिए पौधरोपण जरूरी : ज्योति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इंस्पेक्टर भोट ज्योति सिंह ने कहा कि पर्यावरण संवारने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। जिस तरह से वृक्षों और वनों को काटा गया है अब उसका असर देखने को मिल रहा है। धरती का तापमान सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है।

थूनापुर स्थित इम्पेक्ट कॉलेज में गुरुवार को पौधरोपण हुआ। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक थाना भोट इंस्पेक्टर ज्योति सिंह रहीं। उन्हें शॉल ओढ़ाकर व कॉलेज का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुलतान सैफी, प्रबंधक सरताज अहमद, महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति के अध्यक्ष उस्मान सैफी, प्राचार्य आसिम अहमद, वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश शर्मा, सुशील कुमार, सनम खान, रूबी आसरा व अन्य प्रवक्ता मौजूद रहे।

धर्मक्षेत्र | नौ जुलाई को रसमय संकीर्तन करेंगी दीदी निकुंज कामरा और आरुषि गंभीर

## भक्तों ने नगर में निकाली जगन्नाथ निमंत्रण यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इंदिरा कॉलोनी और सैनी नगर में गुरुवार को जगन्नाथ कथा की निमंत्रण यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में महिलाओं ने लोगों के घर जाकर सात जुलाई से होने वाली जगन्नाथ रस कथा के लिए निमंत्रण दिया।

कोसी मंदिर स्थित उत्सव पैलेस में सात से नौ जुलाई तक जगन्नाथ कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके के चलते निमंत्रण यात्रा निकाली जा रही है। गुरुवार को निमंत्रण यात्रा इंदिरा कॉलोनी और सैनी नगर में निकाली गई। सीए सजल अग्रवाल ने बताया सिविल लाइंन के लोगों को निमन्त्रण देने के लिए निमंत्रण यात्राएं निकाली जा रही हैं। जगन्नाथ रस कथा महोत्सव जगन्नाथ के अनन्य भक्तों पर आधारित है। जब उन्हें ऐसे सेवक मिल जाएंगे जो घर-घर जाकर निमंत्रण सेवा दे रहे हैं तो संगम कुछ अनूठा ही होगा। कथा प्रांगण में अनूठा माहौल बन जायेगा।



निमंत्रण यात्रा के लिए लोगों के घर निमंत्रण देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

भगवान और भक्तों के इस प्रगाढ़ प्रेम को देखने का सौभाग्य जिन्हें भी मिलेगा वह कृतार्थ हो जाएंगे। कथा में संकीर्तन के लिए दिल्ली से दीदी निकुंज कामरा और दीदी आरुषि गंभीर को आमंत्रित किया गया है। दोनों की जुगलबंदी संकीर्तन की दुनिया में विश्व प्रसिद्ध है। दोनों दीदी ही गोलोकवासी विनोद अग्रवाल के भाव प्रवाह परिवार से हैं।

काफी दिनों से पूरे शहर में निमंत्रण यात्राएं निकाली जा रही हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्त इस कथा में हिस्सा ले सकें।

- सात से नौ जुलाई शुरू होने वाली जगन्नाथ कथा के तीनों दिन रहेगा संतों का सानिध्य

### निमंत्रण यात्रा में यह लोग रहे मौजूद

सचिन अग्रवाल, कुनाल सिंघल, अमित बंसल, राघव, कमल कुमार आर्य, पुष्कर, देवांश, पारुल अग्रवाल, अचल अग्रवाल, सुकृति अग्रवाल, अंशिका, अमित, दीपा अग्रवाल, मुदित, अखिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।




बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा। ● अमृत विचार

## मोहन मांझी के मुख्यमंत्री बनने पर जताया हर्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि हमारे मछुआ समुदाय के लिए काफी खुशी का समय है। हमारे समुदाय के दो राजनेताओं को केंद्र व ओडिशा की सरकार में विशेष प्रतिनिधित्व दिया गया है। अब एक उम्मीद व विश्वास हो रहा है कि यह दोनों नेता समाज समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कार्य करेंगे।

गुरुवार को सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर बने सन्तोषी मां के मन्दिर में तुरैहा मछुआ महासभा की बैठक हुई। इसमें पदाधिकारियों ने मछुआ समुदाय के दो राजनेताओं व समुदाय के प्रतीक आदिवासी नेता मोहन मांझी के ओडिशा का मुख्यमंत्री व बिहार के लोकप्रिय नेता जीतन राम मांझी के केन्द्र सरकार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री बनाने पर हर्ष जताया है।

कार्यक्रम में मेवीराम तुरैहा, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, चन्द्रपाल सिंह, श्याम लाल तुरैहा, बाल किशन, रवि कुमार, दिनेश कुमार, महेश चन्द्र, अशोक कुमार, अर्जुन सिंह, मुरारी लाल तुरैहा, मदन मोहन तुरैहा आदि उपस्थित रहे। संचालन राम सिंह तुरैहा ने किया।

## एक नजर

### अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे : उस्मान



**रामपुर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव उस्मान बब्लू ने कहा कि जनपद में पूर्ति विभाग मनमानी पर उतारू है। केंद्र सरकार द्वारा मुफ्त राशन योजना चलाई जा रही है। लेकिन पूर्ति विभाग में बैठे कुछ लोग अपात्र लोगों के राशन कार्ड जारी कर रहे हैं। जबकि पात्रों को लाभ नहीं मिल रहा है। किसी भी गरीब का उत्पीड़न राष्ट्रीय लोक दल बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रत्येक तहसील में पूर्ति विभाग गरीबों का उत्पीड़न कर रहा है। जिला अधिकारी से मिलकर जनपद की प्रत्येक तहसील के पात्र लोगों को राशन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम राष्ट्रीय लोक दल करेगा। कहा कि बिजली व स्वास्थ्य विभाग अपना रवैया सुधारें, वरना अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

### बच्चों के विवाद में दंपति ने महिला को पीटा, रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार** : बच्चों के विवाद में परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। झगड़े में दंपति ने महिला को पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी वीरेश के अनुसार 15 अप्रैल को परिवार के बच्चों में झगड़ा हो गया था। इसे लेकर परिवार के ही विजयपाल और उसकी पत्नी रजनी ने वीरेश की पत्नी पुष्पा के साथ गाली-गलौज की। विरोध पर मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सिगरेट लेने के विवाद में भाइयों को पीटा

**शाहबाद, अमृत विचार** : ग्राम नबीगंज जदीद निवासी रामबहादुर ने गांव के ही नरेश, शिवम, सत्यवीर और लालता प्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने दुकान से सिगरेट लेने के विवाद में उसे और उसके भाई पातिराम और अरविंद को लाठी डंडों से पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



बैठक के दौरान मौजूद सीओ एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ईद : सीओ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने कहा कि ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक माहौल में सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी तरह की नई पंरपरा न डालें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर बिल्कुल ध्यान न दें।

पुलिस प्रशासन की तरफ से कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई। इसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री शाहिद शम्सी ने कहा कि ईद को भाईचारे और प्यार के साथ मनाएं। किसी भी तरीके की किसी मजहब के लोगों को ठेस न पहुंचे। सफाई का ध्यान रखें। नगर पालिका की गाड़ी घर-घर जाकर वेस्टेज उठाएंगी। जिस चीज पर पाबंदी है, वह कार्य न करें। नगर पालिका द्वारा 24 घंटे पानी का प्रबंध किया जाएग। बिजली न होने पर ट्यूबवेल जनरेटर से चलाए जाएंगे।

शहर कोतवाल, जामा मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम राजा इनायती, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी हारिस शमसी, नजमी खान, इमरान, मुकेश आर्य, प्रदीप खंडेलवाल, पुष्कर अग्रवाल, मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्रवासियों में लगातार पनप रहा आक्रोश, लोगों ने की कुओं को खुलवाने की मांग

# नेताओं और अधिकारियों ने सुंदरीकरण के नाम पर पाट दिए कुएं

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार** : भू-जल स्तर गिरने के चलते सरकार जल संरक्षण पर ध्यान दे रही है। लेकिन शाहबाद में नेताओं और सरकारी अधिकारियों ने मिलकर सुंदरीकरण के नाम कुएं पाट दिए। स्थानीय लोग काफी समय से इन्हें खुलवाने की मांग कर रहे हैं। इस बाबत लोगों ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भी दिए। लेकिन अधिकारियों ने अनसुनी कर दी। इसे लेकर लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

शाहबाद क्षेत्र में पहले कई कुएं थे। यह जल का स्त्रोत होने के साथ धार्मिक प्रक्रियाओं का केंद्र भी थे। लेकिन सूबे में सपा सरकार आई तो नेताओं ने अधिकारियों के साथ मिलकर कई कुएं पाट दिए। हालांकि लोगों ने उस दौरान कुएं पाटने का काफी विरोध किया। लेकिन सत्ता की हनक के चलते वह कुओं को पाटने से नहीं रोक पाए। वहीं, अब सरकारी निजाम बदलने से स्थानीय लोगों ने कुओं को खुलवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेताया कि अभी तो उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर कुओं को खुलवाने की मांग की है। अगर कुओं को नहीं खोला गया तो वह आंदोलन करेंगे।



कानूनगोयान में सुंदरीकरण कर पाटा गया कुआं। ● अमृत विचार

### भारतीय समाज में एक समय में कुओं का था विशेष महत्व

भारतीय समाज में एक समय कुओं का विशेष महत्व था। कुएं हमारी सांस्कृतिक व धार्मिक आस्था के प्रतीक थे। हिन्दू संस्कृति में जन्म से लेकर शादी तक की तमाम रस्में इन कुओं के इर्द-गिर्द होती थीं। वहीं मुस्लिम समाज इन कुओं के पानी से वुजू कर इबादत करता था। बुजुर्गो की मानें तो पूर्व में नगर क्षेत्र में अनगिनत कुएं थे। लेकिन अब अधिकतर कुओं को पाट दिया गया है।



मोहल्ला कानूनगोयान स्थित कुएं पर धार्मिक संस्कार होते थे। सपा सरकार में कुएं को पाट दिया गया। यह हमारी भावना को ठेस पहुंचाना है। अधिकारियों को कुएं को खुलवाना चाहिए। तमाम धार्मिक रस्में कुओं के इर्द-गिर्द होती हैं। - हरिओम शर्मा



जल का स्त्रोत होने के साथ कुएं हमारी आस्था का प्रतीक भी हैं। शाहबाद में चन्द नेताओं ने अधिकारियों की मिलीभगत से कुओं को पाट दिया है। उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कुएं खुलवाने की मांग की है। - वेदप्रकाश चंद्रवंशी



बुजुर्गों की मानें तो पूर्व में नगर क्षेत्र में अनगिनत कुएं थे। लेकिन अब अधिकतर कुओं को पाट दिया गया है। कुओं के पाटने को सुंदरीकरण का नाम दिया गया है। इससे वर्ग विशेष की भावना को ठेस पहुंची है। - सुमित भटनागर



आज भी बच्चे के जन्म से लेकर शादी की कई रस्में इन कुओं के इर्द गिर्द होती हैं। बच्चे के जन्म के समय जच्चा कुएं की पूजा करती है। घुड़चढ़ी के समय दूल्हा भी कुएं की पूजा करता है। - शिवम बजरंगी

# रेलवे ने बीच में रोका सड़क निर्माण

### क्षेत्रवासियों में रोष, अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार** : वर्षों से जर्जर सड़क का निर्माण न होने से लोग परेशान हैं। पालिका ने सड़क निर्माण की कोशिश की, लेकिन रेलवे ने रोक लगा दी। नगर की बाईपास के नाम से पहचानी जाने वाली सड़क के अवरुद्ध होने कारण राहगीरों को नगर में होकर गुजरने से जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

लोग वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। कई बार प्रशासन से सड़क निर्माण की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन लोगों की इस समस्या की ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पालिका ने सड़क निर्माण के लिए बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास किया, लेकिन रेलवे विभाग के दखल के कारण मजबूर पालिका प्रशासन सड़क निर्माण नहीं करा सका। चुनाव के दौरान नेता सड़क निर्माण के वादे करते हैं।

पूर्व पालिका अध्यक्ष ने सड़क का निर्माण शुरू कराया। आधी सड़क बनने के बाद रेलवे के अधिकारियों ने रेलवे की जमीन बताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। कुछ ही दिनों में बरसात का मौसम दस्तक देने वाला है। सड़क निर्माण न होने के कारण बरसात में फिर से लोगों के घरों में गंदे पानी का भराव होगा। लोग फिर गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे। लोगों की मांग है कि रेलवे और पालिका प्रशासन जल्द ही सहमति बनाकर सड़क का निर्माण करे। अन्यथा लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।



पटवाई से स्टेशन की ओर जाने वाली जर्जर सड़क। ● अमृत विचार



वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जर्जर सड़क पर हादसे होते हैं। इनमें लोग घायल हो जाते हैं। - प्रमोद



पटवाई मार्ग से स्टेशन रोड नगर के बाईपास के नाम से जाना जाता है। पटवाई मार्ग से आने वाले लोग जाम से राहत पाने के लिए स्टेशन मार्ग से गुजरते हैं। - रिंकू शर्मा



रेलवे की अड़चन के कारण मोहल्ले की सड़क का निर्माण नहीं हुआ। प्रशासन समस्या का समाधान करें। ताकि लोगों का राहत मिल सके। - सुरेंद्र गिरी



सड़क निर्माण नहीं होने से बरसात में गंदा पानी घरों में घुस जाता है। इससे गंभीर बीमारी फैलने का खतरा रहा है। इसके चलते लोग काफी परेशान हैं। - सुनील गुप्ता

- नगर में होकर गुजरने पर लोगों को झेलनी पड़ती है जाम की समस्या

# धार्मिक स्थल को लेकर फिर उपजा विवाद

संवाददाता, बिलासपुर

- पुलिस अधिकारियों के सामने लोग लहराते रहे तलवार
- सेवादारों की तहरीर पर 17 नामजद समेत 40-50 अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार** : तहसील के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर फिर विवाद खड़ा हो गया। बुधवार की रात एक पक्ष के लोग लाठी-डंडों के साथ धार्मिक स्थल पर पहुंच गए। जमकर हंगामा किया। लोग पुलिस अधिकारियों के सामने भी तलवार लहराते रहे।

गांव स्थित एक चर्चित धार्मिक स्थल को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। कई बार दोनों पक्षों में झगड़े भी हुए। मारपीट तक की नौबत पहुंच गई। लेकिन हर बार प्रशासन ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया गया। अधिकारी इस लड़ाई को न्यायालय के माध्यम से निपटाने की अपील करते दिखाई दिए।

बुधवार की देर रात एक पक्ष के दर्जनों व्यक्ति लाठी-डंडों के साथ धार्मिक स्थल पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। इस दौरान वह हवा में तलवारें भी लहरा रहे थे। सेवादारों ने मामले से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया। विवाद की सूचना से प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारी भारी पुलिसबल के साथ गांव में पहुंच गए। पुलिस ने आनन-फानन में धार्मिक स्थल के भीतर घुसे दूसरे पक्ष के लोगों को बाहर निकाला। मुख्य गेट बंद करा दिया। मगर दूसरे पक्ष के लोग पुलिस के साथ भी बदसलूकी कर भीतर घुसने का प्रयास करने लगे। लेकिन पुलिस ने किसी को अंदर नहीं घुसने नहीं दिया। देर रात तक चले हंगामे के दौरान प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल धार्मिक स्थल के इर्द -गिर्द तैनात रहे।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि धार्मिक स्थल को लेकर काफी समय से दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है। बुधवार की रात दोनों पक्षों में फिर से विवाद हो गया था। धार्मिक स्थल के सेवादारों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर 17 लोग नामजद, जबकि चालीस से पचास अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### इन लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई रिपोर्ट

अभिजोत सिंह, रूबी निवासी गांव गदा फार्म, गिन्दा सिंह, जयदीप सिंह, अमृतपाल सिंह, खुशदीप सिंह, महताब सिंह, जसजीत सिंह उर्फ बल्ला, गुरमीत सिंह निवासी गांव नवाबगंज, दलजीत सिंह उर्फ मंगा, दलवीर सिंह निवासी गांव चकफेरी, गुरदीप सिंह, मनजीत सिंह, जसवंत सिंह, गुरलाल निवासी गांव पसियापुरा, निन्दर सिंह, गुरबाज सिंह निवासी गांव डिबडिबा सहित 17 आरोपी नामजद हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



बोर्ड की बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार व अन्य। ● अमृत विचार

## बोर्ड की बैठक में हुई आय-व्यय पर चर्चा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार** : गुरुवार को पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार की अध्यक्षता तथा सभासदों की उपस्थिति में पालिका बोर्ड की बैठक हुई। इसमें मार्च, अप्रैल व मई में हुए आय-व्यय पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि 2024 के मार्च, अप्रैल व मई में पालिका ने 5,16,60,287 रुपये का व्यय किया जबकि 4,29,39,940 रुपयों की आय हुई। सभासदों ने पालिका क्षेत्र में प्याऊ, हाईमास्ट लाइट, गोशाला का प्रवेश द्वार इत्यादि कार्य के प्रस्ताव दिए। सभासद गोपेश्वर गंगवार ने बिलासपुर रोड पर स्ट्रीट लाइटों के न जलने पर नाराजगी जताई। सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र लाइटें लगवाने की बात कही। कुछ सभासदों ने जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। हाउस टैक्स वसूलने के लिए टीमें गठित करने का प्रस्ताव दिया।

बैठक में अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, फिरोज खान, गौरव कुमार, सभासद प्रखर वशिष्ठ, विजय कुमार, आसिफ, लक्ष्यवीर, विक्की रुहेला, आसिया, हरीश बाबू, जलज गुप्ता, अमरजीत सिंह, अम्बरीश कुमार, जयकीरत, शिवा तथा पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# सैनी समाज के युवक पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

संवाददाता, पटवाई

- बजरंगदल की सूचना पर पहुंची पुलिस तो परमेश्वर की पूजा करने का रचाया ढोंग
- विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष और क्राईम इंस्पेक्टर के बीच हुई नोकझोक

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव के किसी व्यक्ति ने गुरुवार सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना दी कि गांव में सैनी समाज का एक युवक अपने मकान पर अन्य राज्यों और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को बुलाकर ईसाई समाज में उनका धर्म परिवर्तन करा रहा है। धर्म परिवर्तन के लिए पादरी भी बुलाए गए हैं।

सूचना पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सूरजपुर गांव पहुंच गए। वहां झंडू सिंह के घर अन्य राज्य और क्षेत्र के गांवों के 100 से ज्यादा लोग एक हॉल में बैठे थे। पादरी भी मौजूद थे। मामले की सूचना पर पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख पादरी फरार हो गए। पुलिस ने मकान मालिक झंडू सिंह और उनके दो बेटों पवन तथा अर्जुन को हिरासत में ले लिया। झंडू सिंह बताया कि उनके बेटे पवन की तबियत खराब है। उसका कई वर्षों से इलाज चल रहा था, लेकिन ठीक नहीं हो पा रहा था।

झंडू सिंह ने बताया कि पादरी समाज के परमपिता परमेश्वर से जुड़ गया मेरा बेटा आज ठीक हो गया। गुरुवार को मैं और मेरे मिलने वाले अन्य राज्यों और क्षेत्र के कुछ गांव के लोग रिश्तेदार को बुलाकर अपने घर पर पादरी समाज के परमपिता परमेश्वर का भजन कीर्तन कर रहे थे। झंडू सिंह ने बताया कि धर्म परिवर्तन का आरोप झूठा है। उधर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक मकान में 100 से ज्यादा लोगों का इकट्ठा होना धर्म परिवर्तन नहीं तो क्या है। अगर ऐसा नहीं है तो झंडू सिंह अपने घर पर रामचरितमानस का पाठ कराएं।

प्रभारी क्राइम इंस्पेक्टर मान चंद्र ने बताया कि झंडू सिंह अपने घर परम पिता परमेश्वर के भजन करा रहा था। झंडू सिंह का कहना है कि उसका बेटा परेशानी में था अब ठीक हो गया है। आज वह अपने घर रामचरितमानस का पाठ भी कराएंगे। इस अध्यात्मिक काम के लिए थाने में ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और पुलिस ने 2100 रुपये इकट्ठे कर झंडू सिंह को दिए। कहा शुक्रवार सुबह से रामचरितमानस का पाठ शुरू करें।



गांव में मौजूद पुलिस और भीड़। ● अमृत विचार

**क्रिकेट** अरशू खान ने सबसे ज्यादा 27 गेंदों में बनाए 63 रन

# अंसारी वारियर्स नूरपुर की टीम ने 137 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट ज्वाला क्लब के मैदान में टीमें भिड़ीं। अंसारी वारियर्स नूरपुर की टीम ने रामपुर पुलिस फर्स्ट टीम को 137 रन से हरा दिया। समिति के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों का हौसला बढ़ाया।

ज्वाला क्लब सेवा समिति की ओर से ज्वाला क्लब मैदान में कराए जा रहे क्रिकेट टूनामेंट के पांचवें दिन अंसारी वारियर्स नूरपुर और रामपुर पुलिस फर्स्ट के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर अंसारी वारियर्स नूरपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। कप्तान का यह फैसला टीम के हित में रहा। टीम ने 20 ओवर में 234 रन का स्कोर खड़ा किया। यह अब तक का सबसे बड़ा स्कोर रहा। अरशू खान ने सबसे ज्यादा 27 गेंदों में 63 रन बनाए। जवाब में रामपुर पुलिस फर्स्ट टीम 97 रन बनाकर ही सिमट गई। इसके बाद अंसारी वारियर्स नूरपुर टीम को 137 रन से विजयी घोषित कर दिया गया। मैन आफ द मैच अंसारी वारियर्स नूरपुर टीम के अरशू खान को दिया गया। शानदार बल्लेबाजी कर 27 गेंदों में 63 रन बनाए।

मैच के मुख्य अतिथि नलिन सिंह, प्रतीक सक्सेना, सचिन सिंह आसिफ रहे। इस अवसर पर अमित ठाकुर, अभिनाश पटेल, विक्की सक्सेना, विनय शर्मा, संजू शर्मा, शिवम भारद्वाज, पराग मणि वशिष्ट, पीयूष कुमार, अजय राठौर, यशपाल सिंह, हरिओम यादव, शाबेज, उदयवीर, लक्की, नितिन, हर्ष, त्रिभुवन पंडित भी मौजूद रहे।




भाजपा के मीडिया प्रभारी को सम्मानित करते कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाजपा के मीडिया प्रभारी को किया सम्मानित

नगर में टेक्सटाइल ग्राउंड में ज्वाला क्लब द्वारा आयोजित केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी को ज्वाला क्लब कमेटी के मेंबरों ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि ऐसा क्रिकेट टूर्नामेंट पहली बार आयोजित किया गया है। खेल के माध्यम से हम अपनी युवा पीढ़ी को मन के साथ शरीर को भी मजबूत बनाने की दिशा में एक संदेश देते हैं। ऐसे टूर्नामेंट के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा निखरती है और उन्हें प्रोत्साहन मिलता है।



अधिवक्ताओं से वार्ता करते उप जिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम। ● अमृत विचार

## अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार** : उप जिलाधिकारी के प्रयास पर हुई वार्ता के बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल खत्म कर दी। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने अधिवक्ताओं को न्यायिक प्रक्रिया की धुरी बताया। उन्होंने भरोसा दिया कि वकीलों की परेशानियों पर ध्यान दिया जाएगा। विसंगतियां तलाश कर दूर की जाएंगी।

अधिकारियों के रवैये से नाराज अधिवक्ता सांकेतिक हड़ताल पर चले गए थे। अधिवक्ताओं ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तहसील के सभी न्यायालयों का बहिष्कार कर दिया था। गुरुवार को उप जिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम ने वकीलों के साथ वार्ता की। यूथ बार अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि उप जिलाधिकारी ने उनकी सभी मांगों पर ध्यान देने का भरोसा दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द सभी विसंगतियां दूर कर दी जाएंगी। इसके बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल खत्म कर दी।

बैठक में बार एसोसिएशन केअध्यक्ष रामौतार सिंह यादव, तकरीरुर्रहमान, मासूम मियां, शुजाउल मियां, वसीम खां, मुनेश यादव आदि शामिल रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### सास ने दामाद के पेट में मारा चाकू, अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ससुराल में आए व्यक्ति को उसकी सास ने पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया है। घायल जिला अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टर ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है। लाइनपार निवासी अमित ने बताया कि वह हरपाल सिंह कोठी पर चौकीदारी का काम करता है। उसके परिवार में पत्नी शिवानी और दो बच्चे, बेटा और बेटी हैं। बुधवार को घर में पत्नी से विवाद हुआ, सूचना पाकर सास आई थी और वह अपनी बेटी और बच्चों को लेकर चली गई थी। फिर गुरुवार दोपहर को उसकी पत्नी का फोन आया था, उसने कहा आपको बच्चे बहुत याद कर रहे हैं, ससुराल आ जाओ। अमित ने बताया की पत्नी के फोन के बाद वह ससुराल में पहुंचा था, जहां उसकी सास झगड़ा करने लगी और धक्का देकर घर से भागने लगी। इसी दौरान सास ने चाकू उठाया और उसके पेट पर वार कर दिया। इसमें वह घायल हो गया है।

### एनएचएआई के यूपी प्रोजेक्ट इंचार्ज आज करेंगे निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के यूपी प्रोजेक्ट इंचार्ज विशाल चौहान शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंचेंगे। वह यहां मुरादाबाद जिले में चल रहे प्रोजेक्ट रिंग रोड के अलावा अन्य प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह विभाग अधिकारियों के साथ एजेंडे को लेकर मीटिंग करेंगे। वह सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली से रवाना होंगे। पहले दिल्ली रोड नया मुरादाबाद में स्थित एनएचएआई के कार्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद चल रहे प्रोजेक्टों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय राज मार्ग परियोजना निदेशक मुरादाबाद अरुण कुमार जैन ने दी।

### युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** एक युवक को चार लोगों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीट दिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों को देखकर हमलावर भाग निकले। परिजनों ने बेहोशी की हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव हाशमपुर गोपाल में गुरुवार दोपहर सुरेंद्र पुत्र धर्मपाल सिंह के साथ गांव निवासी योगराज पुत्र जय सिंह की कहासुनी हो गई। उसी को लेकर लोगों ने बीच बचाव करा दिया। थोड़ी देर के बाद योगराज अपने साथियों सन्नी पुत्र अजीत उर्फ लाला, तीर्थ पुत्र राम सिंह, भीमा पुत्र जय सिंह के साथ लाठी-डंडे लेकर आ गया और सुरेंद्र को घेर लिया। चारों ने उसे लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। जैसे ही यह सूचना परिजनों को मिली तो वह मौके पर पहुंचे। परिजनों को देखकर चारों लोग उसे छोड़कर भाग निकले।


विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार

## बाल श्रम रोकने व नशा मुक्ति पर मंथन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बाल श्रम निषेध व नशा मुक्ति को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार आरपी भगत ने कहा कि छोटी सी प्रेरणा किसी का जीवन बदल सकती है। बाल श्रम और नशा समाज के लिए अभिशाप बन रहे हैं।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर हुई बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने कहा कि बाल श्रम के दौरान बच्चे जल्दी ही नशे की लत में पड़ जाते हैं। कम उम्र में अच्छा और बुरे की समझ न होने के कारण उनका जीवन बर्बाद हो रहा है। हमारे और समाज के प्रयास से उनको नशे से दूर किया जा सकता है। साथ ही बाल श्रम पर भी पाबंदी लगाई जा सकती है। वहीं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित कौशल ने मजबूरी में बाल श्रम कर रहे बच्चों की मदद करने व उनको पढ़ने के लिए प्रेरित करने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम में एएचटीयू के प्रभारी लखपत सिंह, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, चाइल्डलाइन, बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने किया।

### युवा बोले- रोजगार कागजों से हटकर धरातल पर दे दिखाई, परीक्षाएं शुचितापूर्ण कराना भी बड़ी चुनौती

# मोदी 3.0 में युवाओं में जगी केंद्र सरकार से रोजगार की आस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मोदी 3.0 में युवाओं को केंद्र सरकार से रोजगार की आस जगी हैं। युवाओं का कहना है कि इस बार सरकार को धरातल पर युवाओं के लिए काम करना होगा। जिले में भी लगातार बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है। जो देश के भविष्य के लिए चिंता का विषय है।

केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इस बार भी सरकार से युवाओं को अपने लिए रोजगार की बहुत उम्मीद है। महानगर निवासी युवती दीपाली चक्रवर्ती का कहना है कि लड़कियों को आत्म सुरक्षा और स्वरोजगार की जरूरत है, जो इस सरकार से मिला है। अब तीसरी बार सरकार बनी है तो इसकी रफ्तार और तेज करने की आवश्यकता है।

रोजगार कागजों से हटकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उम्मीद है कि सरकार हमारी उम्मीद पर खरा उतरेगी।

वहीं छात्र नेता कुशल शर्मा ने कहा कि प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालयों से संबद्ध कालेजों में शिक्षा की व्यवस्था को और सुदृढ़ की जाए। कोई भी भर्ती हो पारदर्शी तरीके से हो, जिससे युवक हतोत्साहित न होकर प्रदेश व राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभा सके। उम्मीद है कि केंद्र सरकार के साथ साथ उत्तर प्रदेश सरकार भी अब बड़े स्तर पर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

वहीं आंशिक रस्तोगी ने कहा कि उम्मीद है कि अब सरकार प्रत्येक विभाग में खाली पड़े पदों पर जल्द भर्ती निकालकर रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। साथ ही कहा कि सरकार को निजी सेक्टर पर भी ध्यान देने जरूरी है। इस समय प्राइवेट कंपनियों में युवाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। हालात इतने खराब है कि एमबीए, बीटेक करने के बाद भी युवाओं को 5 से 10 हजार प्रतिमाह की नौकरी करना पड़ रही है। तो देश के युवाओं के लिए बहुत बड़ा चिंता का विषय है। सरकार की इस ओर जल्द से जल्द ध्यान देने की आवश्यकता है।

वहीं अन्य युवक संदीप कुमार ने कहा कि मोदी सरकार 3.0 से युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में काफी उम्मीदें हैं बेरोजगारी दूर करने, महंगाई कम करने से लेकर शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी।

बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है नई सरकार रोजगार सृजन सरकार होगी। काजल ने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दे व तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दे, खाली पदों पर जल्द भर्ती कर बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किया जाए।


दीपाली चक्रवर्ती


आंशिक रस्तोगी


संदीप कुमार


काजल

● दिन ब दिन बढ़ रही बेरोजगारों की भीड़ देश के भविष्य के लिए बन रही चिंता का विषय

### प्राइवेट सेक्टर में सुधार की जरूरत

युवाओं का कहना है कि सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी नौकरी मिलना बहुत मुश्किल है। इसलिए सरकार को प्राइवेट सेक्टर में बेहतर बिकल्प देने की आवश्यकता है। देखने को मिल रहा है कि निजी सेक्टर में वेतन बहुत कम लगाया जा रहा है। लेकिन, बेरोजगारी लगातार बढ़ने की वजह छात्र-छात्राओं को कम वेतन में काम करना पड़ रहा है। इसलिए सरकार को निजी सेक्टर में भी हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# परंपरागत तरीके से मनाएं ईद-उल-अजहा व गंगा दशहरा का त्योहार

### पानी, बिजली, सफाई के इंतजाम करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश, बोले- खुले में नहीं होगी कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में गंगा दशहरा और ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुसार परंपरागत व शांतिपूर्ण तरीके से गंगा दशहरा और बकरीद का पर्व मनाएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से इन पर्वों पर पेयजल, बिजली और साफ सफाई का पर्याप्त प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार से कहा कि अभियान चलाकर महानगर में नाली-नालों की सफाई कराएं। एसपी सिटी और एसपी यातायात को आपस में समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। गंगा दशहरा पर नदियों के घाटों पर पर्याप्त इंतजाम कराने के लिए कहा। अपर आयुक्त को घाट पर सफाई, चूने का छिड़काव कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग मिल जुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुर्बानी खुले में न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए।

त्योहार पर परंपरागत व्यवस्था बनाए रखें। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन व पुलिस का जनता सहयोग करे। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एसपी यातायात सुभाष चन्द गंगवार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव के अलावा सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और सिविल डिफेंस के अधिकारियों के अलावा धर्मगुरू उपस्थित रहे।


पंचायत भवन में पीस कमेटी की बैठक में लोगों को संबोधित करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।


पंचायत भवन सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित शहर के गणमान्य लोग।

### एक जुलाई से चलेगा दस्तक अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से संबंधित कार्ययोजना को सही से बनाने का निर्देश दिया। बैठक में चिकित्साधिकारियों ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई और दस्तक अभियान 11 से 30 जुलाई तक द्वितीय चरण जिले में चलेगा। अभियान में होने वाले गतिविधियों को सही तरीके से क्रियान्वित करने के लिए जिलाधिकारी ने कहा। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर सुनिश्चित कराएं दवा की उपलब्धता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। अप्रैल से मई तक टीकाकरण में भोजपुर, बिलारी और ठाकुरद्वारा ब्लॉक की स्थिति खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताकर इसे ठीक कराने का निर्देश दिया। कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी ग्राम प्रधानों के साथ सहयोग बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सूचकांकों व मानदंडों में सुधार के लिए सभी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सिविल डिफेंस का भी सहयोग लें। सेशन साइट मानीटरिंग सूचकांक में कुन्दरकी ब्लाक की स्थिति खराब मिलने पर वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी को सुधार करने का निर्देश दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि को मानीटरिंग के लिए सैंपल साइज ठीक रखने के लिए कहा। निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर एंटी रेबीज और एंटी स्नेक वेनम की वैक्सीन उपलब्ध रहे। उन्होंने डायलिसिस व्यवस्था को और बेहतर करने पर जोर दिया। समीक्षा में मैटरनल हेल्थ फैसिलिटी में बिलारी, ताजपुर, मुरादाबाद नगर की स्थिति खराब मिली। जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि एएनएम/आशा वर्करों को समय-समय पर प्रेरित कर उनके कार्यप्रणाली की निगरानी भी करते रहें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव के अलावा स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, यूनिसेफ के प्रतिनिधि रोहित आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सपा जिलाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय डीपी यादव की याद में आयोजित शोक सभा में पार्टी के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर शोकसभा में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने पूर्व जिलाध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय डीपी यादव आजीवन समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों एवं आंदोलनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना व उसको सफल बनाने के हर प्रयास करते थे। जिलाध्यक्ष के पद पर रहकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ कदम से कदम से मिलाकर जनता की सेवा की और पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया। सबके सुख दुख में साथ रहना उनकी आदत में शुमार था। जनहित में उनके द्वारा किया कार्यों के लिए पार्टी एवं जनता उन्हें सदैव याद करेंगी उनके निधन से समाजवादी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है।

पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने शोक सभा में प्रार्थना की वह दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति दे। शोक सभा में राजेश यादव, नाजिम सैफी, लाखन सिंह सैनी, विजय वीर यादव, वेद प्रकाश सैनी, फरीद मलिक, फाजिल मलिक, विक्रम सिंह यादव, दीपक विश्नोई, डा. महमूद, संजीव चौधरी, गजेन्द्र सिंह यादव, प्रेम बाबू वाल्मीकि, सुरेंद्र शर्मा, अशोक सैनी, वीके सिंह सैनी, शीरीगुल, अफरोज वारसी, वीना बिश्नोई, नाग भारती, गीता यादव, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव को श्रद्धांजलि देते सपा कार्यकर्ता।

### उरमू व रेलवे के बीच पीएनएम का समापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद में पुराने यार्ड मास्टर दफ्तर का जीर्णोद्धार होगा। दफ्तर में रेलकर्मियों को बिजली-पानी की सुविधाएं मिलेंगी। यार्ड में ही चार लाइनों के बीच रनिंग स्टाफ की आवाजाही व लगेज के लिए पॉथ वे बनेगा। गुरुवार को डीआरएम दफ्तर में रेलवे और उरमू के बीच पीएनएम में रेल कर्मियों की सुविधा के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने पर सहमति बनी है। उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन और रेलवे के बीच पीएनएम का समापन हो गया। पीएनएम के जरिए यूनियन ने 100 से ज्यादा मामले प्रशासन के सामने रखे। इसमें मुरादाबाद यार्ड में दफ्तर का जीर्णोद्धार कर रेलकर्मियों के लिए पीने का पानी, पंखे, कूलर आदि की व्यवस्था भी है। प्लेटफार्म छह के सामने रनिंग स्टाफ के लिए पाथ-वे के निर्माण है। यहां आने-जाने का रास्ता कच्चा है।

# 8 घंटे बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जूझे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के चार विद्युत केंद्र के छह हजार उपभोक्ता बिजली ट्रिपिंग से पूरे दिन परेशान रहे। गलशहीद विद्युत केंद्र के जुडे. इंद्रा चौक, मकबरा, भूड़े का चौराहा ,गलशहीद मोहल्ले में 12 बजे से शाम छह बजे बिजली सप्लाई ठप रही। वहीं, कटघर विद्युत केंद्र के मोहल्ला छोटी मंडी, पचपेड़ा और होली के मैदान के एक हजार से अधिक उपभोक्ता दस बजे से शाम चार बजे बिजली ट्रिपिंग से परेशान रहे। वहीं टाउन हाल और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से जुडे. मोहल्लों का भी यही हाल रहा ।

गुरुवार को टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र रेलवे स्टेशन बुध बाजार, मालवीय नगर, कोतवाली नगर, आंशिक असालतपुरा मोहल्ले में सुबह दस बजे शाम छह बजे तक बिजली ट्रिपिंग से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं टाउनहाल विद्युत केंद्र से जुड़े मोहल्ले कटरा नाज, मानपुर, रेती मोहल्ला, और लाल मस्जिद में हर आधे घंटे में बिजली आपूर्ति आती जाती रही है। एसडीओ टाउनहाल और टैक्सी स्टैंड के मुताबिक इन सभी मोहल्लों सुबह 10 बजे के बाद गर्मी बढ़ी तो अचानक ओवर लोडिंग बढ़ गई। जिसके बाद कई बार विद्युत केंद्र से बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी। अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में ओवर लोडिंग बंद नहीं हो रही है। जिससे केबल, ट्रांसफार्मर और लीड गर्म होने के बाद फाल्ट होने की आशंका बनती देखी तो फाल्ट न हो इसके लिए उपकरणों को ठंडा किया जा रहा है।

### ताड़ीखाना में तीन घंटे, मंडी चौक में चार घंटे आपूर्ति रहेगी बाधित, आरडीएसएस योजना के होंगे कार्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आरडीएसएस योजना के अंतर्गत एलटी एबीसी तार बदलने का कार्य किया जाना है। जिसमें टाउनहॉल उपकेंद्र से जुड़े दो मोहल्लों की बिजली आपूर्ति कहीं तीन तो कहीं चार घंटे लगातार बाधित रहेगी। गुरुवार को विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र गौतम ने बताया विद्युत केंद्र टाउनहॉल से जुड़े फीडर ताड़ीखाना क्षेत्र के बाला की सराय मोहल्ला में रहने वाले 300 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 6 से 9 बजे तक तीन घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं इसी फीडर से संबंधित मंडी चौक क्षेत्र के बल्लम मोहल्ला में रहने वाले 450 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह 6 से 10 बजे तक चार घंटे बाधित रहेगी।

### बैग व्यापारी की दुकान से तीन लाख रुपये चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के न्यू खुशहालपुर में बैग व्यापारी की दुकान के गल्ले में रखे तीन लाख रुपये नकद चोरी होने का मामला सामने आया है।

व्यापारी ने दुकान में चोरी की घटना रविवार रात 10 बजे होना बताया है। इसमें उन्होंने अपने नौकर को नामजद किया है। दावा किया है कि नौकर बबलू को रात में करीब 10 बजे उनके पड़ोसी ललित आहूजा ने उनकी दुकान में घुसते और थैला लेकर जाते देखा है। व्यापारी तिलक राज सिक्का ने बताया है कि वह घर पर ही बैग की दुकान चलाते हैं। जयंतीपुर चौकी क्षेत्र के ब्रह्मपुरी कालोनी बाला जी मंदिर निवासी बबलू उनकी दुकान पर नौकरी करता था। 9 जून को उन्होंने दुकान के गल्ले में 3 लाख रुपये कैश रखे थे। दुकान बंद होने के बाद नौकर बबलू ने दुकान के पीछे वाले गेट से घुसकर तीन लाख रुपये की नकदी पार कर दी।

# पुलिस ने चोरी की सात बाइकों के साथ दो को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना गलशहीद पुलिस टीम ने चोरी की सात बाइकें बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके साथी बाल अपचारी हिरासत में लिया है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कदीर पुत्र खलील और एक बाल अपचारी को पकड़ा है।

कदीर रामपुर जिले में थाना टांडा क्षेत्र के कस्बा मोहल्ला टंडोला मनिहारों वाली मस्जिद के पास का रहने वाला है। इसके पास से चोरी की सात मोटर बरामद की गई हैं। इन्हें अभियुक्तों ने गलशहीद थाना एवं अन्य थाना क्षेत्रों के चोरी की थी। उन्होंने बताया कि कदीर के विरुद्ध पहले से ही कई मामले हैं। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में मालूम हुआ है कि लगभग तीन माह पहले अभियुक्त कादीर की मुलाकात एक शादी समारोह में बाल अपचारी से हुई थी। इसके बाद दोनों ने मिलकर चार बाइकें अलग-अलग तारीखों में चोरी की। फिर 18 मई को बाल अपचारी नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती हो गया था। इसके बाद अभियुक्त कादीर ने अन्य तीन बाइकें चोरी की। 10 जून को बाल अपचारी नशा मुक्ति केन्द्र से बाहर आया। पूर्व में चोरी की गई बाइकों को गुरुवार को दोनों मिलकर बेचने के लिए रामपुर जाने की फिराक में थे, उसी दौरान पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त कदीर के विरुद्ध कुल सात मामले दर्ज हैं। बाल अपचारी पर भी गलशहीद, नगर कोतवाली व कटघर थाने में कुल चार मामले दर्ज हैं।

**समर लीग** रुक्मणी कालेज में जूनियर समर लीग का आरंभ, आईपीएल टीमों के नाम पर रखे नाम

# राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी और स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से गुरुवार को जूनियर समर लीग में दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के बीच और दूसरा मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया।

रुक्मणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक ने खिलाड़ियों से परिचय कर टूर्नामेंट आरंभ किया। संयुक्त टूर्नामेंट आयोजक बदरूद्दीन सिद्दीकी और मोहम्मद हसीन ने बताया कि टूर्नामेंट आईपीएल टीमों के नाम से कराया जा रहा है।

पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बंगलुरु ने खेलते हुए निर्धारित 25 ओवर में 7 विकेट खोकर 132 रन बनाए। टीम के लिए अयान हुसैन ने 58 बॉल में 60 व अक्षत यादव ने 10 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरआर ने 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम के लिए कप्तान सोहिव ने 45 बॉल में 58 व अल्तमश अल्वी ने 20 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अहम कश्यप व गेम चेंजर ऑफ द मैच सोहिव को चुना गया। दूसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। टीम के लिए नजरान ने 46 व शब्बू पाशा ने 25 बॉल में 45 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई की पूरी टीम 23.5 ओवर में 148 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए कप्तान मोहम्मद आजम ने 47, हस्सान ने 31 व अथर्व ने 24 रन बनाए। सीएसके लिए शव्वू पाशा, मोहम्मद अयान व अम्मार अहमद ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच शव्वू पाशा और गेम चेंजर नजरान को चुना गया। अंपायर की भूमिका में शमशाद अल्वी व मोहम्मद सायम रहे। स्कोरर अफजल खान रहे। इस दौरान कोच मोहम्मद हसीन, नजाकत अली, सोनू कुमार, मोहम्मद हसीब, कमाल पाशा, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद इक्याम, मोहम्मद उमर आदि रहे।


हाथ मिलाते राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स के खिलाड़ी। ● अमृत विचार


सीओ सिविल लाइन को ज्ञापन देते भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के सदस्य।

## हर्ष के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के महबुल्ला गंज में बुधवार को हर्ष की गाड़ी बचाने के विवाद में हत्या कर दी गई थी। इसमें गुरुवार को वाल्मीकि समाज ने सीओ सिविल लाइंस को ज्ञापन देकर हत्यारोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय मुख्य संचालक कर्मवीर लल्ला बाबू ने ज्ञापन में बताया कि बुधवार रात करीब 10:30 बजे हर्ष उर्फ सिद्दू पुत्र गुड्डू की हत्या कर दी गई थी। इसमें राजेश रस्तोगी व उसके पुत्र दोनों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये और सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## एक नजर

### देहरी खादर में बनेगा 33 केवीए का नया बिजली घर

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ओवरलोडिंग के चलते ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती से राहत देने के लिए विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने शासन को पत्र लिखा। जिस पर ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव देहरी खादर में 33 केवीए का नया बिजली घर की मंजूरी दी है। इससे क्षेत्र के लोगों को बिजली समस्या से राहत मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में ओवरलोड़िग की समस्या नहीं रहेगी। इसके साथ ही एक 33 केवीए लाइन का अतिरिक्त फीडर भी बनाया जाएगा। विद्युत सुरक्षा निदेशालय से यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन के अवर अभियंता नई 132/33 केवी केंद्र से आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार आएगी। बिजली आधारित उद्योग धंधों के साथ ही कृषि कार्य के लिए भी पर्याप्त एवं अनवरत बिजली मिलेगी। उधर, जोया बिजली घर से जुड़े क्षेत्रों में दिन भर बिजली की समस्या रही। लाइन में खराबी आने से आपूर्ति बाधित हुई। गुरुवार दोपहर तक बिजली की ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे।

### बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, सेमिनार, गोष्ठी और प्रतियोगिताएं भी होंगी

# 15 से 21 जून तक मनेगा योग सप्ताह, होगा योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित होगा। इससे पहले 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इसे लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि योग सप्ताह के तहत जिला मुख्यालय, तहसील ब्लॉक, नगर निकाय ग्राम पंचायतों में सामूहिक योगाभ्यास कराया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने योग दिवस को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिले में योग सप्ताह आयोजित कराने को लेकर एडीएम वित्त एवं राजस्व सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से कार्य योजना पर चर्चा की। डीएम ने कहा कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, इस वर्ष 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित होगा। डीएम ने कहा कि योग कार्यक्रम जिले की सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकाय, जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आयुष विभाग पहले से तैयारी कर ले। कार्यक्रम के अनुसार, 15 से 21 जून तक सुबह 6 बजे से 7 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। 16 जून को रंगोली प्रतियोगिता, योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन विषय पर सेमिनार और गोष्ठी होगी। 17 जून को स्लोगन प्रतियोगिता, 18 जून को निबंध लेखन प्रतियोगिता, आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व विषय पर सेमिनार, 19 जून को आशु भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, 20 जून को मानसिक स्वास्थ्य योग एक संपूर्ण विकल्प विषय पर सेमिनार गोष्ठी, योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता, 21 जून को राजकीय मिनी स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। डीएम ने कहा कि आयुष विभाग अधिक से अधिक लोगों को इस योग अभ्यास के लिए अधिकारियों, कर्मचारी, शिक्षक समाजसेवी सहित अन्य व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित कराए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, एसडीएम पुष्कर नाथ, एसडीएम मसीह, एसडीएम सुनीता सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी व आयुष विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

# धूप व भीषण गर्मी से लोग हुए बेहाल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से लोग, पशु, पक्षी भी बेहाल हैं। सुबह नौ बजे से ही सूरज मानो आग उगलने लगता है। लू के थपेड़े दिन भर सताते हैं। लेकिन अभी लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। भीषण गर्मी की वजह से दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। कम संख्या में ही लोग सड़कों पर दिखते हैं।

भीषण गर्मी में लोगों का समय गुजरना मुश्किल हो रहा है। तपिश व तेज धूप से घरों की छत पर रखी टंकियों में पानी गर्म हो जाता है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी से हर वर्ग हलकान रहा। शहर व गांवों के बाजारों व सड़कों पर दोपहर को सन्नाटा रहा। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही।


धूप से बचने के लिए कपड़ा बांधकर स्कूटी से जाती सवार। ● अमृत विचार

### बाजारों और सड़कों पर रहा सन्नाटा

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** दिन प्रति दिन गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। घर से निकलने के बाद चिलचिलाती धूप, गर्म हवा और लू के थपेड़े झेलने के बाद हर कोई बेहाल है। गर्मी का आलम यह है कि लोगों को चेहरे ढककर निकलना पड़ रहा है। सड़कों पर दोपहर को सन्नाटा छा रहा है तो गुजर रहे लोग गर्मी से निजात पाने को जतन करते दिखाई दे रहे हैं। गर्मी के इस सितम से हर कोई परेशान हैं। गुरुवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। राहगीर गन्ने का रस, बेल के जूस, शिकंजी आदि से अपना गला तर कर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते दिखाई दिए। पिछले हफ्ते से लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी से बाजारों से लेकर मुख्य सड़कों तक पर सन्नाटा छाने लगा है। बढ़ती गर्मी से रोजाना के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। धूप से बचने के लिए लोग अपने चेहरे पर कपड़ा बांधकर चलने को मजबूर हैं।

# गोवंश की मौत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

## पालिकाध्यक्ष ने कान्हा गोशाला के प्रभारी व केयरटेकर को किया निलंबित, स्टाफ को हटाया, नए लोगों को दी जिम्मेदारी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कान्हा गोशाला में सात गोवंशीय पशुओं की मौत के मामले में पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने गोशाला प्रभारी और पालिका के दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही गोशाला के स्टाफ को हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा पशु चिकित्सक अधिकारी की तहरीर पर गोशाला के प्रभारी करन सिंह, केयरटेकर रजत, कोनाल, सफाई कर्मचारी अश्विनी, जेसीबी चालक जाकिर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बताया गया कि हसनपुर नगर के मोहल्ला खेवान स्थित कान्हा गोशाला में बुधवार देर रात सात गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। अभी भी पांच पशु बीमार हैं। अधिकारियों का दावा है कि गर्मी से पशुओं की मौत हुई है। फिलहाल, मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पशुओं की मौत का सही कारण पता चल सकेगा। इस घटना के विरोध में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी ने हंगामा किया था। पालिकाध्यक्ष ने उन्हें आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल ने लिपिक दिनेश कुमार व करनसिंह को गोशाला के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया। उन्होंने गोशाला के स्टाफ को भी तत्काल प्रभाव से हटाकर नए लोगों की नियुक्ति की है। उन्होंने समस्त कर्मचारियों को गोशाला के कार्य में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी है। कहा कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, पशु चिकित्सा टीम की गोशाला में बीमार गोवंशीय पशुओं का इलाज कर रही है।

चिकित्सकों ने कुछ गोवंशीय पशुओं को ड्रिप भी चढ़ाई है। पशु चिकित्सक डॉ. खुशीराम के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम गुरुवार सुबह कान्हा गोशाला पहुंची थी।

- **गोवंश संरक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में हुई कार्रवाई**


गोशाला में जानकारी लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार


गोशाला में जायजा लेते विधायक महेंद्र खड़गवंशी व जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी।


गोशाला में बीमार गाय को ड्रिप चढ़ाता स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

### पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने गोशाला में पहुंचकर किया निरीक्षण

**गजरौला, अमृत विचार :** हसनपुर स्थित गोशाला में गायों की मौत के बाद गजरौला स्थित गोशाला में भी सभी व्यवस्थाओं का पुन मूल्यांकन किया गया। नगर स्वच्छता प्रेरक एवं पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने गोशाला में व्यवस्थाएं देखीं। चिकित्सकों के दल ने भी गायों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। गुरुवार को गजरौला के नगर स्वच्छता प्रेरक व पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने गोशाला का निरीक्षण करके यहां को व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मियों को निर्देश दिए।

### डीएम-एसपी और भाजपा नेताओं ने देखीं व्यवस्थाएं

**हसनपुर, अमृत विचार :** गोशाला में सात गोवंशीय पशुओं की मौत की खबर से प्रशासन और नेताओं में खलबली मच गई। गुरुवार को अधिकारी और नेता गोशाला पहुंचे। भाजपा के विधायक महेंद्र खड़गवंशी, जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने गोशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सका अधिकारी को गायों का सही इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। बताया कि प्रशासनिक अधिकारी व पालिका स्टाफ ने मृत गोवंशीय पशुओं को जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दबाने का प्रयास किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता गोशाला पहुंचे और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा हुआ। गोशाला में हंगामे की सूचना के बाद एडीएम सुरेंद्र कुमार सिंह व एएसपी राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों को अधिकारियों ने समझाकर शांत कराया। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों की एसडीएम से नोकझोंक भी हुई थी।


गजरौला में गोशाला का निरीक्षण करते पूर्व विधायक हरपाल सिंह। ● अमृत विचार


उझारी बिजलीघर में पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

# जेई के आश्वासन के बाद भाकियू ने धरना किया समाप्त

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन असली संगठन के कार्यकर्ताओं ने बछरायूं बिजली घर पर अवर अभियंता के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। किसान यूनियन के कार्यकर्ता अवर अभियंता की कार्यशैली व भाषा शैली से नाराज थे। उन्होंने बछरायूं बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी थी।

गुरुवार को बिजली घर पर धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर एसडीओ बछरायूं व अवर अभियंता मौके पर पहुंचे। लेकिन अवर अभियंता ने अपनी गलती नहीं मानी। इस पर भाकियू के कार्यकर्ता भड़क गए और स्टेट हाईवे पर जाम लगाने की चेतावनी देने लगे। इसके बाद अवर अभियंता ने अपनी गलती स्वीकार की तो किसान शांत हो गए। किसानो की मांग पर एसडीओ ने बछरायूं बिजली घर पर मंगलवार और शनिवार सुबह 10 से 12 तक समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही। जर्जर तार व ओवरलोड़ की समस्याओं से जल्द छुटकारा दिलाने की बात कही। इस पर भाकियू ने धरना समाप्त हो गया। इस दौरान भाकियू असली के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह, नरेश कुमार, जावेद मलिक, अनवर अली, इकरार अली, प्रदीप कुमार, जसपाल सिंह, देशराज सिंह आदि रहे।

### भाकियू भूमि ने बिजलीघर में दिया धरना

**उझारी, अमृत विचार :** बिजली घर के अधिकारी व कर्मचारी किसानों की सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इसके लेकर भाकियू भूमि के कार्यकर्ताओं ने उझारी बिजलीघर में प्रदर्शन किया और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। कहा कि किसानों से अवैध उगाई की जा रही है और विद्युत मीटर बदले जा रहे हैं। अधिकारियों व कर्मचारी की मिली भगत से अवैध मशीन और छोटे कारखाने बिना कनेक्शन के चलाए जा रहे हैं। किसानों को परेशान किया जा रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं पर 2000 का बकाया होने पर नोटिस दिए जा रहे हैं। कनेक्शन काट दिए जाते हैं। इस मौके पर शीशपाल सिंह, मोनिका, कल्लन, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने यू-ट्यूबर को किया गिरफ्तार

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- **यूट्यूब चैनल पर राज्यसभा सांसद का फोटो गलत तरीके से प्रसारित करने का आरोप**

**अमृत विचार :** यूट्यूब चैनल पर राज्यसभा सांसद संगीता यादव का फोटो गलत तरीके से प्रसारित करने के मामले में गोरखपुर पुलिस ने यू-ट्यूबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी गजरौला के मोहल्ला बुद्धनगर नाईपुरा का निवासी है।

गोरखपुर के थाना झगहा में 10 जून को राज्यसभा सांसद संगीता यादव के प्रतिनिधि परशुराम गुप्ता की तहरीर पर यू-ट्यूबर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि यू-ट्यूबर ने अपने चैनल पर प्रसारित एक कहानी में राज्यसभा सांसद संगीता यादव का फोटो गलत तरीके से प्रसारित किया था। जबकि उस कहानी से सांसद का कोई लेना देना नहीं था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। गुरुवार को गोरखपुर पुलिस की टीम चौपला पुलिस चौकी पहुंची। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर पुलिस ने आरोपी गौतम सागर को गिरफ्तार कर लिया और उसे अपने साथ ले गई।

### जिला अस्पताल में उमड़ रही मरीजों की भीड़

**अमरोहा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगो को डायरिया और बुखार की शिकायत हो रहे है। इससे जिला अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

चिकित्सक मरीजों को दवा देनेके साथ ही खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही धूप से बचने के उपाय बताए जा रहे हैं।

# सार्वजनिक स्थानों पर नहीं करें कुर्बानी: एसपी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं। शांतिपूर्ण रूप से त्योहार को संपन्न कराएं।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने गूगल मीट से सभी सहयोगी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारी के साथ बैठक की। ईद उल अजहा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया। सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बाजार में बकरे लेकर पहुंचे व्यापारी मायूस होकर लौटे

**चौधरपुर, अमृत विचार :** ईद उल अजहा पर कुर्बानी के लिए लोगों ने जानवरों की खरीदारी शुरू कर दी है। बाजार में व्यापारी बकरे लेकर पहुंचे। व्यापारी ने बकरों की कीमत आठ हजार से 15 हजार तक बताई। लेकिन खरीददार कम पहुंचने पर बिक्री कम हुई। ईद उल अजहा 17 जून को मनाई जाएगी। गांव चौधरपुर में सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। गुरुवार को पशुओं का साप्ताहिक बाजार लगाया गया। बाजार में व्यापारी बकरे लेकर पहुंचे, लेकिन खरीदार कम पहुंचने के कारण व्यापारियों के चेहरों पर मायूसी नजर आई। व्यापारी महफूज, मुजफ्फर, इस्लाम का कहना है कि कम कीमत के बकरों की तो कुछ बिक्री हुई। लेकिन महंगे बकरों को किसी ने पूछा तक नहीं।

**समस्या** ग्रामीण बोले– एक माह से है समस्या, सुल्तानपुर, शीशोवाली व सहलपुरा समेत 15 गांवों का संपर्क टूटा

# नदी में डूबे पैंटून पुल से जोखिम भरा सफर कर रहे लोग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बाहे नदी के पानी में डूबे पैंटून पुल पर 15 गांवों के लोग जोखिम भरा सफर कर रहे हैं। इस पुल पर हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। लेकिन जिम्मेदार समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव वाजिदपुर के पास से बाहे नदी गुजर रही है। यहां से गांव सुल्तानपुर के ग्रामीणों का आवागमन सुचारू रखने के लिए सिंचाई विभाग हर साल वैकल्पिक तौर पर पैंटून पुल का निर्माण करता है। एक माह पहले इसी पुल का बीच का हिस्सा पानी में डूबने से टूट गया था। पुल टूटने से वहां से गुजरने वाले 15 गांवों के लोगों का आवागमन रुक गया था। गांव सुल्तानपुर, शीशोवाली, सहलपुरा, कादराबाद, कुईवाली, बिशावाली, वलीदपुर समेत 15 गांवों का आपस में संपर्क टूट गया। लोग जान जोखिम डालकर पुल से इधर-उधर जाते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने इसी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी थी। लेकिन अभी तक पुल ठीक नहीं हुआ है। सुल्तानपुर के ग्राम प्रधान के मुताबिक, सिंचाई विभाग के अधिकारियों से लगातार एक माह से कहा जा रहा है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 15 गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है।


टूटे पैंटून पुल से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### 24 हजार की आबादी के लिए बनी मुसीबत

पैंटून पुल के बीच का हिस्सा पानी में डूबनें से 15 गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। देववाली, जाटोवाली, मीरपुरा, रामपुर खादर समेत 15 गांवों की आबादी करीब 24 हजार है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों की थी। लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में मंडी धनौरा की एसडीएम चंद्रकांता का कहना है कि पैंटून पुल को ठीक कराने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात की जाएगी। समस्या शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। उधर, सिंचाई विभाग के कर्मचारी सरताज हुसैन ने बताया कि कालागढ़ से पानी आ रहा है और कानपुर से मांग की गई है। पानी की मांग पूरी होने पर पैंटून पुल को ठीक किया जाएगा।



जोया में पलटा ईंटों से भरा ट्रक। ● अमृत विचार

### कार से बचाने के प्रयास में खुले नाले में पहिया गिरने से ईंटों से भरा ट्रक पलटा

**जोया, अमृत विचार :** बुधवार रात बिना स्लैब के खुले नाले में पहिया जाने ईंटों से भरा ट्रक दुकानों के पास पलट गया। गनीमत रही कि हादसा रात में हुआ, अगर दिन में होता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

कस्बे में चौराहे से एचडीएफसी बैंक तक रोज लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए नगर पंचायत ने 14 लाख की लागत से दुकानों से मिला कर नाला निर्माण कराया था। लेकिन ठेकेदार ने न तो नाले को पुराने नाले से जोड़ा है और न ही नाले पर स्लैब डाले हैं। नगर पंचायत की लापरवाही पर व्यपारी कई बार ज्ञापन व प्रदर्शन कर चुके हैं। बुधवार रात 11 बजे गजरौला की दिशा को जा रहे ईंटों से भरा ट्रक सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में खुले नाले में गिर कर दुकानों की तरफ पलट गया। इससे ईंटें भी बिखर गईं। ईओ विपिन सेंगर ने बताया कि जल्द नाला निर्माण शुरू करा दिया जाएगा और स्लैब भी डलवा दिए जाएंगे।



## एक नजर

### ई रिक्शा चालक की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में ई रिक्शा चालक की मौत मामले में उसकी पत्नी ने टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव भिरावटी निवासी राजकुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पति लोकेश 8 जून को धनारी बस स्टैंड से गांव भिरावटी ई रिक्शा ला रहा था। राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास ई रिक्शा की बैट्री डाउन हो गई तो ई रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर दिया। रात नौ बजे धनारी की तरफ से आए टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे लोकेश गंभीर घायल हो गया। अगले दिन उपचार के दौरान लोकेश की मौत हो गई। राजकुमारी की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### व्यावसायिक विश्वविद्यालय की उठाई मांग

**संभल अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार रस्तोगी ने सचिव उच्च शिक्षा विभाग (तकनीकी शिक्षा) को पत्र भेजा है। जिसमें संभल में तकनीकी शिक्षण संस्थान आईआईटी और नीट कोर्स के लिए व्यावसायिक विश्वविद्यालय की मांग की है। कहा है कि संभल से बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए रोजाना जाते हैं। उन्होंने आरटीआई के तहत सूचना भी मांगी है।

### आपसी विवाद में दो गिरफ्तार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढा निवासी चौधरी व रोहताश के बीच गुरुवार को किसी बात को लेकर थाने में एक दूसरे के खिलाफ की शिकायत को लेकर आपस में विवाद हो रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चौधरी व रोहताश को हिरासत में ले लिया और कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

### फंदे पर लटके युवक की इलाज के दौरान मौत

**जुनावई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के धनीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय अमरपाल की अपने ही घर में रविवार को पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद होने पर बंद कमरे में साड़ी का फंदा डाल कर लटक गया था। गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया था। अलीगढ़ में उपचार के दौरान

# खनन करते दो ट्रैक्टर व स्क्रैप मशीन पकड़ी

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा चौधरपुर मार्ग के किनारे नायब तहसीलदार ने खेत से अवैध खनन करते व्हील स्क्रेप मशीन लगे दो ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया। एक चालक पुलिस को चकमा देकर सड़क पर ही मिट्टी डालकर मिनी ट्रैक्टर ट्राली को लेकर भाग गया।

थाना क्षेत्र में मनोटा चौधरपुर मार्ग के किनारे बसे गांव राजा गालबपुर निवासी ग्रामीण गुरुवार को नींव भरवाकर मकान व दुकानों में अवैध खनन कर ट्रैक्टर व व्हील स्क्रेप मशीन से मिट्टी डलवा रहा था। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सतेन्द्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर चालकों से खनन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन चालक नायब



नायब तहसीलदार द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

● **पुलिस को चकमा देकर भाग निकला चालक**

तहसीलदार को खनन से संबंधित कागजात नहीं दिखा सके। जिसके बाद नायब तहसीलदार ने दोनों ट्रैक्टरों व व्हील स्क्रैप मशीन को कब्जे में ले लिया। यहां से थोड़ी दूर एक चालक मिनी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर मिट्टी लेकर आ रहा था। नायब तहसीलदार ने चालक से मिनी ट्रैक्टर ट्राली को रुकवा लिया। सूचना मिलने पर मंसूरपुर चौकी पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस दो ट्रैक्टर व स्क्रैप मशीन और मिट्टी से लदे मिनी ट्रैक्टर ट्राली को लेकर चौकी जा रही थी, लेकिन चालक मिट्टी सड़क पर ही डालकर पुलिस को चकमा देकर ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग गया।

## सड़कों पर नियमों की अनदेखी कर सफर कर रहे बाइक सवार

# दोपहिया पर ट्रिपल राइडिंग कर फर्राटा भर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बेशक वाहन संचालन के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है लेकिन संभल में लोगों को न तो नियमों की फिक्र है और न ही हादसा होने का डर। तभी तो ट्रिपल राइडिंग के साथ-साथ बाइक पर सवार होकर चार-चार लोग फर्राटा भर रहे हैं। यह हालात तब हैं जबकि पुलिस बूथ के सामने से एक बाइक पर सवार चार लोग गुजर रहे हों। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां यातायात के नियमों का कितनी गंभीरता से पालन हो रहा है।

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस समय-समय पर नियमों के पालन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लोगों को संदेश दिया जाता है कि



संभल में बाइक पर ट्रिपल राइडिंग करते युवक। ● अमृत विचार

नियमों का पालन करने से हादसे का अंदेशा भी कम रहता है। फिर भी जागरूकता का माहौल नहीं बन रहा है।

अमृत विचार टीम ने गुरुवार को शहर के चंदौसी चौराहा पर पड़ताल की यही सच्चाई सामने आई। एक स्कूटी पर तीन लोग सवार दिखे। इनमें से किसी के भी सिर पर हेलमेट था। दूसरी बाइक पर ट्रिपल राइडिंग का नजारा सामने आया। हालांकि बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहन रखा था। एक बाइक पर चार लोग सवार रहे। इनमें दो बच्चे बाइक की टंकी पर बैठे नजर आए। इनके बाद हेलमेट लगाए युवक और फिर

● **पुलिस के सामने से ही गुजर रहे लोग, पर नहीं हो रही कार्रवाई**

एक महिला बैठी थी। एक बाइक पर तीन लोग नजर आए। बच्चा टंकी पर बैठा था जबकि दो युवकों ने सिर पर हेलमेट नहीं लगाया था।

एक बाइक पर ट्रिपल राइडिंग और नजर आई। तीनों युवक बिना हेलमेट के सफर कर रहे थे। शहर के चौधरी सराय चौराहा पर भी ऐसी कई तस्वीरें सामने आईं जो नियमों की धज्जियां उड़ाती रहीं। खास बात यह भी रही कि दोनों ही चौराहों पर यातायात पुलिस के बूथ हैं और पुलिस कर्मी भी रहे हैं, फिर भी कार्रवाई नहीं हो सकी। यहां सबसे बड़ा सवाल यह भी उठता है कि जब सरकारी महकमे लोगों को सुरक्षित सफर करने का संदेश दे रहे हैं तो फिर भी नियमों का पालन करने के लिए गंभीर क्यों नहीं हैं।

# नई परंपरा डालने का प्रयास किया तो होगी कार्रवाई

## डीएम ने लोगों से किया सीधा संवाद, बकरीद पर निश्चित स्थान पर होगी नमाज व पशुओं की कुर्बानी: एसपी

संवाददाता, बहजोई/संभल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बकरीद को लेकर प्रमुख लोगों से सीधा संवाद किया। डीएम एसपी ने त्योहार पर किसी प्रकार की नई परंपरा नहीं डालने की अपील की। नई परंपरा डाले जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने आगामी त्योहारों पर आपसी सौहार्द व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही। डीएम व एसपी ने कहा कि बकरीद पर किसी प्रकार की नई परंपरा न डाली जाए। किसी भी दशा में प्रतिबंध पशु की कुर्बानी न दी जाए। कोई भी कुर्बानी खुले में नहीं होगी। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी अनुकृति शर्मा, एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा, गुन्नौर रमेश बाबू, डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी, सीओ बहजोई दीपक तिवारी, चंदौसी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, संभल अनुज चौधरी, गुन्नौर आलोक कुमार सिद्धू सहित जनपद के थाना प्रभारी व प्रमुख लोग मौजूद रहे।



प्रमुख लोगों व अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार



संभल कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में बोलते एसडीएम विनय मिश्रा।

### अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम व एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। त्योहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

### बकरीद पर नहीं कायम की जाए कोई नई परंपरा

**संभल, अमृत विचार :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक और सौहार्द्र के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तैयारी में जुटा है। गुरुवार को एसडीएम और सीओ ने कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में संभ्रांत लोगों से संवाद किया। अधिकारियों ने बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाने की अपील की। गुरुवार को शाम कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि बकरीद पर्व पर सौहार्द्र और अमन कायम रहे। कोई भी ऐसा काम न किया जाए जिससे शांति व्यवस्था में खलल पैदा हो। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि बकरीद पर्व परंपरा के तहत मनाया जाए। पशुओं की कुर्बानी खुले में न की जाए। दूसरे वर्ग के लोगों से भी कुर्बानी के समय घरों से नहीं निकलने की अपील की। कोतवाल पवन कुमार ने संभ्रांत लोगों से संवाद करते हुए बकरीद पर्व शांतिपूर्वक एवं परंपरा के अनुसार मनाने की अपील की।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बिजली का करंट लगने से परिषदीय स्कूल के शिक्षक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जैसे ही शव घर पहुंचा तो पत्नी स्वाति का विलाप देख ढाढस बंधाने आए लोगों की आंखें भी छलक उठीं। परिजनों ने शव का राजघाट गंगा तट पर अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी व्यापारी कमलेश वार्ष्णेय का 32 वर्षीय पुत्र सौरभ वार्ष्णेय बदायूं जनपद के सहसवान क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक था। स्कूल में छुट्टियां होने पर इन दिनों गांव में अपने घर आया हुआ था। बुधवार की रात इन्वर्टर का करंट लगने के बाद सौरभ वार्ष्णेय की अलीगढ़ के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बिजली करंट लगने से जान गंवाने वाले सौरभ की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व 8 दिसंबर 2022 को बदायूं जनपद के कस्बा बिल्सी के मोहल्ला नंबर दो निवासी मुकेश वार्ष्णेय की 26 पुत्री स्वाति के साथ हुई थी। शादी के बाद स्वाति अपने वैवाहिक जीवन में खुश थी लेकिन उसकी खुशियों को न जाने किसकी नजर लग गयी। पति की असमय मौत से वह सदमे में है।



### घायल ग्रामीण की मौत, हमलावरों का नहीं लगा सुराग

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम मक्का के खेत में धारदार हथियार से हमला कर घायल किये गये ग्रामीण की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस यह पता नहीं लगा पाई कि ग्रामीण पर किसने और क्यों हमला किया था। रविवार की रात आठ बजे मुसापुर गांव निवासी आबिद गांव रायपुर की तरफ गया था। जंगल में मक्का फसल की रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने फोन पर जानकारी दी कि घायल अवस्था में आबिद मक्का के खेत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आबिद को उपचार के लिए लेकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर आबिद को यहां से हायर सेंटर रेफर किया गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों अगले दिन मुरादाबाद जिला अस्पताल से ले जाकर आबिद को दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार को उपचार के दौरान आबिद की मौत हो गई। पिता मजहर हुसैन ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस यह पता नहीं लगा पाई है कि आखिर आबिद पर हमला किसने किया था।



असमोली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी। ● अमृत विचार

### गोकशी व चोरी में लिप्त रहे 50 से ज्यादा अपराधी गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** ईद पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने गुरुवार को खास अभियान चलाकर पिछले पांच साल के दौरान गोकशी व चोरी जैसे अपराधों में लिप्त रहे पचास से ज्यादा लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर जनपद के थानों की पुलिस ने गुरुवार को ऐसे अपराधियों को तलाशा जो पिछले पांच वर्ष के दौरान गोकशी व चोरी जैसी घटनाओं में शामिल रहे हैं। अभियान के दौरान असमोली थाना पुलिस ने 12 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। इनमें सात लोग ऐसे हैं जो गोकशी के मामलों में लिप्त पाये गये थे। वहीं चोरी की घटनाओं में शामिल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान में सबसे ज्यादा गिरफ्तारी कोतवाली संभल पुलिस ने की है। कोतवाली पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। हयातनगर पुलिस ने भी 11 लोगों को पकड़ा है। जनपद के अन्य थानों में भी इस अभियान के तहत गिरफ्तारियां हुई हैं। पकड़े गये सभी लोगों को उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया है।

# शाह अली मुत्तकी के उर्स का आगाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हजरत शाह अली मुत्तकी मियां का सालाना उर्स मुबारक परंपरागत तरीके से शुरू हो गया। उर्स में पहले दिन तमाम अकीदतमंद उमड़े। बताया गया कि उर्स 15 जून तक चलेगा।

नगर के अली सराय मंडी किशनदास सराय में स्थित दरगाह शरीफ हजरत शाह अली मुत्तकी इसराईली चिश्ती कादरी पर उर्स मुबारक कुरान ख्वानी और नज़्र-ए-मौला-ए-कायनात से शुरू हुआ। हाफिज जहीरउददीन वारसी और उनके साथियों ने मिलाद शरीफ पढ़ा। फजाईल ए मौला ए कायनात सलमान संभली और उनके साथियों ने सुनाए। तनवीर संभली आदि ने मजलिस में यादें कर्बला पढ़कर लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया। अहकाम संभली आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किए। उर्स कमेटी के जिम्मेदारों ने बताया कि 13



मंडी किशनदास सराय में उर्स में मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

● **शायरों ने पेश किए कलाम**

● **मजलिस में यादें कर्बला पढ़कर लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया**

जून को असलम मुकर्रम कव्वाल सहारनपुर, 14 जून को जावेद हुसैन कव्वाल रामपुर, 15 जून को गुलाम वारिस कव्वाल देवा शरीफ तथा जमील कव्वाल कलाम पेश करेंगे। इस दौरान नाजिम-ए-दरगाह मुनाजिर हुसैन इसराईली वारसी, सलमान संभली, उमर तुर्की, महफूज तुर्की, फहीम वारसी, सैफ अली वारसी, साकिब वारसी, मरगूब अशरफी, बबलू मेंबर, अनस तुर्की, एहतेशाम अशरफी, शफीक वारसी, मोहसिन अली वारसी, अजीम सैफी, बाबू मंसूरी, फिरोज अशरफी, कासिम तुर्की, सुलतान, शम्सउद्दीन, रईस वारसी, अनीस वारसी, नफीस वारसी आदि रहे। संचालन सलमान संभली ने किया।

# दुष्कर्म कर अश्लील फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** आधार कार्ड वापस करने के बहाने खंडहर में बुलाकर युवती से दुष्कर्म करने के साथ ही अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीर सिंह उर्फ छोटू ने 25 अप्रैल को फोटो स्टेट कराने जा रही गांव की ही युवती का आधार कार्ड छीनकर दोपहर बाद देने के बहाने गांव के पास स्थित खंडहर में बुलाया था। यहां पहुंचने पर तीर सिंह उर्फ छोटू ने युवती से दुष्कर्म करते समय मोबाइल से फोटो खींच लिए थे। जिसके बाद तीर सिंह फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैक मेल करने लगा। बुलाने पर युवती नहीं पहुंची तो तीर सिंह उर्फ छोटू ने दुष्कर्म के फोटो उसके मंगेतर को भेज दिए। गुरुवार को पुलिस ने छोटू को गिरफ्तार कर लिया ।

# खाटू श्याम से लौटते समय हादसे में तीन लोगों की मौत

संवाददाता, गुन्नौर

● **गुन्नौर निवासी युवक की कार जयपुर के निकट हुई दुर्घटनाग्रस्त**

● **टक्कर मारने के बाद कार को घसीटता ले गया ट्रक**

**अमृत विचार :** खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे गुन्नौर के परिवार की कार को जयपुर में ट्रक ने रौंद डाला। हादसे में बबराला निवासी युवक के साथ ही उसकी बेटी व साले की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हुई है।

कस्बे के मोहल्ला सराय निवासी डॉ. रघुवीर सिंह का 34 वर्षीय पुत्र अंकित कुशवाहा नोएडा में किसी कंपनी में नौकरी करता था। वह अपनी पत्नी रिंकी, पुत्री देवकी और साले हाथरस निवासी रवि के साथ कार से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटूश्याम के दर्शन करने गया था। बुधवार को शाम छह बजे खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर परिवार के लोग कार से वापस लौट रहे थे। रात करीब साढे 12 बजे जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के रायसल थाना इलाके के बाकी माता कट पर सामने आ रहे ट्रक से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के नीचे घुस गई और ट्रक चालक कार को सड़क किनारे खेत तक घसीटता हुआ ले गया। खेत में एक गड्ढे में कार जाकर फंसी तब कहीं ट्रक रुक सका। बताते हैं कि हादसे की खबर स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी तो रायसल, चंदवाजी और मनोहरपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कार में फंसे घायलों को रेस्क्यू करने में रुचि नहीं ली। पुलिसवाले क्रेन पहुंचने का इंतजार करते रहे। जबकि कार में फंसी महिला मदद के लिए पुकारती रही।

# जनपद के 152 स्कूलों में छात्र संख्या 50 से भी कम

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए से 20 जून तक मांगा स्पष्टीकरण**

● **स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती और सुविधाओं के बावजूद छात्र संख्या बेहद कम**

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती के साथ-साथ तमाम सुविधाएं होने के बावजूद छात्र संख्या बेहद कम होने को लेकर शासन ने कड़ा रुख अपनाया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जनपद संभल के 152 परिषदीय स्कूलों में 50 से कम छात्र संख्या को लेकर बीएसए से 20 जून तक स्पष्टीकरण मांगा है।

प्रदेश सरकार परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए तमाम योजनाएं चला रही है। स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती भी है। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूल हैं, जहां कम छात्र संख्या है। प्रदेश में ऐसे स्कूलों का आंकड़ा 27931 सामने आया है जिनमें 50 या उससे कम छात्र पंजीकृत हैं। ऐसे हालात को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने संबंधित जिलों के बीएसए से स्पष्टीकरण मांगा है। संभल जिले में 113 प्राइमरी, 38 कंपोजिट और एक अपर प्राइमरी स्कूल में छात्र संख्या कम है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए से स्कूलों में छात्र संख्या कम होने के कारणों की समीक्षा करते हुए 20 जून तक स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि यह देख लिया जाए कि शिक्षकों की तैनाती और सुविधाएं होने के बावजूद स्कूलों में छात्र संख्या 50 से कम क्यों है। माना जा रहा है कि जिलों से रिपोर्ट मिलने के बाद शासन स्तर से इस हालात को बदलने के लिए कोई फैसला लिया जायेगा।

**सहूलियत** भाकियू असली का गांव हिसामपुर और भटौला के बीच 50 दिन हुआ था धरना प्रदर्शन

# अंडरपास बनने से कई गांवों का आवागमन होगा सुलभ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भले ही भारतीय किसान यूनियन असली ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर 50 दिन तक धरना प्रदर्शन किया लेकिन अब यह संघर्ष रंग लाता दिखाई दे रहा है। जीहां, जिला प्रशासन ने गंगा एक्सप्रेस वे के बीच अंडरपास निर्माण का काम शुरू करा दिया है। अंडरपास बन जाने से आधा दर्जन से अधिक गांवों में आवागमन सुलभ होगा और ग्रामीणों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। अंडरपास निर्माण शुरू होने को लेकर भाकियू असली ने जीत बताया है।

गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर चल रहे काम के लिए गांव हिसामपुर और भटोला के बीच करीब 35 साल पुरानी सड़क को बंद किया जा रहा था। जिसकी जानकारी जब भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों को हुई तो आवाज बुलंद की। भाकियू असली के बैनर



गांव में अंडरपास निर्माण के लिए खोदी गई जमीन। ● अमृत विचार

● **अब प्रशासन ने शुरू कराया अंडरपास का निर्माण**

तले 50 दिन तक धरना प्रदर्शन चला। एसडीएम के अलावा कई बार नायब तहसीलदार भी किसानों के बीच पहुंचे लेकिन किसानों का कहना रहा कि जब अंडरपास निर्माण नहीं होगा, तब आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि डीएम मनीष बंसल के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम ने किसानों से बात की और ठोस आश्वासन दिया। अंडरपास निर्माण को मंजूरी मिलने से संबंधित दस्तावेज के बारे में भी जानकारी दी। तब जाकर भाकियू असली का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ था। अब जिला प्रशासन ने गांव हिसामपुर और भटोला के बीच अंडरपास निर्माण शुरू करा दिया है तो क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ भाकियू असली के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि अंडरपास निर्माण शुरू होना संगठन और किसानों की बड़ी जीत है। अंडरपास बन जाने से कई गांवों का जुड़ाव होगा। ग्रामीणों को एक गांव से दूसरे गांव तक पहुंचने में बड़ी सहूलियत मिलेगी।

### इन गांवों का होगा जुड़ाव

**संभल अमृत विचार :** अंडरपास निर्माण होने से गांव हिसामपुर, लखौरी, सुजातपुर, महराना सीधे सौंधन मोहम्मदपुर से जुड़ जाएंगे। वहीं गांव भटोला, तारनपुर, खिरनी, मिलक पट्टी सौंधन का जुड़ाव गांव रिठाली से हो जाएगा। हालांकि पहले वर्षों पुरानी सड़क इन गांवों को जोड़ने का माध्यम रही लेकिन प्रशासन द्वारा सड़क को बंद किया जा रहा था।



दुकान का उद्घाटन करते सीडीओ व डीआईओ। ● अमृत विचार

# पशुओं की दवाओं के स्टोर का शुभारंभ

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा पशुओं की बीमारी से संबंधित आयुर्वेद की दवाई स्टोर का सीडीओ व डीआईओ ने फीता काटकर शुभारंभ किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पशुओं से संबंधित रोगों तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। गांव पाठकपुर में स्वयं सहायता समूह की महिला सोनिया द्वारा पशुओं की बीमारी से संबंधित आयुर्वेद की दवाई के स्टोर खोला गया। जिसका शुभारंभ सीडीओ ज्ञान सिंह व डीआईओ बृजेश कुमार फीता काटकर किया। इसके बाद सीडीओ ने आयोजित बैठक में कहा कि महिलाओं को पशुओं से संबंधित बीमारियों और उनके स्वास्थ्य से संबंधित आयुर्वेद दावओ के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने आयुर्वेद दावों को अपनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की। जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार ने कहा कि समूह की महिलाएं कृषि के साथ-साथ पशुपालन को अपनाकर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर सकती हैं।

## एक नजर

### विस्फोट मामले में तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** धनारी क्षेत्र के गांव में विस्फोटक को मिलाकर मिक्सी मशीन में पीसते समय धमाके में एक बच्चे की मौत और तीन के घायल होने के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद ग्रामीण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। खजरा इनायतगंज गांव में 10 जून को उस समय बड़ा धमाका हो गया था जबकि गांव निवासी निवासी साहब सिंह गंधक व पोटाश को पीस रहा था। साहब सिंह ने गंधक व पोटाश को मिक्सी में रखकर जैसी ही स्विच आन किया वैसे ही विस्फोट हो गया था। अब तीन दिन बाद पुलिस ने साहब सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नरेश कुमार ने बताया कि चौकीदार महेंद्र सिंह की और से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### परिजनों के सुपुर्द की घर से निकली किशोरी

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव पोटा बराही निवासी अशरफ की 15 वर्षीय पुत्री निशा का गुरुवार को किसी बात को लेकर अपने छोटे भाई अशरफ से कहासुनी हो गई। जिससे नाराज होकर निशा संभल आ गई और सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट निवासी नाजिम के घर पहुंच गई। यहां निशा ने खुद को दिल्ली निवासी बताते हुए काम पर रखने की बात नाजिम से कही। निशा की बातों पर शक होने पर नाजिम ने मुहल्ला मिया सराय निवासी समाज सेविका नाजिया खान को सूचना दी। सूचना मिलने पर नाजिया खान मौके पर पहुंची और निशा को लेकर थाने आ गई। शाम को परिजनों को पुलिस व नाजिया खान ने निशा को सुपुर्द कर दिया।

### रामनरेश को मिला संभल का मिला चार्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला मलेरिया कार्यालय में कार्यरत सहायक मलेरिया अधिकारी रामनरेश की पदोन्नति हो गई है। उन्हें जिला मलेरिया अधिकारी बना कर संभल भेजा गया है। रामनरेश को आज विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने विदाई दी। इस मौके पर उनके कुशल व्यवहार की सराहना की गई। जिला मलेरिया कार्यालय में पिछले कई वर्षों से रामनरेश सहायक मलेरिया अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। विदाई समारोह में रामनरेश ने कहा कि बदायूं में उनको अपने परिवार जैसा स्टाफ मिला, किसी तरह की कभी परेशानी नहीं हुई।

# सरकारी संपति को क्षति पहुंचाने पर तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा

## अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी पर 7700 रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **दोषी व्यक्ति पर जिला संयुक्त चिकित्सालय के वार्ड में आग लगाने का था आरोप**



**अमृत विचार:** अदालत ने सरकारी संपति को क्षति पहुंचाने वाले दोषी को तीन वर्ष के कठोर कारावास व 7700 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला 2022 का कोतवाली संभल क्षेत्र का है। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

वादी डॉ. अनूप कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल राजा अंसारी पुत्र शाहिद अंसारी निवासी गांव तुर्तीपुर इल्हा थाना नखासा जनपद संभल के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसमें कहा गया था कि 28 जून 2022 को सुबह करीब 10.40 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय के चतुर्थ तल पर स्थित वार्ड में धुआं उठता दिखाई दिया। जिससे कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। दमकल की टीम बुला ली। दमकल ने करीब 11 बजे आग पर काबू पाया। पहले आग लगने का कारण शार्ट सर्किट समझा जा रहा था। किसी प्रकार की कोई जनहानि की घटना नहीं हुई। तत्काल सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई। जिसमें एक संदिग्ध व्यक्त आग लगाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद साक्ष्यों को जुटा कर 17 अक्टूबर 2023 अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आरती फौजदार ने राजा अंसारी को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 436 में तीन वर्ष के कठोर कारावास व 5000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 427 में तीन माह का कठोर कारावास व 200 रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर पांच दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 4 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम में दो वर्ष का कठोर कारावास व 2500 रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ चलेंगी। जेल में बितायी गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी। सजा कराए जाने में एसपीओ धनन्जय पाण्डेय, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, पैरोकार हेड कांस्टेबल सत्य पाल सिंह का योगदान रहा।

### झोपड़ी में आग से नकदी व खाने पीने का सामान जला

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में झोपड़ी में लगी आग में नकदी, खाने पीने का सामान, कपड़े जलकर बर्बाद हो गये। वहीं झोपड़ी में बंधी एक बकरी भी झुलस गई। ग्रामीणों ने पानी डालकर झोपड़ी की आग को बुझाया। आग लगने की वजह से झोपड़ी से निकलकर भागी बुजुर्ग महिला बेहोश हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव बमनपुरी निवासी सोनपाल की मां हरप्यारी गांव में ही झोपड़ी डालकर अपने बेटों से अलग रहती है। गुरुवार की दोपहर बाद हरप्यारी झोपड़ी में चारपाई पर बैठी हुई थी तभी अचानक से झोपड़ी में आग लग गई। आग लगती देखकर झोपड़ी से जान बचाकर दौड़ी हरप्यारी बाहर आकर बेहोश हो गई। इससे पहले झोपड़ी के पास बंधी बकरियों को खोलकर मुहल्ला के लोग हटाते। एक बकरी आग की चपेट में आकर झुलस गई। जिसके बाद लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाया। तब तक छह कुंतल गेंहू, खाने पीने का अन्य सामान और झोपड़ी में रखी 50 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गई।



बरेली में चन्दौसी के ताइक्वांडो खिलाड़ी बच्चों का उत्साहवर्धन करते आईजी।

# आईजी ने खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट पहनाकर किया सम्मानित

कार्यालय संवददाता, चन्दौसी

- **जनपद के चार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।**
- **गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने खिलाड़ियों को बधाई दी**

**अमृत विचार:** किड्स ताइक्वांडो अकादमी चन्दौसी के तीन खिलाड़ियों व कोच को बरेली में पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र आईजी राकेश कुमार ने ब्लैक बेल्ट पहनाकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। बताया कि 25 व 26 मई को गाजियाबाद में ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो की ओर से किया गया था। जिसमें जनपद के चार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें मोहम्मद अफ्फन, वेदांत पाठक, शुभ संस्कार व कोच अंकुश राणा ने परीक्षा दी थी। जिसका परिणाम नौ जून को हेड कोच तकी इमाम ने घोषित किया। परीक्षा परिणाम के बाद गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने खिलाड़ियों को बधाई देकर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सड़क निर्माण को लेकर राज्यमंत्री को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चन्दौसी में राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते घटलेश्वर गेट के लोग। ● अमृत विचार

- **बारिश के दिनों में जलभराव के कारण होते हैं हादसे**

**अमृत विचार:** घटलेश्वर गेट की सड़क जर्जर हालत में है। सड़क निर्माण न होने वहां के लोगों में रोष है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के आवास पर पहुंच कर ज्ञापन सौंपा और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की।

राज्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि घटलेश्वर गेट की सड़क पिछले पांच साल से जर्जर स्थिति में है। चूंकि ये मार्ग सीता आश्रम से गुलडेहरा रोड होते हुए बहजोई रोड पर निकलता है। जिससे इसी मिनी बाईपास भी कहा जाता है। शहर की अधिकांश आबादी इस सड़क से होकर गुजरती है। पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश के दिनों में जलभराव के कारण गड्ढे नजर नहीं आते। जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। स्कूल के बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है। पिछले पांच साल से कई बार आंदोलन किए और संबन्धित अधिकारियों को अवगत कराया। हर बार आश्वासन तो मिला लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कहा कि जल्दी ही सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो मोहल्ले वाले आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि जर्जर सड़क की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है। इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाई जाए। इस दौरान उमेश सैनी, अजय सैनी, कुलदीप शर्मा, दीपक गुप्ता, प्रेमी सैनी, बंटी सैनी, जितेंद्र यादव, दिव्यांशु सैनी, बाबू सैनी, गोपाल सैनी, रमेश सैनी, संजय सैनी, नकुल, आलोक, खूबचंद सैनी आदि मौजूद रहे।

# महिला मित्र से झगड़े के बाद युवक ने खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**विवाद**

- **गंभीर रूप से झुलसे युवक को सीएचसी से दिल्ली किया रेफर**
- **वह अपने दो अविवाहित भाई दिनेश व तोता के साथ रहता है**

**अमृत विचार:** युवक ने महिला मित्र से विवाद के बाद दुकान से पेट्रोल खरीद खुद पर डाल आग लगा ली। घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन झुलसे युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, वहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन युवक को उपचार के लिए दिल्ली ले गए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के घटलेश्वर निवासी श्याम कश्यप 22 पुत्र धर्मपाल की अभी शादी नहीं हुई है। वह अपने दो अविवाहित भाई दिनेश व तोता के साथ रहता है और आजीविका चलाने के लिए मोहल्ले में ही पकौड़ी का ठेला लगाता है। बुधवार की रात युवक अपनी महिला मित्र के घर पर बैठा था। तभी किसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर युवक महिला मित्र के घर से चला आया और रास्ते में दुकान से बोतल में 100 रुपये का पेट्रोल खरीदा।

कुछ दूर चलने पर युवक ने पेट्रोल अपने ऊपर उडेल कर आग लगा ली। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह से आग पर काबू पाया। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद 70 प्रतिशत झुलसने पर युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



रघुनाथ आश्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चे। ● अमृत विचार

### समर कैंप में बच्चों ने कागज पर ढोलक का चित्र बनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय परिसर में एक माह का समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के 19वें दिन गुरुवार को सबरंग अन्नी ने ढोलक का चित्र प्रतिभागी बच्चों से बनवाया। बच्चों ने कागज पर ढोलक की आकृति बना कर उसमें रंग भरे। प्रतियोगिता में करीब 54 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मनस्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि हिमांशु द्वितीय व ध्रुव तृतीय स्थान पर रहे। विजेता बच्चों ने पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजीव लोचन शर्मा, चिंटू शर्मा, इंद्रपाल वार्ष्णेय, हीरा लाल, आशुतोष, प्रमोद कुमार गांधी, विनेश शर्मा, प्रमोद गुरु, दिनेश गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कैथल गेट पर प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। इसके बाद परिजन महिला का शव घर ले गए। मोहल्ला गोलागंज निवासी मोहम्मद आकिल ने अपनी गर्भवती पत्नी रानी 28 वर्ष को प्रसव के लिए बुधवार की शाम कैथल गेट स्थित हास्पिटल में भर्ती कराया था। रात 11 बजे महिला का प्रसव किया जा रहा था, तभी महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद महिला के मायके व अन्य परिचित भी मौके पर पहुंच गए। चिकित्सक के साथ परिजनों की नोकझोंक हुई। घटना की सूचना मिलने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य भी हास्पिटल पहुंच गए। रात 12 बजे मामले में समझौता करा दिया। इसके बाद परिजन महिला का शव अपने घर ले गए। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

### बदमाशों ने दो लाख की नकदी व जेवर किये चोरी

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में मकान की गिरी दीवार से होकर कमरे में घुसे चोरों ने नकदी व अलमारी में रखी सवा दो लाख की नकदी जेवर चोरी कर लिये। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिजनों ने सामान की तलाश की तो जंगल में दो खाली संदूक पड़े मिले। थाना क्षेत्र के गांव मिलक धुरैटा निवासी विजय सिंह का मकान गांव बाहरी छोर पर स्थित है और विजय सिंह के मकान की थोड़े दिन पहले एक दीवार गिर गई थी। बुधवार की रात विजय सिंह पत्नी शीला के साथ छत पर सो रहा था। देर रात किसी समय गिरी दीवार से होकर कमरे में घुसे चोरों ने अलमारी व संदूक का ताला तोड़कर नकदी व जेवर सहित दो संदूक साथ लेकर भाग गए। गुरुवार की सुबह शीला ने घरेलू काम करने के लिए जैसे ही छत से उतरकर नीचे आकर देखा तो कमरे के दरवाजे खुले हुए थे और कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। थोड़ी दूर जंगल में दोनों संदूक खाली पड़े हुए थे। विजय सिंह ने बताया कि चोर तीनों पुत्र वधुओं की चांदी की पाजेब, सोने की बाली, सोने की अंगूठी, रेशम पट्टी आदि और संदूक में रखी दो लाख 20 हजार रुपये की नकदी लेकर गए हैं। कहा कि तीनों बेटे पत्नियों व बच्चों सहित दिल्ली में रहकर गोल गप्पे व टिक्की समोसे का ठेला लगाते हैं।



गुमथल रेलवे स्टेशन पर शोध टीम का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# इलाहाबाद विवि के शोध दल का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** प्रवासी मीणा जनजातीय समाज के लोगों ने मानव विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध दल का बुधवार की रात चन्दौसी में स्वागत किया। शोध दल अपने पंद्रह दिन के शोध का कार्य पूरा कर इलाहाबाद लौट रहा था। शोध दल के सदस्य वीरपाल मीना ने बताया कि मानवविज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. राहुल पटेल के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य के देहरादून जिले के विकासनगर में निवास करने वाली भोक्सा जनजाति के विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक पहलुओं पर अध्ययन किया गया। स्वास्थ्य, शैक्षिक, आर्थिक, सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं आदि विषयों पर शोध किया गया। सम्मान समारोह में प्रोफेसर डॉ. राहुल पटेल तथा पोस्ट डॉक्टोरल फेलो डॉ. संजय कुमार द्विवेदी को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शोधदल के सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सम्मानित करने वालों में क्षेत्रीय मीणा समाज के वरिष्ठ सदस्य चंद्रप्रकाश मीना, सतीश मीना, रामवीर मीना, वीरपाल मीना (शोधदल सदस्य), राजू मीना, अरविंद मीना, विवेक मीना, विजय आदि उपस्थित रहे। मीणा समाज की ओर से प्रोफेसर राहुल पटेल से भविष्य में प्रवासी मीणा जनजाति की परिवर्तनशील संस्कृति का अध्ययन करने का भी अनुरोध किया गया।

# फौजी समेत दो लोगों के मकानों के ताले तोड़कर 5 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



साईं धाम कालोनी में चोरी के बाद जानकारी देती महिला। ● अमृत विचार

- **साईं धाम कालोनी में बीती रात हुई घटना, जेवर व नगदी समेट ले गए**

> साईं धाम कालोनी में चोरी की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> –अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली की सीता आश्रम पुलिस चौकी क्षेत्र के सीता रोड स्थित साईं धाम कालोनी में बीती रात चोरों ने फौजी समेत दो मकानों के ताले तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दोनों मकानों से जेवर व नगदी समेत करीब पांच लाख का माल समेटकर ले गए।

साईं धाम कालोनी निवासी आशीष कुमार शर्मा पुत्र जितेंद्र कुमार शर्मा फौजी हैं और न्यू कोच बिहार जंक्शन पर तैनात है। वह परिवार के साथ बिहार में ही रह रहे हैं। घर पर ताला लगा रखा है। बुधवार की रात किसी समय चोर मुख्य द्वार का ताला तोड़ कर घर में घुस गए और कमरे को खंगाला। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी हुई तो आशीष के चाचा मनोज कुमार शर्मा निवासी गणेश कालोनी मौके पर पहुंचे और फोन पर आशीष को जानकारी दी। बताया कि अलमारी में रखे 75 हजार रुपये, सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी पाजेब आदि कीमती सामान गायब था। करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। वहीं पास ही गांव जखौरा निवासी सचिन कुमार शर्मा पुत्र रविंद्र कुमार शर्मा का मकान है। बच्चों की गर्मियों की छुट्टी होने पर वह 24 मई को परिवार के साथ अपने पुस्तैनी गांव जखौरा चले गए। यहां मकान के द्वार पर ताला लटका था। बीती रात चोर ताला तोड़ कर अंदर घुस गए। यहां ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर को खंगाला। गुरुवार की सुबह पड़ोसी महिला की नजर पड़ी तो जानकारी हुई। मौके पर पहुंची सचिन की पत्नी बबली ने बताया कि अलमारी में रखी दो जोड़ी सोने की चूड़ी, दो गले की चेन, दो अंगूठी, पांच जोड़ी पाजेब समेत 20 हजार रुपये चोरी हो गए। करीब ढाई लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

### बिना अनुमति बनवा रहे थे मदरसा, पुलिस ने रुकवाया

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** जिला प्रशासन से अनुमति लिए बिना एक गांव में मदरसा का निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचना दी। नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। निर्माण करा रहे लोगों से अभिलेख मांगे लेकिन वह नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया और भविष्य के लिए चेतावनी दी है।

मामला थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दुगरइया का है। गुरुवार दोपहर कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर को सूचना मिली कि गांव में प्रशासन से अनुमति लिए बिना कुछ लोग मदरसा का निर्माण करा रहे हैं। दीवारें खड़ी करके लिंटर डालने का काम चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने अधिकारियों को सूचना दी और पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। सके। राजस्व विभाग और पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से जानकारी करके जांच की।

# मानसून से पहले नगर के नालों की कराई जाए तलीझाड़ सफाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



पालिका कार्यालय में बैठक करतीं एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

- **पालिकाध्यक्ष ने बैठक में पालिका कर्मचारियों को दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** नगर पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने गुरुवार की दोपहर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें पालिकाध्यक्ष ने सफाई व खाद्य निरीक्षकों को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में मानसून का आगमन होने वाला है। इसलिए सभी बड़े नाले की तलीझाड़ सफाई का कार्य तीव्रगति से कराया जाए।

जलकल अभियंता से कहा कि जिन वार्डों में नागरिकों के घर जलनिगम की डाली गई पाइपलाइन के कनेक्शन नहीं हुए हैं, उन वार्डों के सभासदों से समन्वय स्थापित कर नागरिकों के घरों में कनेक्शन कराए जाएं। जहां भी लीकेज की समस्या पाई जाती है, तो तुरंत समस्या का समाधान कराया जाए। जिससे नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्या का सामना न करना पड़े। अवर अभियंता निर्माण से कहा कि शीघ्र ही मोहल्ला घटलेश्वर गेट व गुलडेहरा रोड की खस्ता हाल सड़क व अन्य महत्वपूर्ण सड़कों का प्रस्ताव इस बार की कार्ययोजना में शामिल कराया जाए। ताकि शीघ्र ही उक्त सड़कों का निर्माण कराया जा सके। ताकि उधर से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी से निजात मिल सके। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान अधिशासी अधिकारी/एसडीएम नीतू रानी, पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी, जेई केके अग्रवाल, जेई अनुज कुमार, सुनील कुमार, ऋषभ कुमार, प्रभाकर गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, चंद्रमोहन, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# 44 डिग्री तापमान में लोग परेशान, सड़कें हुईं सुनसान, बाजारों में भी पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, संभल



बहजोई रोड स्थित संजीवनी वाटिका के निकट धूप में कुछ इस तरह जातीं युवतियां।

- **दुकानदार खाली बैठकर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए**
- **दोपहर में लू के थपेड़ों ने दोपहिया चालकों को किया परेशान**

**अमृत विचार :** संभल में गुरुवार को भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। दोपहर में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोग उबल गए। सड़कें सुनसान नजर आईं तो बाजारों में सन्नाटे का माहौल बना रहा। शाम को छह बजे भी चिलचिलाती धूप के कारण दिक्कतें बरकरार रहीं।

वैसे तो कई दिनों से प्रचंड गर्मी के कारण लोग बेहाल हैं लेकिन गुरुवार को दुश्वारियां और बढ़ गईं। सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो माथे से पसीना टपकने लगा। लोगों ने कामकाज शुरू किया और दिक्कतों से जूझते रहे। समय के साथ प्रचंड गर्मी का माहौल बनने लगा। दोपहर के वक्त तो गर्मी असहनीय हो गई। सड़कों से रौनक कम होती गई। जो बाइक सवार जरूरी काम के लिए निकले उन्होंने चेहरों को कपड़े से ढका क्योंकि लू के थपेड़े परेशान कर रहे थे। दोपहर 12 बजे से ही बाजारों में सन्नाटा सा पसरा गया। दुकानदार खाली बैठकर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। गली मुहल्लों में भी रौनक नहीं दिखाई दी क्योंकि लोग घरों में कैद रहे। घरों में पंखे और कूलर भी शोपीस बनकर रह गए। इस बीच शाम को छह बजे भी चिलचिलाती धूप की वजह से लोग दिक्कतों से जूझते रहे। लोगों ने ऊपरवाले से बारिश के लिए प्रार्थना की।

### मानसिक मंदित युवक को फार्मासिस्ट ने पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** गरीब मजलूमों की स्वास्थ्य सेवा को बनाये गए सरकारी अस्पताल में मानसिक मंदित के साथ पहले फार्मासिस्ट ने मारपीट की उसके बाद सीएमएस के आदेश पर होमगार्ड ने हाथापाई करते हुए धक्के मारकर उसे अस्पताल से बाहर निकाल दिया। बंदर के काटने से परेशान युवक इंजेक्शन लगाने की गुहार कर रहा था। लेकिन उसे दवा के बदले धक्के मिले। लोग तमाशबीन बने देखते रहे। थाना व कस्बा दातागंज के वार्ड 13 निवासी संजय मानसिक मंदित है। संजय को चार दिन पूर्व बंदर ने काट लिया था। वह दातागंज सीएचसी पर इंजेक्शन लगवाने गया तो वहां पर डांट कर भगा दिया गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा दत्तक पुत्र श्रीयांस वर्मा गलत संगत में पड़ गया है जिस कारण मैंने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों एवं किसी भी लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अरविन्द वर्मा पुत्र स्व0 प्रेम नारायण वर्मा व श्रीमती कल्पना वर्मा पत्नी श्री अरविन्द वर्मा नि0 रेलवे हरथला कालोनी, सिविल लाईन जि0 मुरादाबाद।

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं, उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो, प्रजा उसका परित्याग कर देती है।

## संपादकीय

# राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

# संविधान की धारा 51 ए-एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे, उसे कैसे मान लिया जाए?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है, बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं, किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है, न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए, उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत है: "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे, उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है, उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं, बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में, बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा, मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से? पता नहीं।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है, वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर, काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैं: नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था, न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित, स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम्॥3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ, अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी, वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है, यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है, यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं, जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है, बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं, किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है, न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा, छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था, जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

## प्रसंगवश

# बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए। स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं, लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं, जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो, औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

# अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो, ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे, लेकिन सही वही है, जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार, जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा, यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है, जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है, सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु, जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही, लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता हैं। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो, ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे, लेकिन सही वही है, जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी, दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी, न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है, लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है, जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

## सोशल फोरम

# पूरा तंत्र ही बदलना होगा



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से, मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों कों धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है, उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है, अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा, जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

# सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता, क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है, वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा, किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं, जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं, उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमिताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

# देर आए दुरुस्त आए



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा, बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी, जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के.पी. टी. सी. एल. व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है, बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

# पॉलीथिन शीट के गोदाम में लगी भीषण आग, दहशत

## चारपाई के बान बनाने के काम आती है पॉलीथिन की कतरनें, पास के घर में सिलेंडर भी फटा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** चारपाई के बान बनाने की पॉलीथिन शीट के गोदाम में आग लग गई। आग से आसमान में धुंआ छाने पर आसपास अंधेरा हो गया। गोदाम के आसपास के दर्जनभर घरों को नुकसान हुआ है। वहीं, एक मकान में तेज आवाज के साथ सिलेंडर फटने से लोगों में भगदड़ मच गई। तेज आवाज होने पर आसपास के घरों के लोग निकलकर बाहर आ गए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में यूपी व उत्तराखंड के अग्निशमन दलों ने आग पर काबू पाया गया। गुरुवार शाम तक चार गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं और बार बार आग के भड़कने पर काबू करती रहीं। इस दौरान स्योहारा और जसपुर मार्ग पर वाहनों को रोक दिया गया।

ठाकुरद्वारा के ग्राम रामनगर खागूवाला निवासी पूर्व प्रधान फरियाद उर्फ बबलू का नगर में रतूपुरा मोड़ के निकट चारपाई के बान बनाने वाली पन्नी का गोदाम है। गुरुवार दोपहर अचानक गोदाम में आग लग गई। आग की लपटों के साथ आसमान पर धुंआ छाने से नगर में हड़कंप मच गया। धुएं का गुब्बार देखकर लोग घरों से बाहर निकल आए। गोदाम के आसपास बने घरों से महिला और बच्चे बाहर निकल आए और मौके से दूर चले गए। इसी बीच एक घर में रखा सिलेंडर तेज आवाज के साथ फट गया। जिससे आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अग्निशमन दल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। लेकिन आग हवा के साथ नगर की तरफ बढ़ती जा रही थी। जानकारी पर विधायक नवाबजान खां, चेयरमैन इरफान सैफी, एसडीएम अजय कुमार मिश्र और कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और ठाकुरद्वारा-सुरजननगर, जसपुर मार्ग को रतूपुरा मोड़ और जसुपर मोड़ पर यातायात बंद करवा दिया। जनहानि से बचने के लिए आसपास के घरों को खाली करने की घोषणा कर दी। स्थानीय अग्निशमन दल के आग पर काबू पाने में नाकाम दिखाई देने पर विधायक के साथ अधिकारियों ने मुरादाबाद, कांठ, धामपुर से मदद मांगी। इसके साथ उत्तराखंड अग्निशमन दल के साथ पशुपति एक्रिलोन फैक्टरी, उत्तराखंड के काशीपुर स्थित नैनी पेपर मिल, सूर्या फैक्टरी, सिद्धार्थ पेपर मिलों से फायर ब्रिगेड भेजने की मांग की। नगर पालिका के टैंकरों को भी पानी भरकर लाने पर लगाया गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद दर्जनभर गाड़ियां आग पर काबू कर सकीं। इसके बाद नगरवासियों ने राहत की सांस ली। आग से गोदाम में रखा लाखों रुपये का राख होने के साथ ही नसरुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन का मकान, नईम पुत्र अब्बास, जमील अहमद के मकान समेत आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के सामने महिलाओं ने हंगामा कर कहा कि पहले में भी गोदाम में आग लग चुकी है। इसमें गुलफशा, मुस्कान, रहनुमा, फिरोज, फूलजहां, रिहाना, नाजमा, खलील अहमद आदि थे।


ठाकुरद्वारा-स्योहारा रोड पर गोदाम में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार


आग बुझाते अग्निशमन कर्मी। ● अमृत विचार


मौके पर मौजूद सपा विधायक नवाबजान खां व स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

> त्वरित गति से बचाव कार्य किया गया। जिला मुख्यालय के साथ कांठ समेत पास के अग्निशमन दलों को बुलाकर आग पर नियंत्रण किया। आग के कारणों की जानकारी की जा रही है। अभी तक कोई जनहानि सूचना नहीं है। गोदाम के साथ आसपास के मकानों को क्षति पहुंची है। इसकी जांच कराई जा रही है।
> –अजय कुमार मिश्र, एसडीएम

> घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन से त्वरित बचाव के लिए सूचित किया। पशुपति एक्रिलोन समेत उत्तराखंड की नैनी पेपर मिल, सिद्धार्थ पेपर मिल प्रबंधन से आग्रह कर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।
> –नवाब जान खां, विधायक ठाकुरद्वारा

### गोदाम आबादी के बाहर करें

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील का गांव रामनगर खागूवाला प्लास्टिक की पन्नी के बान बनाने के लिए मशहूर है। ग्रामीणों का मुख्य रोजगार पन्नी के बान बटना है। इसकी वजह से गांव में घर-घर में पन्नी के गोदाम बने हैं। जहां पर बड़े वाहनों में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद समेत देशभर से पन्नी आती है। स्थानीय लोगों ने प्लास्टिक पन्नी गोदामों को आबादी से बाहर करने की मांग की है।

### नगर में धुंए से अटकी रहीं लोगों की सांसें

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गोदाम में आग लगने पर हर तरफ धुंए के गुब्बार उठने लगे। आग की लपटों के साथ धुंए का रुख नगर की आबादी की तरफ था। जिससे नगर वासियों की सांसें भी अटक गईं। आग लगने से ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर भी भगदड़ मच गई। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर मार्ग पर यातायात बंद करवाया। रतूपुरा मोड़ पर बैरिकेडिंग लगाकर नगर की तरफ से वाहनों को रोक दिया गया। दूसरी तरफ जसपुर मोड पर नगर में प्रवेश करने वाले वाहनों को भी रोक दिया गया। वाहनों को नगलिया होकर या फिर रतूपुरा-शरीफनगर होकर गुजारा गया।

### आग लगने के कारण तलाशने में जुटा प्रशासन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गोदाम में गुरुवार को दूसरी बार आग लगी है। इससे पहले 2020 में भी गोदाम में आग लग चुकी है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। चर्चा है कि गोदाम में काम करने वाले मजदूरों ने जलती बीड़ी फेंकने या फिर गोदाम के पास से गुजर रही विद्युत लाइन में फाल्ट होने पर चिंगारी गिरने से प्लास्टिक ने आग पकड़ ली है। एसडीएम अजय मिश्रा ने कहा कि जांच कराई जाएगी।

## एक नजर

### महिला से गालीगलौज और मारपीट, दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला मातावाली वार्ड 21 निवासी खेरुनिशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर पर थी। तभी पड़ोसी अरशद, शकील रजा, फातिमा, मन्तशा ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर हमला कर दिया। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 10 लीटर शराब बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** उप निरीक्षक लईक अहमद, हेड कांस्टेबल गौरव मलिक व कांस्टेबल आशीष कुमार के साथ पट्टी मौढ़ा की तरफ से मौढ़ी हजरतपुर की तरफ जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति मौढ़ी हजरतपुर गांव की तरफ से सफेद प्लास्टिक की कैन पकड़े आता दिखाई दिया। वह पुलिस को देखकर घबरा गया एवं पीछे मुड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोका तो वह नहीं रुका। तभी पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 10 लीटर शराब बरामद हुई। अभियुक्त ने अपना नाम सुरेंद्र कुमार पुत्र हरिकिशन उम्र 28 वर्ष निवासी पट्टी मौढ़ा बताया है। थाना कांठ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायलय भेज दिया है।

### मारपीट के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** रास्ते में रोककर मारपीट के मामले में पुलिस ने छह महीने बाद मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के अकबरपुर चैदरी निवासी रामकिशोर सैनी ने सलीम निवासी अकबरपुर चैदरी, होशराम एवं रघुनाथ निवासी ग्राम घंसूरपुर बवानिया थाना अमरोहा पर रास्ते में कासमपुर के गन्ना सेंटर के पास घेरकर पीड़ित के साथ गाली गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एसडीएम ने गोशाला का किया निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** एसडीएम ने हाजीपुर स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने भूसे, चारे और पानी की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पशुओं के स्वास्थ्य भी देखा। गुरुवार को एसडीएम मणि अरोड़ा हाजीपुर स्थित गोशाला पहुंची। जहां उन्हें हरे चारे की व्यवस्था ठीक मिली। उन्होंने भूसे की व्यवस्था को भी देखा। गोशाला के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गर्मी में पानी के अलावा चारे की व्यवस्था दुरुस्त रखें, पशुओं के बीमार होने की स्थिति में पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचना दें ताकि पशुओं का समय रहते उपचार हो सके। भीषण गर्मी में पशुओं को धूप से बचाने के निर्देश भी दिए। एसडीएम को निरीक्षण के दौरान गोशाला में भूसे व चारे की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में मिली। उन्होंने ग्राम प्रधान व पास के लोगों से भी कहा भूसे व चारे के लिए गोशाला की मदद करते रहें।

### पुजारी को पीटा, रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदाबाद कसौरा में बन रहे ताली धाम मंदिर के पुजारी को रास्ते में रोककर कुछ लोगों ने पीट दिया। इस मामले में दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव अहमदाबाद कसौरा निवासी पप्पू भगत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ताली धाम मंदिर में पुजारी है। सोमवार शाम आठ बजे वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में कमालपुर चंदौरा निवासी अमित पुत्र राजकुमार व सरजीत चौहान ने उसका रास्ता रोका और मारपीट की। पुलिस ने तहरीर पर मारपीट व एससीएसटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।


बैठक में अमीनों को निर्देश देते तहसीलदार। ● अमृत विचार

# लक्ष्य के अनुरूप वसूली करें अमीन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसीलदार ने क्षेत्र के अमीनों के साथ बैठक की और लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के निर्देश दिए। तहसीलदार ने लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

तहसील में हुई बैठक में अमीनों को निर्देश देते हुए तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि सभी अमीन बकायेदारों को चिह्नित कर वसूली करें। हर हाल में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करनी है। सभी अमीन इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें और सुबह से ही अपने क्षेत्र में बड़े बकायेदारों के घरों पर जाकर उनसे संपर्क करके बकाया वसूली करें और रिपोर्ट तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व परिषद जिला तथा मंडल मुख्यालय से राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा की जा रही है, जिसमें कांठ तहसील की स्थिति में अमीनों की वसूली की अच्छी नहीं है। शीघ्रता के साथ बकाया वसूली जमा कर लक्ष्य को पूरा करें। इस अवसर पर यशपाल सिंह, उमेश कुमार, मुन्ना सिंह, भैया राम आदि अन्य अमीन उपस्थित रहे।

# विद्युत कटौती से सूख रही धान की फसल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में धान की फसल सूखने पर किसानों ने नाराजगी जताई।

किसानों ने विद्युत विभाग के जेई निसोरी सिंह व उपखंड अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कमलापुरी फीडर व फरीदनगर फीडर पर एक सप्ताह से बिजली कटौती चल रही है। पांच घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। फरीदनगर फीडर पर रामूवाला गणेश के सरकारी ट्यूबवेल पर तीन घंटे आपूर्ति की जा रही है। इससे गन्ना, धान और चारे की फसल सूख रही है। प्रीतम सिंह ने उपखंड अधिकारी ठाकुरद्वारा उमाशंकर सक्सेना को किसानों की समस्याएं बताईं और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे तथा नलकूपों पर 12 घंटे बिना कटौती के विद्युत आपूर्ति की जाए। इस दौरान सरदार बलदेव सिंह, कुलदीप कुमार, हरकेश सिंह, कृपाल सिंह, महेंद्र सिंह, सरदार जसवंत सिंह, ओमकार सिंह, रमेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह मौजूद रहे।


चामुंडा मंदिर में निर्माण कार्य शुरू कराते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी।

# मंदिर की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर निर्माण शुरू कराया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चामुंडा मंदिर लालपुर गोसाई में पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंदिर के चारों ओर दीवार का निर्माण शुरू कराया।

लंबे समय से चामुंडा मंदिर की खाली भूमि पर किसान खेती कर रहे थे। इस संबंध में कई बार अतिक्रमणकारियों से मंदिर की भूमि छोड़ने के लिए कहा गया। कई बार भूमि की पैमाइश भी कराई गई, लेकिन इसका भी कोई परिणाम नहीं निकला। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन द्वारा चिह्नित भूमि पर कब्जा करने वालों को समझाकर कब्जा हटवाया और निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान निक्की उर्फ निपेन्द्र सिंह ने भी सहयोग किया। इसमें प्रखंड संयोजक नीरज शादरेवाल, जिला धर्म प्रसार परियोजना प्रमुख भवानी राजपूत, जिला सत्संग प्रमुख पंकज, जिला निधि प्रमुख देवेंद्र रहे ।

## सार-संक्षेप

### दो लाख रुपये न मिलने पर महिला को घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर प्रताड़ित करने व मारपीट की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मुनीमपुर निवासी रश्मि ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी एक वर्ष पहले महेंद्र सिंह पुत्र मदनपाल सिंह के साथ हुई थी। विवाहिता का कहना है कि पति महेंद्र, ससुर मदनपाल, सास जगवती, जेठानी बेबी पत्नी दीपक, चचिया ससुर हरस्वरूप दहेज से खुश नहीं थे और दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। महिला का आरोप है कि 10 जून को सभी लोग एक राय होकर उसके पास आए और दो लाख रुपये लाने की बात कहने लगे। मना करने पर उसे पीटा। 11 जून को उसकी मां आई तो उसे व मां को घर से निकाल दिया कि जब तक दो लाख रुपये नहीं लाएगी घर में नहीं रहेगी। जिस पर पुलिस ने ससुरालजनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में बालिका सहित दो घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अलग-अलग दुर्घटनाओं में बालिका सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर घायलों के परिजन उन्हें उत्तराखंड के निजी चिकित्सालय ले गए। जनपद गाजियाबाद क्षेत्र के गांव बिसौली निवासी ललित मोहन कार से उत्तराखंड के नैनीताल व रामनगर घूम कर लौट रहे थे । गुरुवार तड़के साढे.तीन बजे ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर उनकी कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में कार में बैठी उनकी 12 वर्षीय बेटी रश्मि घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग पर फैजुल्लागंज के निकट एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को उसने बताया कि उसकी ससुराल दलपतपुर में है। जिस पर ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और रामपुर के थाना टांडा के गांव चौखंडी निवासी इस्लाम पुत्र मोहम्मद असलम को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उसके हादसे में घायल होने का पता नहीं चल सका है।


मदरसे में बच्चों को संबोधित करते मौलाना एहसान अत्तारी। ● अमृत विचार

### देश की तरक्की का जरिया बनें : मौलाना अहसान

**कुन्दरकी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित मदरसा फैजान ए रजा में दावते इस्लामी इंडिया के निगराने हिन्द मुशाबरत मौलाना अहसान अत्तारी ने मदरसे के छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अगर आप अपनी जिंदगी का मकसद बना लें और मेहनत करें तो फिर कामयाबी आपके कदम चूमेगी और एक कामयाब इंसान बनकर देश की तरक्की का जरिया बनें। इस अवसर पर कारी मुहम्मद रफी अत्तारी, इस्लाम अत्तारी, अबुबकर अत्तारी, मुजक्किर रजा, इमरान अत्तारी, गुलाम नबी अत्तारी, भूरे अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### सर्वर डाउन होने से नहीं बंटा राशन, लोग परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** सर्वर डाउन होने से नगर के राशन डीलर और राशन कार्ड धारक परेशान रहे।

खाद्यान्न का वितरण पारदर्शिता के साथ करने के लिए ई वेइंग मशीन से इलेक्ट्रॉनिक कांटे अटैच कर दिए हैं। परंतु लखनऊ से सर्वर डाउन होने के कारण राशन डीलर की मशीनों में नेटवर्क नहीं आ रहा है। नगर में राशन डीलर की दुकानों पर खाद्यान्न लेने के लिए सुबह से ही कतार लग जाती है परंतु सर्वर डाउन होने के कारण मशीन नहीं चलती और राशन कार्ड धारक वापस अपने घरों को लौट जाते हैं। क्षेत्र के राशन कार्ड धारक राम सिंह, रतन सिंह, अमीर सिंह, हरपाल सिंह, सतबीर सिंह आदि ने सर्वर की व्यवस्था में सुधार की मांग की है। जिससे राशन कार्ड धारकों को आसानी से खाद्यान्न मिल सके।

# पुराने स्टैंड पर चालक बस न रोकें

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** कांठ-मुरादाबाद हाईवे पर जाम से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए नायब तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ पुराने रोडवेज बस अड्डे पर बसों का ठहराव नहीं होने दिया। ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों को भी पुराने रोडवेज पर वाहन खड़ा न करने की चेतावनी दी।

लगभग चार वर्ष पहले करोड़ों रुपये से तहसील के निकट नये रोडवेज का निर्माण किया गया था। जब से नये रोडवेज का निर्माण हुआ है, तभी से रोडवेज बसों के चालक न तो नए रोडवेज बस स्टैंड पर बसें रोकते हैं और यात्री भी नए स्टैंड पर पहुंचना पसंद नहीं करते क्योंकि पुराने रोडवेज से नया रोडवेज एक किलोमीटर दूर है। हालांकि, यहां बारिश और गर्मी से यात्रियों को बचाने के लिए टिन शेड नहीं है। वहीं, पुराने रोडवेज पर दोनों और बसें खड़ी होने एवं ऑटो तथा ई-रिक्शा के जमावड़े से जाम लगना आम बात है। बुधवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इस समस्या के समाधान के लिए सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता, तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायक तहसीलदार पीयूष कुमार एवं योगेश कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह, ईओ प्रियंका चौधरी एवं परिवहन निगम के अधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया था कि पुराने रोडवेज पर बसें नहीं रुकने दी जाएं और ई-रिक्शा एवं ऑटो चालक नये रोडवेज से ही सवारियों को बैठाएंगे।

गुरुवार को नायब तहसीलदार पीयूष कुमार एवं योगेश कुमार पुलिस बल के साथ सुबह 10 बजे पुराने रोडवेज पर जा पहुंचे। उन्होंने शाम तक मौजूद रहकर परिवहन निगम की बसें नहीं रुकने दीं और इस संबंध में ई-रिक्शा चालकों व ऑटो चालकों को पुराने रोडवेज पर जमावड़ा नहीं करने की सख्त हिदायत दी। नायब तहसीलदार पीयूष कुमार ने बताया कि रोडवेज चालकों के अनदेखी करने पर कार्रवाई की जाएगी।


बस के चालक को हिदायत देते अधिकारी। ● अमृत विचार

### कुर्बानी का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाने में शांति समिति की बैठक में ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई। वहीं, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई।

थाना में गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंदर सिंह की अध्यक्षता में ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने को कहा। कहा कुर्बानी खुले में न करें, खून नालियों में नहीं बहने दें। अवशषों और खून को गड्ढे में दबाया जाए। इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने लोगों से अवशेषों को गड्ढे में दबाने एवं सफाई का ध्यान रखना और अफवाह पर ध्यान न देने को कहा। उन्होंने कुर्बानी का सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड नहीं करने की हिदायत भी दी।

## आयोजन

### कृष्ण के जन्म की कथा सुन श्रद्धालु मंत्र मुग्ध, कांठ में एसडीएम ने भी सुनी कथा

# आकाशवाणी सुन कंस ने देवकी-वासुदेव को कारागार में बंद किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** फैजुल्लागंज में खोकर तालाब पर स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पंडित बलराम कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। कथा सुन रहे श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कथा वाचक ने कहा कि कंस की चचेरी बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ होता है। जिस समय कंस बहन को विदा करता है, उसी समय आकाशवाणी होती है कि जिस बहन को तुम खुशी से विदा कर रहे हो। उसी की संतान तेरा काल होगी। इससे क्रोधित कंस बहन की हत्या करने के लिए तलवार निकाल लेता है, इसी दौरान वासुदेव वचन देते हैं कि देवकी की संतानों को उन्हें सौंप देंगे। तब कंस देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल देते हैं। यह देख भगवान विष्णु देवकी की आठवीं संतान होने से पहले कारागार के बाहर खड़े पहरेदारों को बेहोश कर देते हैं। वर्षा के दौरान कृष्ण का जन्म होता है। इसके बाद वासुदेव कृष्ण को यमुना पार कर बाबा नंद और यशोदा की गोद में कृष्ण को लेटा देते हैं और यशोदा के यहां जन्मी कन्या को मथुरा में देवकी की गोद में पहुंचा देते हैं। सवेरे कंस कन्या का वध करने के लिए तलवार म्यान से निकालता है, उसी दौरान कन्या आसमान में उछल जाती है और आकाशवाणी करती है कि कंस तेरा काल वृंदावन में जन्म ले चुका है। कार्यक्रम में बाबा दिनेश गिरी महाराज, विनित शर्मा, अशोक कुमार, राम सिंह, रविंद्र कुमार राणा, मेघनाथ सिंह, संजय सिंह, अवधेश कुमार, प्रेम सिंह, नरेशचौहान, महेंद्र सिंह, विमला देवी, कमला देवी, सविता देवी रहे।


शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


कथा में मौजूद एसडीएम कांठ व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कथा में एसडीएम का किया सम्मान

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम नसीरपुर में निर्माणाधीन चामुंडा माता के स्थान पर चल रही देवी भागवत के समापन पर एसडीएम को सम्मानित किया गया। हिन्दू फ्रीडम फंड के संस्थापक पंडित प्रिंस शर्मा द्वारा ग्राम नसीरपुर में निर्माणाधीन चामुंडा माता के स्थान पर चल रही देवी भागवत के समापन पर एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कथा सुनी व कथा व्यास को माला पहनाकर सम्मान किया। एसडीएम ने ग्रामीणों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान कराते रहना चाहिए। ग्राम प्रधान राजबीर सिंह, मुकुल वशिष्ठ, रजत शर्मा, सोनू जाटव, जीतेन्द्र सैनी, सोनू यादव, संजय सैनी, गैदा सिंह, बिरमी जाटव उस्थित रहे।

# भाकियू ने की बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भाकियू टिकैत ने तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय में तीन चीनी मिल के अधिकारियों से वार्ता की।

भाकियू एवं चीनी मिलों के अधिकारियों की बैठक गन्ना विभाग के अधिकारियों की मध्यस्थता में सहकारी गन्ना समिति कांठ में हुई। जिसमें 30 मई को दिए ज्ञापन के सातों बिंदुओं के संदर्भ में भाकियू तथा गन्ना विभाग के अधिकारियों, चीनी मिलों के अधिकारियों में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इस अवसर पर भाकियू के पदाधिकारियों ने छोटे क्रय केंद्रों की क्षमता बढ़ाने के संबंध में त्रिवेणी चीनी मिल के दो केंद्र, दीवान मिल के पांच क्रय केंद्र, अवध मिल के 10 क्रय केंद्रों के प्लेटफार्म बड़े करने की मांग की गई और किसानों का रुका हुआ बकाया गन्ना मूल्य भुगतान सहकारी गन्ना समिति से दिलाने की मांग रखी। इस अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, सियाराम सिंह, राम कला गुर्जर, सलीम गाजी, भविष्य विश्नोई, प्रिंस चौधरी, राहुल चौधरी, महेश ठाकुर, धर्मपाल सैनी, उदयराज सिंह, चौधरी सतबीर सिंह मान, बलराज सिंह, विशाल, राजू, हैप्पी, अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी आदि भाकियू के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं चीनी मिलों के अधिकारी, गन्ना समिति के सचिव मुकेश सक्सेना एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


चीनी मिलों के अधिकारियों से वार्ता करते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी, कई पदाधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

# शून्य सीट पर सिमटी बसपा को गिरते वोट प्रतिशत की चिंता

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटी बसपा को गिरते मत प्रतिशत ने चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में मिले मतों का आंकड़ा बता रहा है कि बसपा का कोर वोटर भी उससे छटककर इंडी गठबंधन के पाले में चला गया।

करारी हार और गिरते वोट प्रतिशत पर पार्टी में समीक्षा का दौर जारी है, संगठन के पदाधिकारी कारण गिना रहें हैं। सूत्रों का कहना है इस मुद्दे पर मायावती बहुत गंभीर हैं और संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी चल रही है। 23 जून के बाद कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है, पार्टी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, हालांकि तब पार्टी को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। तब वोट प्रतिशत तो गिरा लेकिन, सीटों की संख्या शून्य से 10 पहुंच गई।

2019 में बसपा को 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे। तब पार्टी में घटे मत प्रतिशत पर चर्चा नहीं हुई थी। गठबंधन के दौर में बसपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरी। लेकिन, 18वीं लोकसभा चुनाव में उसे केवल 9.43 प्रतिशत मत ही मिले। सीट तो एक भी नहीं मिल पाई। मतों में करीब 10.04 फीसदी की कमी बसपा प्रमुख मायावती के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके लिए आंतरिक रूप से मंडलवार, विधानसभा क्षेत्रवार और ब्लॉक स्तर पर कोर मतदाताओं से संवाद प्रबंधन कार्य की समीक्षा की जा रही है।

#### इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा

इस चुनाव में सबसे ज्यादा लाभ इंडी गठबंधन को हुआ है। इस चुनाव में सपा की तो पौ बारह हो गई। सपा ने वर्ष 2019 में 18.11 फीसद मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2024 के चुनाव में 33.59 प्रतिशत मत प्राप्त कर वह सीटों के लिहाज से राज्य की सबसे बड़ी और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी 6.36 प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी कर ली। प्रदेश में कांग्रेस का मत प्रतिशत 9.46 प्रतिशत और सीटों की संख्या छह पहुंच गई। अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि पीडीए फार्मूले पर चुनाव लड़ने वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के कोर मतदाता ने ज्यादा विश्वास किया।

#### गठबंधन से बसपा को होता है फायदा

इस चुनाव में गठबंधन न करना मायावती का निर्णय पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। सपा के साथ वर्ष 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जीतीं थी। गठबंधन न होने से इनमें से ज्यादातर सीटें इंडी गठबंधन के पास चली गईं और अन्य सीटों पर दूसरे दलों में बाजी मार ली। बसपा से छिनने वाली सीटों में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर में सपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। सपा के समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी ने सहारनपुर सीट झटक ली। अकेले चुनाव लड़ी बसपा बिजनौर सीट भी नहीं बचा सकी। यह सीट रालोद ने जीत ली है। नगीना सीट पर बसपा के कोर मतदाताओं पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर ने जीत दर्ज की।

> लोकसभा चुनाव की जीत विपक्षी दलों के लिए स्थायी नहीं, एक्सीडेंटल है। भाजपा को हराने के नाम पर राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को बरगलाने का काम किया है। इस मुद्दे पर पार्टी गंभीर चिंतन कर रही है और नई रणनीति के तहत 2027 का चुनाव बसपा जीतेगी।
>
> –विश्वनाथ पाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बसपा



#### फैक्ट फाइल

बसपा को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में

19.43 प्रतिशत वोट मिले थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

9.43 प्रतिशत मत मिले 2024 के लोकसभा चुनाव में

# खुर्जा व बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आवास विभाग की लंबित महायोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते मुख्यमंत्री व अन्य।

**अमृत विचार :** खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर नया प्राधिकरण गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और सुनियोजित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा और बुलंदशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जिले बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने व उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना जरूरी है, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित किये जायं। नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो।

- **मुरादाबाद, खुर्जा व बुलंदशहर के सुनियोजित विकास को मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार**

#### मुरादाबाद में हटाया जाय अतिक्रमण

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है। ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जिलों में भी देखी जा सकती है। अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की कार्रवाई हो रही है। अवैध बसावट को हटाकर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्रवाई की जाय। यह सुनिश्चित कराएं कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो।

# फिर टूटा रिकार्ड, बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची

### ओबरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, स्थानीय खराबी से परेशानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकार्ड फिर टूट गया। गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मांग के 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, ओबरा बिजलीघर की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन इकाइयों में बिजली संकट बढ़ गया। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली की मांग पूरी की गई।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की 660 मेगावाट व दो सौ मेगावाट की एक-एक इकाई ठप हो गई, जबकि पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की बंद चल रही इकाई चालू नहीं हो सकी। ओबरा की दो सौ मेगावाट की इकाई के गुरुवार की देर रात तक व बाकी इकाइयों के 14 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया। गुरुवार को अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकार्ड बनाया।

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण बिजली मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बिजली कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकार्ड भी बन रहे हैं। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में उदासीनता बरते जाने पर मुरादाबाद जोन के संभल में तैनात अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूट प्रविष्टि देने के निर्देश दिये हैं। मुरादाबाद जोन की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने बिलिंग व राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

अध्यक्ष ने कहा कि सिस्टम की क्षमता के कारण कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही है। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में बिजली कर्मी कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं।

#### कुछ समय का कीर्तिमान, बाकी समय बदहाली: वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन बिजली आपूर्ति का रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है, पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली संकट के दौरान गर्मी में पसीना बहाते बीत रहा है। उन्होंने कहा कि बीती रात 10 बजे से रात 11 बजे के बीच केवल 35 मिनट के लिए 30 हजार मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग रही। उन्होंने कहा कि 'ब्रेकडाउन' को जोड़ लिया जाय तो बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट के ऊपर जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न बिजली संकट दूर कर लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने की मांग की।

## बिजली दरों पर कॉरपोरेशन ने पेश नहीं किया प्रस्ताव

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर इस बार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता श्रेणीवार विस्तृत प्रस्ताव पेश नहीं किया। कॉरपोरेशन ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता का उल्लेख करते हुए आयोग से स्वतः दरों के निर्धारण की मांग की है। आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन समेत प्रदेश की बिजली कंपनियों ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता से संबंधित आंकडे समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये, पर बिजली दरों में न तो बढोतरी का और न ही कमी का कोई उल्लेख किया गया। बिजली कंपनियों ने आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर बिजली लागत व खर्च के बीच अंतर को देखते हुए बिजली दर पर स्वतः उचित फैसला लेने की मांग की। इस बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन चोर दरवाजे से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, पर किसी तरह दरों में बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी।

## मायावती के खिलाफ टिप्पणी में कमाल आर खान पर रिपोर्ट

**सहारनपुर, एजेंसी :** बसपा की अध्यक्ष मायावती को लेकर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में फिल्म अभिनेता कमाल राशिद खान उर्फ केआरके के खिलाफ देवबंद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कमाल खान मूल रूप से सहारनपुर जिले में थाना देवबंद के अंतर्गत ग्राम फुलास अकबरपुर के निवासी हैं।



उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कथित अभद्र टिप्पणी की थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि उनके ऊपर यह रिपोर्ट बसपा नेता एवं पार्टी के देवबंद विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार ने दर्ज कराई है। कमाल आर खान की इस टिप्पणी के बाद बसपा सुप्रीमो के आदेश पर उनके भाई और सहारनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रहे माजिद अली को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। सुशील कुमार द्वारा थाने में दी गई तहरीर में कहा गया कि बसपा प्रमुख पर की गयी टिप्पणी से बहुजन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं । तहरीर में कहा गया कि दलित समाज बहन जी का दिल से सम्मान और आदर करता है, लेकिन कमाल राशिद खान ने एक्स पर बहन जी पर अभद्र टिप्पणी कर दलित समाज को अपमानित किया है।

## चार महीने से अनशन कर रहे व्यक्ति की मौत

**मथुरा, एजेंसी :** मथुरा में ग्रामीण विकास के कार्यों से जुड़े मामलों में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ चार महीने से अनशन कर रहे बुजुर्ग सामाजिक कार्यकर्ता की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन उनकी (बुजुर्ग) शिकायतों पर कार्रवाई करने के स्थान पर उन्हें ही अनशन समाप्त करने के लिए दबाव बना रहा था। मंगलवार को उनकी तबीयत बिगड़ गयी और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। 66 वर्ष के देवकीनन्दन शर्मा12 फरवरी को अपने घर में बने मंदिर के बाहर अनशन पर बैठ गए।

## सार-संक्षेप

### असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस करें रद: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हरदोई के एक कथित पत्रकार को आपराधिक मुकदमे में कोई भी राहत देने से इंकार करते हुए कहा है कि असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस रद किए जाएं। न्यायालय ने कहा कि सरकार के पास ऐसी मशीनरी है जो इन गतिविधियों पर रोक लगा सकती है। इसके पूर्व राज्य सरकार की ओर से इसके अपर महाधिवक्ता व शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि पूरे प्रदेश में एक गिरोह सक्रिय है जो आम लोगों को ब्लैकमेल कर के पैसे ऐंठने जैसे असामाजिक गतिविधियों में शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने हरदोई जनपद में एक अखबार के पत्रकार पुनीत मिश्रा व अखबार के डिस्ट्रीब्यूटर प्रदीश वैश की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में दोनों ने वसूली, एससी-एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में दाखिल आरोप पत्र व तलबी आदेश को चुनौती दी थी।

### मथुरा में 22 कछुए बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी :** जनपद में पुलिस एवं वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कछुआ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से इण्डियन फ्लैपशैल प्रजाति के 22 कछुए बरामद किये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि कछुआ तस्कर चांद खान को गिरफ्तार किया। उसके साथ मौजूद एक अन्य तस्कर कन्नू भाग गया जिसकी तलाश की जा रही है। चांद खान के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सरकारी और निजी वाहनों से तत्काल हूटर हटाने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी व निजी वाहनों से हूटर तत्काल हटाये जायं। वीआईपी फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजना चाहिए, अन्य किसी वाहन में नहीं। उन्होंने कहा कि इसे स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि अगर कहीं से भी प्रेशर हॉर्न या हूटर बजने की सूचना मिली तो संबंधित थाने पर कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आगामी त्योहारों के संबंध में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीआईपी कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसलिए प्राथमिकता के साथ इस पर कार्रवाई जरूरी है।

# राजद्रोह खत्म पर चेन स्नेचिंग के लिए होगा सख्त कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एक जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे नए आपराधिक कानून**

**अमृत विचार :** भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर देने वाले नए कानून एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। सर्वाधिक आबादी के नाते उप्र. में आपराधिक मुकदमों की संख्या भी सर्वाधिक है। स्वाभाविक रूप से इसका सबसे ज्यादा फायदा भी उप्र. को मिलेगा। नए क्रिमिनल जस्टिस में जहां राजद्रोह का कानून खत्म कर दिया गया है। पर भारतीय संप्रभुता का किसी भी तरह विरोध करने वालों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं से चेन स्नैचिंग और मोबाइल छीनैती जैसी घटनाओं के लिए कानून अब सख्त होगा।

आतंकवाद जो देश की प्रमुख समस्याओं में से एक है उसे पहली बार साफ तौर पर परिभाषित करते हुए दंड की व्यवस्था की गई है। इसी तरह संगठित अपराध और मॉब लीचिंग को पहली बार परभाषित किया गया है।

#### फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे

सात साल से अधिक उम्र के अपराध में फोरेंसिक जांच जरूरी होगी। गंभीर मामलों की विवेचना एसीपी व डीएसपी से कराई जा सकेगी। पोक्सो की विवेचना 2 महीने में पूरी करनी होगी। 3 साल से कम सजा वाले अपराध में गिरफ्तारी के लिए एसीपी से अनुमति लेनी होगी। फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे। साथ ही, डॉक्टर, पुलिस व अन्य गवाहों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही हो सकेगी।

## वर्ग पहेली-100

**बाएं से दाएं**

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



### वर्ग पहेली -99 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जी | | | | | 2 अ | |
| वि | | 3 द | 4 ब | का | ना | |
| त | | | ग | | ड़ी | |
| | 5 ब | 6 त | र | स | | 7 ख |
| 8 झ | ड़ | क | ना | | 9 मो | न |
| | | री | | | | ख |
| 10 ऐ | ल | ब | म | | 11 था | ना |

## सुडोकू-13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| | 4 | | 7 | | | | 3 | |
| 1 | | | 2 | 6 | 4 | | | 7 |
| 4 | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 2 | 1 |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | 9 |
| | 3 | | | | 2 | | 5 | |
| 2 | | 8 | | | 6 | | 7 | |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**वृष:** आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

**कर्क:** आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई-बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह:** आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

**कन्या:** आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

**तुला:** आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु:** आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

**मीन:** आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति
सुबह : 10.46
मजाल
रात : 07.00

&pictures
रोड साइड राउडी
सुबह : 11.31
वेलकम बैक
शाम : 05.13

SONY PIX
द डार्क नाईट राइसेस
सुबह : 10.44
रैमपेज
रात : 09.00

ZEE CINEMA
गुमनाम
सुबह : 09.30
आरआरआर
रात : 08.00

colors CINEPLEX
महा चोर
सुबह : 08.35
जुग जुग जियो
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सऐप पर चिपकाती है।



## सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी



अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

## अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

फ्लोरिडा, एजेंसी



घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है तो अर्शदीप को मिले तरजीह : कुंबले

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व स्पिनर बोले-मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सिराज से आगे हैं अर्शदीप
- विविधता मुहैया कराते हैं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह



पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए।

अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के पहली पसंद के गेंदबाज है और कुंबले का मानना है कि इस विभाग में अर्शदीप और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए। कुंबले ने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में गेंदबाजी की और उसके पास टी-20 क्रिकेट के लिए जिस तरह की विविधता है उससे लगता है कि वह निश्चित रूप से उसे मोहम्मद सिराज से आगे है। अगर भारत दो तेज गेंदबाजों और हार्दिक पंड्या के साथ जाने का विकल्प अपनाता है तो अर्शदीप विविधता भी मुहैया कराएंगे। अर्शदीप ने अब तक टी-20 विश्व कप के तीनों मैचों में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6.2 की इकॉनमी और 10.28 के स्ट्राइक रेट से सात विकेट लिए हैं। इसकी तुलना में सिराज ने तीन मैचों में 66 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ एक विकेट लिया है।

## खेल डायरी

### विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दो चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

**मैसुरु।** एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

### भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

### भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

**मुंबई।** दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरु होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

# जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

## 13 रन से हारने के बाद ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर पहुंची न्यूजीलैंड, आगे की राह कठिन



**68** रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

टरूबा, एजेंसी

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम | 9 | 12 | 0/1 |
| जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट | 0 | 5 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 17 | 12 | 3/0 |
| रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन | 0 | 3 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 1 | 5 | 0/0 |
| शरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 68 | 39 | 2/6 |
| अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर | 15 | 17 | 0/1 |
| आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट | 14 | 7 | 2/1 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन | 13 | 13 | 0/1 |
| अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट | 6 | 6 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 6 रन, **गेंदबाजी :** बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

| न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन | 5 | 8 | 0/0 |
| फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ | 26 | 23 | 3/1 |
| रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी | 10 | 13 | 0/0 |
| केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी | 1 | 2 | 0/0 |
| डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी | 12 | 13 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ | 40 | 33 | 3/2 |
| जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ | 10 | 11 | 0/1 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 21 | 12 | 0/3 |
| टिम साउदी कैच आउट जोसेफ | 0 | 1 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल | 7 | 4 | 0/1 |
| लॉकी फर्ग्युसन नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 4 रन, **गेंदबाज :** अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

## प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में

सिडनी, एजेंसी

**ऑस्ट्रेलिया ओपन**



भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

## ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- 100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल
- टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई दिग्गज टीमें

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा। स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

## विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल



**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

## ओलंपिक कोटा देश का होता है, खिलाड़ी का नहीं : बिंद्रा

मुंबई, एजेंसी



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है। बिंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा देखिए चयन के लिए एक उचित प्रक्रिया तैयार की गई है और उन्होंने भी उसका पालन किया है।

## मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी



**अटलांटा।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

● ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई



भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

# द.अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है। फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाजुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से हैं, जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा डब्ल्यूएचओ के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए भर्ती होने की आवश्यकता होती है।

# जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह

### कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

### कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।




जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

### रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुनः शामिल नहीं किया जा रहा है।

### भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

### जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## एक नजर

### रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

### हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

### लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

### ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

# यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

## जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

● इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो

● जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस




जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

### शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

### हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

# यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

**ओटावा।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर हुआ मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

● सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर हुई कार्रवाई



अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रेंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की पहली परीक्षा है।

# एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप



स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# चीन में पढ़ने वाले छात्रों के एफएक्यू जारी किए गए

बीजिंग, एजेंसी

● साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं

भारतीय दूतावास ने चीन में अध्ययन कर रहे भारतीयों के लिए अपनी वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) प्रकाशित किए हैं ताकि उन्हें चीनी कॉलेजों से प्राप्त दस्तावेजों व डिग्रियों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा सके। साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं, ऐसे में चीनी कॉलेजों से प्राप्त डिग्री के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण से संबंधित कई प्रश्न बुधवार को प्रकाशित किए गए हैं।

एफएक्यू में इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए दूतावास और शंघाई व गुआंगजू में भारतीय वाणिज्य दूतावासों द्वारा ली जाने वाली फीस, त्वरित आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन में लगने वाला समय, भारत में स्वीकृति के लिए दूतावास से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता, भारत में विभिन्न चिकित्सा परिषदों द्वारा दूतावास को भेजे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और वाणिज्य दूत नितिनजीत सिंह ने छात्रों से अनुभव जाने।

# नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

● गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

### गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

# आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

● आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि आईएसआई के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है।

### तोड़फोड़ के मामले में इमरान खान बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया था।

## बॉलीवुड हलचल

### आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात ‹bha›@‹/bha›आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

### करण की किल का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

### आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

**मुंबई, एजेंसी।** देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ' 'यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

## खगोल विज्ञान — नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

# सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

### एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

**नैनीताल :** नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।



सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।